फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 74 संख्याः 182 प्रभात जयपुर, शुक्रवार 2 फरवरी, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

**Anarkali's night with the *Sultan***

After that decisive defeat, Timur took Bayezid's wife, Despina Hatun as hostage and humiliated 'Ottoman dynasty' this way. Therefore, it was forbidden for any *Sultan* to get married.

**Why Is It Hard To Lose Weight In Winter**






# आगामी राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस 9 सीटों पर जीत सकती है

## राजस्थान में तीन में से एक सीट पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित सी लगती है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। राज्यसभा चुनाव के दौर में नेता उच्च सदन में सीट के लिए लाइन लगाए खड़े हैं।

प्रियंका गांधी हिमाचल प्रदेश से सीट पाने की कोशिश में हैं और इसके लिए स्थानीय नेताओं के साथ लॉबीइंग कर रही हैं।

लेकिन सूत्रों का कहना है कि राहुल प्रियंका गांधी को संसद में लाने के इच्छुक नहीं हैं।

इस बात की संभावना नहीं है कि वे संसद में आने के लिए लोकसभा चुनाव लड़ेंगी।

- **इस सीट पर अलवर के भंवर जीतेन्द्र सिंह ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है, पर जाने-माने अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भी लड़ने की इच्छा दिखाई है।**
- **प्रियंका गांधी हिमाचल से राज्यसभा का सदस्य बनना चाहती हैं, पर चर्चाओं के अनुसार राहुल गांधी उन्हें सांसद के रूप में नहीं देखना चाहते, शायद इसीलिये, रायबरेली से लोकसभा का चुनाव न लड़ें।**

सूत्रों का कहना है कि सोनिया गांधी अपनी सीट रायबरेली से दोबारा चुनाव लडेंगी, जहां से वे वर्तमान सांसद हैं। लेकिन जब किसी ने कहा कि, वे लम्बे समय से रायबरेली नहीं गईं हैं तो सोनिया ने कहा कि रायबरेली की जनता उनसे प्यार करती है तथा वे रायबरेली की जनता से प्यार करती हैं।

इस बार के चुनाव में कांग्रेस 9 सीटे जीतने की स्थिति में है। कर्नाटक से तीन, तेलंगाना से 2, मध्यप्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र से एक-एक सीट कांग्रेस को मिलेगी।

राजस्थान से राज्यसभा सीट के लिए भंवर जितेन्द्र सिंह और अभिषेक मनु सिंघवी लाइन में हैं।

राहुल गांधी चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा वरिष्ठ नेता व सांसद लोकसभा चुनाव लड़ें पर अधिकांश को इसमें रुचि नहीं है क्योंकि पार्टी के जीतने की संभावना नगण्य है।

दिग्विजय सिंह पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वे लोकसभा चुनाव लड़ना नहीं चाहते हैं।

# रक्षा बजट में भारी वृद्धि

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। वित्त मंत्री, निर्मला सीतारमण द्वारा अगले वित्त वर्ष के लिए पेश, अंतरिम बजट में, रक्षा बजट में 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। गत वर्ष बजट में रक्षा क्षेत्र को 5.94 लाख करोड़ रु. आवंटित किए गए थे, जिसे बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रु. कर दिया गया है।

यह मोदी सरकार के आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है, क्योंकि, यह

- **अंतरिम बजट में रक्षा बजट में 3.4 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की गयी है, गत वर्ष की तुलना में।**

मतदाताओं पर, पी.एम. किसान जैसी प्रमुख (फ्लैगशिप) कल्याण योजनाओं पर, बजट पूंजी की मुफ्त उपहार के रुप में, बौछार करने से बचता है। वित्त मंत्री ने रणनीतिक रुप से "लखपति दीदी" योजना के साथ महिला मतदाताओं को लक्षित किया है और आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को स्वास्थ्य कवर प्रदान किया है।

बजट में, शहरी मध्यम वर्ग के लिए, एक आवास योजना शामिल है

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# 'दो भारत, साथ-साथ रह रहे हैं अपने देश में'

## रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर ने शुद्ध व सरल हिन्दी में जे.एल.एफ. में बोलते हुए कहा कि, वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि, ये दोनों भारत बिना आपस में संघर्ष किये सामंजस्य से जियें

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। विश्व स्तर पर सम्मानित अर्थशास्त्री रघुराम राजन, जो भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर भी रहे हैं, ने, "एक दूसरे के बगल में रह रहे दो विशिष्ट रुप से भिन्न भारतों" पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि, भारत के सामने चुनौती इन दो भारतों के बीच सद्भाव और तालमेल लाने की है- एक वो भारत जो चीन से भी अधिक तेजी से बढ़ रहा है, और दूसरा जो बहुत पीछे है, जिसमें लोग मुफ्त का अनाज लेने को बाध्य हैं क्योंकि, उनके पास खाना खरीदने के लिए पैसा नहीं है।

गुरुवार को जयपुर में पांच दिवसीय, जयपुर लिटरेचर फैस्टिवल के उद्घाटन दिवस पर एक पैनल को सम्बोधित करते हुए आर.बीआई. के पूर्व गनर्वर, जिन्होंने पैन्सिलवेनिया स्टेट युनिवर्सिटी में असिस्टैंट प्रोफेसर रोहिया लांबा के साथ, एक किताब लिखी है, ने कहा कि, सबसे तेजी से बढ़ रहे भारत को दूसरे भारत को भी ऊपर उठाना चाहिए और इसके लिए सही वातावरण पैदा करने के लिए सरकार को उचित नीतिगत पहल करनी चाहिए।

उन्होंने कहा, "दूसरे भारत को स्वयं अपनी मदद करनी चाहिए। विकास का सर्वोत्तम स्वरुप मुफ्तखोरी नहीं है, बल्कि एक अच्छी नौकरी है।

- **एक भारत वो है जिसकी ग्रोथ रेट पड़ोसी देश चीन की ग्रोथ को मात दे रही है। दूसरा भारत वह है जो काफी पीछे छूटा हुआ है तथा जहां जनता को "फ्री" (मुफ्त) अनाज पर निर्भर रहना पड़ता है, क्योंकि उनके पास पैसा नहीं है, अनाज खरीदने के लिये भी।**

चुनौती यह है कि, गरीब लोगों को और अधिक अच्छी नौकरियाँ कैसे दिलाई जाएं।" उन्होंने कहा, "हर घर में एक

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# विपक्ष ने बजट को "निराशा" व चिंताजनक बताया

## पायलट ने जे.एल.एफ. में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि, बजट भाषण एक राजनीतिक वक्तव्य था तथा इसका किसान युवाओं से कुछ लेन-देन नहीं

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। विपक्ष ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा प्रस्तुत 2024 के केन्द्रीय बजट की कहीं आलोचना की और बजट घाटे पर चिंता जताई। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने वित्त मंत्री के बजट भाषण के बीच में ही मीडिया से बात कर बजट घाटे को चिंताजनक बताया। उन्होने कहा कि "बढ़ता हुआ बजट घाटा" चिंताजनक है क्योंकि वित्तमंत्री ने जो आंकडे पेश किए हैं उससे स्पष्ट है कि 18 लाख करोड़ का बजट घाटा है और यह आंकड़ा बढ़ता ही जाएगा।

छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी महासचिव सचिन पायलट ने जयपुर लिटरेचर फौस्टिवल के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह अंतरिम बजट था। बजट राजनैतिक था जिसमें आम आदमी को कोई राहत नहीं मिली

- **मनीष तिवाड़ी के अनुसार बजट में "फिस्कल डैफिसिट" बहुत चिंताजनक है। अठारह लाख करोड़ रूपये की फंडिंग कैसे होगी इसका बजट में कोई उल्लेख नहीं है।**

है। यह सरकार की तारीफ में प्रस्तुत बजट है, जैसा वे अक्सर करते रहते हैं। इस बजट का किसानों व युवाओं से कोई लेना देना नहीं है।

कांग्रेस सांसद कार्ति चिदम्बरम् ने बजट भाषण के बीच में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि "केन्द्रीय बजट सिर्फ एक प्रशासनिक कवायद थी। जिसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि नए चुनाव होने व नई सरकार के आने तक सरकार के पास रोजमर्रा के काम के लिए पर्याप्त पैसा हो। और उन्होने यह किया है लेकिन साथ ही खुद की पीठ भी थपथपाई है। इसके अलावा इसमें कुछ नहीं हैं।"

शिव सेना यू.बी.टी. के उद्धव ठाकरे ने भी बजट पर कटाक्ष किया और कहा सरकार अंततः समझ गई है देश में चार वर्ग हैं गरीब, महिलाएं, युवा और किसान। ठाकरे ने कहा, मोदी सरकार ने अपना अंतिम बजट पेश किया। निर्मला सीतारमन को धन्यवाद देना चाहता हूँ उन्होंने बहुत भारी मन से बजट पेश किया। "सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बजट को बेकार बताते हुए कहा कि यह जनता के लिए नहीं है।

उन्होने कहा" अगर कोई बजट विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# झारखंड के नए सी.एम. की नियुक्ति में देरी क्यों?

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद नए मुख्यमंत्री की नियुक्ति में हो रही देरी पर संदेह जताया। हेमंत सोरेन को ई.डी. ने गिरफ्तार कर लिया है।

उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए पूछा कि "क्या आप पी.एम.ओ. और

- **कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने संदेह जताया कि, केन्द्र सरकार झारखंड में दल बदल कराने की साजिश रच रही है।**

गृहमंत्रालय के निर्देशों की प्रतीक्षा कर रहे हैं? क्या आप येन केन प्रकरण दलबदल कराना चाहते हैं।" उन्होंने कहा कि बिहार में किस तरह तुरंत मुख्यमंत्री नियुक्त कर दिया गया था।

सिंघवी ने सवाल किया, "क्या आप देश से विपक्ष को खत्म कर देना चाहते हैं? क्या अनैतिकता की यही

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# सत्रहवां "लिटरेचर फैस्टिवल" पुराने जैसा ही है या कुछ नया भी?

## क्या "लिटरेचर फैस्टिवल" नये युवा पाठकों में साहित्य पढ़ने की रूचि पनपाता है?

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। सत्रहवां जयपुर लिटरेचर फैस्टिल पूर्व के लिटरेचर फैस्टिवल्स से बहुत अलग भी है तो बहुत कुछ समान भी है। यह अलग-अलग प्रकार की दुनिया से ताल्लुक रखने वाले महिला-पुरूषों का एक संयोजन बना हुआ है। यहां दुनियाभर के पेशेवर लेखक कॉरपोरेट दिग्गजों और पी.आर. रिप्रैजेन्टेविव्स के साथ मौजूद हैं, यह फैशनेबिल कपड़े पहनकर आई एवं सैल्फी क्लिकिंग जनरेशन एक्स का एक मीटिंग ग्राउण्ड है, यहां खाने और पीने के बहुत से स्टॉल्स मौजूद हैं। कार्यक्रम स्थल की और जाने वाली गलियां रंग-बिरंगी बंदनवार से सजी है और यहां हर कोई व्यस्त दिखाई पड़ता है। कलाकार रेखाचित्र बना रहे थे और महिलाएं अपनी आईब्रोज़ बनवा रही थी व नेलपॉलिश लगवा रही थीं। संक्षेप में कहें तो लगा कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी चिंता-परेशानियों को पीछे छोड़कर आया है।

- **कई पढ़े-लिखे लोग मानते हैं, जे.एल.एफ. का यह दावा करना थोथा व असत्य है।**
- **इसके प्रत्युत्तर में जे.एल.एफ. के समर्थक पलट कर सवाल करते हैं, यह पूर्ण सत्य है कि, जे.एल.एफ. नये पाठकों को साहित्य की ओर आकर्षित होने किसी भी तरह रोकता भी नहीं।**

डिग्गी पैलेस, जो जे.एल.एफ. के पहले 15 संस्करणों का स्थल रहा है, के विपरीत नया आयोजन स्थल क्लार्क्स आमेर प्रकट रूप से अधिक व्यवस्थित है। हमेशा की तरह यह शिकायत रह सकती है कि इस वर्ष के वक्ताओं की लिस्ट में तुलनात्मक रूप से कम तेजतर्रार वक्ता है, अथवा उस जादू एवं नवीनता का अभाव है जो शुरूआत के कुछ संस्करणों में थे। लेकिन कोई भी आयोजन जब अपना एक संरचनात्मक फॉर्मेट अख्तियार कर लेता है तब वह अपनी ही पिछली बड़ी उपलब्धियों का शिकार बन जाती है। इसको लेकर दो मत हो सकते हैं। पहला तो, जैसा कि फैस्टिवल के को-डायरैक्टर विलियम डैरिम्पल ने बताया-जे.एल.एफ. एक सक्सैस स्टोरी रही है। पहल जे.एल.एफ. ने की, लेकिन इस तरह के फैस्टिवल अब दक्षिण एशिया में कई जगह होने लगे हैं। उदाहरण के तौर पर भूटान, श्रीलंका आदि में। जे.एल.एफ. का अब एक अमेरिकी संस्करण भी है। वास्तव में, फैस्टिवल के को-डायरैक्टर्स नमिता

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# मासलपुर के पास टाइगर मूवमैंट से भय फैला

करौली, 1 फरवरी (निसं)। करौली के निकट मासलपुर के रूंधपुरा क्षेत्र में टाइगर के मूवमेंट की खबर से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

रूंधपुरा तालाब के समीप टाइगर मूवमेंट के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जाने से बच रहे हैं। क्षेत्र में टाइगर के मूवमेंट से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचना

- **वन अधिकारियों ने ग्रामीणों को रात को बाहर नहीं निकलने की सलाह दी।**

दी है। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और मूवमेंट की जानकारी तथा मूवमेंट को ट्रैक कर रहे हैं। वन अधिकारियों का कहना है की क्षेत्र में लेपर्ड का मूवमेंट है। वन विभाग के अधिकारियों ने ऐतिहातन क्षेत्र के लोगों से अकेले बाहर निकलने से बचने और रात में बाहर नहीं निकलने की

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

# वित्त मंत्री सीतारमन ने देश की इकॉनमी की बढ़ोतरी पर विश्वास जताते हुए बड़ा आशावादी बजट पेश किया

## वित्त मंत्री के अनुसार इकॉनमी की ग्रोथ इतनी बरकरार रहेगी, सरकार की आमदनी में बढ़ोतरी के कारण सरकार को बाजार से पैसा उधार नहीं लेना पड़ेगा, अपनी योजना और प्रोग्राम्स को फायनैंस करने के लिये

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 1 फरवरी। आज प्रस्तुत अंतरिम बजट एक आशावादी दस्तावेज है जिसमें भारतीय अर्थव्यवस्था में जारी उछाल के प्रति विश्वास व्यक्त किया गया है।

सबसे पहले तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का धन्यवाद अदा करना चाहिए, जिन्होंने डेढ़ घंटे तक घुमा फिराकर अपनी बात कहने के बजाए एक लघु एवं सीधा-सरल बजट भाषण दिया।

वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में बदलाव और बड़ी घोषणाएं करने की प्रथा से स्वयं को दूर रखते हुए सरकार के व्यय संचालन के लिए लेखानुदान रखा।

लेकिन, इन दायरों में रहने के बावजूद बजट स्टेटमैंट में कुछ बातें स्पष्ट हैं। उनके भाषण से पता चलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है। वह ब्याज दरों में किसी तरह की वृद्धि नहीं किए जाने के बावजूद सरकार के लिए अधिक आय का अनुमान लगा सकीं। नियम व शर्तों की पूर्णता के बावजूद उन्होंने राजस्व में वृद्धि का अनुमान लगाया क्योंकि अगले

- **हालांकि वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट की परम्पराएं निभाते हुए ज्यादा महत्वकांक्षी प्रोग्रामों की घोषणा नहीं की, पर फिर भी स्टार्टअप्स को मदद के लिये महत्वकांक्षी रिसर्च व डवलपमैंट फण्ड की घोषणा की।**
- **वित्त मंत्री ने बेसिक टैक्स ढांचे व रेट्स में कोई परिवर्तन नहीं किया पर पूर्ण आशा जतायी कि, आय में हुई बढ़ोतरी के कारण फिस्कल डैफिसिट, जो अभी जी.डी.पी. का 5.8 प्रतिशत है, 2024-25 में घट कर 5.11 प्रतिशत ही रह जाएगा।**
- **सरकार की बाजार से उधार कम लेने की "खबर" के कारण बाजार में ब्याज़ दर कम होने की आशा है।**

वर्ष के लिए सरकार के ऋण लक्ष्य वर्तमान वित्त वर्ष की तुलना में कम रह सकते हैं।

दूसरा, अंतरिम बजट की सीमाओं के बावजूद सीतारमन ने विकास एवं अनुसंधान के एक महत्वकांक्षी फण्ड का प्रस्ताव दिया है। फण्ड का उद्देश्य आगामी 50 वर्षों के लिए स्टार्टअप्स व तकनीकी आधारित अन्य अनुसंधान यूनिट्स को धन उधार देना है। यह फण्ड ऋणों के अलावा इस प्रकार की गतिविधियों के लिए अनुदान होगा।

सरकार, तकनीकी एवं अनुसंधान के दूरगामी उत्पादों के इस वातावरण में भारत को प्रथम पंक्ति में खड़ा करना चाहती है। प्रधानमंत्री पिछले कुछ वर्षों से निर्माण सैक्टर की जिस परम्परागत वृद्धि का जिक्र करते आए हैं, यह न केवल उससे संबंधित है, बल्कि सरकार ए.आई. व तकनीकी आधारित आर्थिक विकास के और आधुनिक लक्ष्य भी तय कर रही है।

यदि बजट प्रस्तावों के कठिन बिन्दुओं की बात की जाए तो वित्त मंत्री ने समूचे टैक्स स्ट्रक्चर को अपरिवर्तित रख ब्याज दरों से कोई छेड़छाड़ नहीं की है और पूंजी व्यय को एक महत्वाकांक्षी स्तर पर रखकर वित्तीय घाटे में अच्छी-खासी कमी का अनुमान लगाया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में वित्तीय घाटा पिछले वर्ष के 5.9 प्रतिशत की तुलना में जी.डी.पी. का 5.8 प्रतिशत रहा है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 में

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)

## विचार बिन्दु

**जब तक तुम स्वयं अपने में विश्वास नहीं करते, परमात्मा में तुम विश्वास नहीं कर सकते। – विवेकानंद**

# अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने साउथ अफ्रिका बनाम इजरायल के केस में 26, जनवरी 2024 को अंतरिम आदेश पारित किए, यद्यपि हमास द्वारा इजरायल पर किए गए हमले की निंदा भी की है

इससे पूर्व कि केस के मुख्य विषय पर चर्चा हो, हमें यह जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय कौन सी संस्था है, उसके जज कौन होते हैं, न्यायालय का अधिकार क्षेत्र कैसे निर्धारित किया गया है और क्या न्यायालय को अनंतित अधिकार पारित करने का भी अधिकार है। हमें यह भी जानना आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के आदेश की पालना कैसे की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय, सयुक्त राष्ट्र का प्रमुख न्यायिक अंग है। इसकी स्थापना 1945 में संयुक्त राष्ट्र के चार्टर से की गई थी। इसका क्षेत्राधिकार उन सभी विवादों पर है जिनका संबंध संधि निर्वचन, अंतर्राष्ट्रीय विधि प्रश्न, अंतर्राष्ट्रीय आभार का उल्लंघन तथा उल्लंघन से होने वाली क्षति की पूर्ति कैसे हो। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को परामर्श देने का अधिकार प्राप्त है। इस प्रकार न्यायालय का क्षेत्राधिकार दोहरा है। इसके प्रेसीडेंट (मुख्य न्यायाधीश) DONOGHUE हैं।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्य कार्यालय हेग (नीदरलैण्ड) में पीस पैलेस में है। इसने अपना कार्य 1946 से प्रारंभ किया है। इसकी स्थापना संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र के अंतर्गत हुई है। इसमें 15 न्यायाधीश होते हैं, इनका कार्यकाल 9 वर्ष के लिए होता है। न्यायाधीश दलवीर भंड़ारी भारत द्वारा मनोनित जज है। पूर्व में इनका मनोनयन 2012 में हुआ था। 2017 से यह दुबारा न्यायाधीश नियत हुए है। आप सबसे अधिक पोप्यूलर जज है। देश को उन पर गर्व है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को 193 संयुक्त राष्ट्र संघ के सदस्य देशों के बीच विवादों को निपटाने का अधिकार है। वर्तमान अपराध नरसंहार के अपराध की रोकथाम और सजा के कन्वेनशन से संबंध रखता है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को अनंतिम (अंतरिम) आदेश देने का भी अधिकार है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र statute of court तथा rule of the court से गवर्न होता है।

नरसंहार (genocide) के अपराध की रोकथाम और सजा के कन्वेनशन के अंतर्गत साउथ अफ्रिका ने एक प्रार्थना पत्र इजरायल के विरूद्ध दिनांक 29.12.2023 को न्यायालय की रजिस्ट्री में प्रस्तुत किया। यह केस साउथ अफ्रिका वर्सेज इजरायल के शीर्षक से दर्ज रजिस्टर किया गया। जिसमें गाजा पट्टी में रहने वाले फिलिस्तीनी के विरूद्ध नरसंहार को रोकने के लिए इजरायल के विरूद्ध प्रार्थना पत्र में चाही गई रिलीफ देने की प्रार्थना की गई और साथ ही अंतरिम प्रार्थना भी की है कि नरसंहार के अपराध की रोकथाम और सजा पर कन्वेनशन के तहत अपने दायित्वों के अनुसार कार्य करने के लिये इजरायल को तत्काल निर्देशन दिये जावें। नोटिस के बाद 11 जनवरी 2024 से 12 जनवरी 2024 तक सुनवाई की गई। न्यायालय ने अपना विचार–विमर्श किया। दिनांक 26.01.2024 को अंतरिम आदेश जारी किया। निर्णय बहुमत से होता है। जस्टिस भंडारी ने फैसला सुनाया साथ ही अपना डिक्लेरेशन प्रपत्र भी फैसले के साथ लगाया। आदेश 15–2, 16–1 की राय के अनुसार है।

जस्टिस भंडारी ने 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल नागरिकों के विरूद्ध हमास द्वारा किये गये हमले की निंदा की है। वस्तुतः आदेश के प्रारंभ ही में इसे स्पष्ट किया कि ये हमले क्रूरता के कार्य थे, जिसकी निंदा न्यायालय करता है। एक अनुमान के आधार पर यह माना गया कि हमास के हमलों में 1200 इजरायलियों ने अपनी जान गंवाई थी और 5500 घायल हुए थे, अपंग हुए थे। इजराइल की प्रतिक्रिया में गाजा में रहने वाले 25,000 से अधिक नागरिकों को इस सैन्य अभियान के कारण अपनी जान गंवानी पडी। इसमें महिलाएं व बच्चे भी है। हजारों लोग लापता है। हजारों अन्य लोग भी मारे गये हैं, घायल हुए हैं। आवास नष्ट हुए हैं, व्यवसाय व पूजा स्थल नष्ट हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने जो सर्वे किया है उससे यह पाया गया कि 26 अस्पताल व 200 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस संघर्ष के कारण गाजा की 85 प्रतिशत आबादी विस्थापित हुई है। गाजा की स्थिति मानवीय आपदा में बदल गई है। इसी कारण प्रतिक्रिया के डिफेंस को अधिक महत्व नहीं दिया और केस को नरसंहार की परिभाषा में प्रत्यक्षतः पाया।

इजरायल सरकार व भारत सरकार के संबंध मित्रवत है और भारत सरकार ने स्पष्ट शब्दों में इजरायल से आग्रह किया है कि वह सैन्य कार्यवाही में मानवीय पक्ष का ध्यान रखें।

आदेश अंतरिम है और जस्टिस भंडारी ने अपनी घोषणा में यह संकेत दिया है और कानून की स्थिति को स्पष्ट किया है कि अंतरिम उपाय संभाव्यता के परीक्षण के आधार पर किया जाता है और आदेश को अपराध की अंतिम घोषणा के रूप में नहीं माना जाता। ऐसे आदेश व्यापक विनाश और अब तक गाजा की आबादी द्वारा झेली गई जानमाल की हानि को ध्यान में रखकर किया गया है।

**कई दृष्टिकोण से आदेश दिनांक 26.01.2024 एक महत्वपूर्ण आदेश है। मानवीय जीवन के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है। सभी देश जानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के विपरीत असर से मानव का जीवन संकट में है। जो देश इस विपदा के कारण प्रभावित हुए हैं, वे अपने नागरिकों के मानवीय अधिकारों की सुरक्षा हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जा सकते हैं।**

जस्टिस भंडारी ने अपने declaration of Jude में यह घोषणा की है :–

"First by way of back ground, the attacks on civilian in Israel on 7th October 2023 were acts of brutality that must be condemned in the strongest terms".

जस्टिस भंडारी ने अपने declaration के चरण 11 में अपने विचारों को इस प्रकार बांधा है "going further, through,all particulars in the confict must ensure that all findings and hostilities cometo an immediate halt and that remaining hostages captured on 7th Oct. 2023 are unconditionally released forthwith.

दोनों देशों की सैन्य कार्यवाही को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने निम्नलिखित अंतरिम आदेश पारित किए हैं :–

1. 15–2 के मतों के आधार पर न्यायालय ने यह निर्देश दिया है कि इजरायल कन्वेनशन के तहत जो उसके दायित्व है उसके अनुसार वह वे सब measures उठाएगा जो अपराधों को रोकने के लिए कन्वेनशन के अनुच्छेद 2 में वर्णित है।

2. 15–2 के मतों से इजरायल ऐसे कदम नहीं उठायेगा और ऐसे कार्य नहीं करेगी, जिसका उल्लेख आदेश में है।

3. 16–1 के मतों से इजरायल राज्य ऐसे कृत्य करेगा जो उसके अधिकार में prevent व punish करने के हेतु प्राप्त है ताकि नरसंहार को रोका जा सके। इसके अतिरिक्त इजरायल अति–आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करेगा।

4. 15–2 के मतों से यह आदेश दिया कि नरसंहार को रोकने हेतु यथा संभव कदम उठायेगा और सुनिश्चित करेगा कि नरसंहार के अपराध की रोकथाम और सजा के अनुच्छेद 2 व 3 दिये गये हैं। इजरायल राज्य एक माह की अवधि में न्यायालयों को अपनी रिपोर्ट देगा कि उसने क्या–क्या कदम उठाये हैं।

जस्टिस भंडारी ने उस अंतरिम आदेश को सपोर्ट किया है जो अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने प्रस्तावित किया है। अंतरिम आदेश दिए जाने के लिए यह मानना पर्याप्त है कि जिस प्रकार इजरायल ने गाजा के विरूद्ध सैन्य कार्यवाही की है उससे यह संभाव्यता प्रतिलक्षित होती है कि नरसंहार हुआ है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने इजरायल के इस कथन को स्वीकार नहीं किया है कि इजरायल ने जो किया है वह गाजा की सैन्य कार्यवाही के retaliation में हुआ है। न्यायालय ने अंतरिम आदेश के हेतु इजरायल की सैन्य कार्यवाही को गाजा के विरूद्ध एक "human catastrophe" माना है। जस्टिस भंडारी ने यह स्पष्ट किया है कि आदेश दिनांक 26.01.2024 एक अंतरिम (अनतीत) आदेश है, अंतिम नहीं है। अंतिम आदेश केस के समस्त मेरिट के आधार पर दिया जावेगा। यह कहा जा सकता है कि अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय दिनांक 28.01.2024 का अंतरिम आदेश भारत की सीपीसी के आदेश 39 नियम 1 व 2 के प्रावधानों के अनुरूप है।

अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के statute व rules में अंतिम अथवा अंतरिम आदेश की अपील का कोई प्रावधान नहीं है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार जो वास्तव में मूल अधिकार के समान ही है अपील का प्रावधान तो होनी ही चाहिए। यह विचारणीय प्रश्न है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का आदेश चाहे वह अंतिम (final) हो अथवा अंतरिम, वे प्रवर्तनीय नहीं होते। इन्हें लागू करने की प्रक्रिया संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा की जाती है, जो जटिल है। कानून को बनाये 78 वर्ष हो चुके हैं, अतः सुधार की आवश्यकता है।

हमास बनाम इजरायल का यह युद्ध किस करवट लेगा, नहीं कहा जा सकता है। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के आदेश दिनांक 26.01.2024 से तो यह अनुमान नहीं निकाला जा सकता कि शीघ्र समस्या हल हो सके। दोनों देश एक–दूसरे का सर्वनाश करना चाहते हैं। सीजफायर अभी संभव नहीं लगता और न बंधकों की रिहाई।

कई दृष्टिकोण से आदेश दिनांक 26.01.2024 एक महत्वपूर्ण आदेश है। मानवीय जीवन के अधिकारों को सुरक्षा प्रदान करता है। सभी देश जानते हैं कि जलवायु परिवर्तन के विपरीत असर से मानव का जीवन संकट में है। जो देश इस विपदा के कारण प्रभावित हुए हैं, वे अपने नागरिकों के मानवीय अधिकारों की सुरक्षा हेतु अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में जा सकते हैं। पिछले दो दशकों के दौरान राज्यों ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के उन क्षेत्रों में न्यायालय में पेश हुये हैं, जो पहले शामिल नहीं थे। जैसे मानव अधिकार तथा पर्यावरण की सुरक्षा। जस्टिस जोन ई. डिनोग्यू का मानना है कि ऐसे विवादों को सुनने में न्यायालय सक्षम है।

क्लाइमेट चेंज के विशेषज्ञों को इस पर विचार करना होगा और आवाज बुलंद करनी होगी कि जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण संबंधी विवादों को निपटाने हेतु अंतर्राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल की स्थापना शीघ्र की जावे।

सत्य मेव जयतेः

**–अतिथि सम्पादक,**
**पानाचन्द जैन,**
**पूर्व न्यायाधीश, राजस्थान हाई कोर्ट**

# मोदी की गारंटी योजनाओं में कोई कटौती नहीं, आधारभूत ढांचा मजबूत होगा



सीए शंकर अग्रवाल

आर्थिक विशेषज्ञ शंकर अग्रवाल ने केन्द्र के अंतरिम बजट पर कहा कि केन्द्र सरकार ने आगामी चुनावों की चिंता किए बिना ही इस बजट में किसी लोकलुभावन घोषणा से बचाने का प्रयास किया है। सरकार ने अंतरिम बजट की मर्यादा को ध्यान में रखते हुए उससे न्याय किया है।

पिछले वर्षों में केन्द्र सरकार ने आधारभूत ढांचे को मजबूत करने व इस पर खर्च का क्रम जारी रखते हुए 2021–22 में 5.54 करोड से शुरू कर 2022–23 में 7.50 लाख करोड व अब इसमें 11 प्रतिशत की बढोतरी कर आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के प्रति सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। केन्द्र सरकार का मानना है कि आधारभूत ढांचे पर एक रूपए खर्च करने पर दीर्घकाल में देश को 3.5 रूपए का फायदा होता है। जबकि राजस्व खर्च का दीर्घकालीन प्रभाव नहीं रहता। आधारभूत ढांचे पर खर्च करने के सरकार के इस प्रयास से रोजगार के अवसर बढेंगे एवं निर्माण क्षेत्र में भी तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि चाहे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण को बढाना हो अथवा 149 हवाई अड्डो का निर्माण विश्व विद्यालय एवं स्वास्थ्य सेवाओं के लिए नए एम्स बनवाना, आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिखा में केन्द्र सरकार का यह ठोस कदम है। वित्त मंत्री ने इन सबके बाद भी गरीब कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए स्पष्ट किया कि 80 करोड लोगों को मुफ्त राशन 78 लाख स्ट्रीट वेंडर्स को मदद, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना का दायरा बढाना, महिलाओ को अधिक सहायता युवाओं को प्रोत्साहन, प्रधानमंत्री आवास योजना को 3 करोड से बढाकर 5 करोड मकानों तक ले जाना, उपरोक्त समस्त योजनाएं मोदी की गारंटी वाली योजनाएं है। इसे सरकार जारी रखेगी।

वित्त मंत्री ने इस बात पर विशेष जोर दिया कि हमारे प्रयासों से भारत आज विश्व शक्ति के रूप में उभरकर आया है। साथ ही हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवे नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुकी है। आज भारत में सरकार के इन प्रयासों एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व के कारण विश्व में भारत की छवि उभरकर सामने आई है। यद्यपि यह क्षमता भारत में पहले नहीं थी ऐसा नहीं है लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों के उदासीन रवैये के कारण भारत की छवि निखर नहीं पाई। आज देश के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने का ही परिणाम है कि जी–20 जैसा बडा आयोजन हम भारत में कर पाएं हैं एवं अनेक राष्ट्राध्यक्ष भारत आने को आतुर है। जीएसटी जैसा बडा कदम उठाने से सरकार का पिछले 10 वर्षों में कर संग्रहण तीन बढा है जो कि हमारे देश के विकास में सहभागी बन रहा है।

आज हमारे देश में 2014 में जहां अनेक बैंक डूब के कगार पर थे एवं बैंको का एनपीए निरन्तर बढता जा रहा था। आज वह 16 प्रतिशत से घटकर 2–3 प्रतिशत तक आ गया है। जो सरकार के मजबूत नियंत्रण एवं प्रभावी वित्तीय नियंत्रण का परिणाम है। आज देश का कृषि बजट एनडीए सरकार आने के बाद पिछले 10 वर्षों में छह गुना बढा है। इससे किसान आत्म निर्भरता की ओर बढ रहा है। एवं जो किसानों की आत्महत्याएं निरन्तर बढ रही थी उसमें कमी आई है।

कम्पनी कर में कमी कर 22 फीसदी तक लाने से भारतीय कम्पनियां को विदेशी कम्पनियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान किया है। इस कदम से विदेशी कम्पनियां भी अपनी उत्पाद इकाईयां यहां बढाएगी। देश में एक समय जहां सभी मोबाइल बाहर से आते थे आज सैंकडो कम्पनियां भारत में मोबाइल उत्पाद कर रही है जिससे देश के लोगों को सस्ता मोबाइल मिल रहा है। सरकार ने बजट में आम आदमी को किसी तरह की राहत प्रदान नहीं की है लेकिन किसी भी प्रकार से कर का बोझ भी नहीं बढाया है जो एक राहत की बात है।

**–सीए शंकर अग्रवाल,**
**आर्थिक विशेषज्ञ**

## राज्य में सैकड़ों प्राध्यापकों की नियुक्ति

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** अनूपगढ़ सहित प्रदेश के स्कूलों में बोर्ड परीक्षा शुरू होने से पहले हिन्दी विषय की पढ़ाई करवाने के लिए स्कूल शिक्षा में 1199 प्राध्यापक की नियुक्ति कर दी गई है। इससे विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि प्राध्यापकों की दो से पांच जनवरी 2024 तक शिक्षा निदेशालय स्तर पर 1408 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग कर विद्यालय आवंटन किया गया था जबकि इनकी नियुक्ति में देरी की जा रही थी। निदेशालय ने अब प्रदेशभर में 1199 हिंदी प्राध्यापकों की नियुक्ति कर दी है। राज्य के स्कूलों में हिंदी प्राध्यापकों के 3610 पद रिक्त चल रहे हैं। नई भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति के बावजूद कुछ पद रिक्त रहेंगे। वेद प्रकाश जलंधरा, एडीइओ, श्रीगंगानगर का कहना है कि श्रीगंगानगर–अनूपगढ़ सहित राज्य भर में स्कूल शिक्षा के प्राध्यापकों की नियुक्ति के आदेश निदेशालय से जारी हुए हैं। रिक्त पदों पर इनकी नियुक्ति की जा रही है।

# युग परिवर्तन की आधारशिला है "नारी शक्ति वंदन"



डॉ. सौम्या गुर्जर


आँखों में अग्नि सा तेज, कदमों में विश्वास लिये विकसित भारत की यात्रा में श ामता के सागर में डूबोकर, देश निर्माण में अब कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।

21वीं सदी में विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने की परिकल्पना में नारी शक्ति अधिकार एवं सम्मान हेतु प्रतिबद्धता मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के आखिरी बजट में झलकती है। ये आंकड़े सिर्फ आर्थिक नहीं, लाखों सपनों को उडान देने वाले वायुयान हैं। सदियों से धूल फांकती फाइलों से निकालकर, पुरजोर विरोध के बावजूद, नयी संसद के पहले सत्र का शुभारंभ नारी शक्ति वंदन अधिनियम से 33 प्रतिशत आरक्षण के अधिकार का गरिमापूर्ण फैसला लिया। कर्तव्यपथ पर नारी शक्ति का अदम्य साहस और शौर्य साक्ष्य है कि भारत की नारी प्रत्येक मोर्चे पर प्रतिभा के नये सोपान चढ़ रही है। महिलाओं की नेतृत्व वाली सरकार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट से, हम आज एक नए युग में नारी शक्ति के साक्षात्कार की शुरुआत कर रहे हैं। यह एक नया दौर है, जो हमें समृद्धि और समाज के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का वादा करता है। नारी शक्ति के साथ हम नए आरंभ की ओर बढ़ रहे हैं, जहां हर नारी अपने सपनों की ऊँचाइयों को छूकर राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करने के लिए तैयार है। अपने कार्यकाल में सकारात्मक योजनाओं के माध्यम से मोदी सरकार ने भारतीय नारी का सामाजिक, आर्थिक, और सांस्कृतिक उत्थान सुनिश्चित कर सशक्त बनाने का समर्थन किया है।

ये आंकड़े सिर्फ आर्थिक नहीं, लाखों सपनों को उड़ान देने वाले वायुयान हैं। 50,000 करोड़ का कौशल विकास बजट लाखों बहनों को डिजिटल दुनिया का हथियार देगा, उन्हें आत्मनिर्भरता की धर्मयुद्ध में अजेय बनाएगा। 10,000 करोड़ का स्वरोजगार बजट उम्मीदों के दीप जलाएगा, लाखों उद्यमों की रौशनी से गरीबी के अंधेरे को मिटाएगा। और जब राष्ट्रीय सुरक्षा योजना, कड़े कानून और महिला सुरक्षा बल मिलकर खड़े होंगे, तो हर कदम पर सुरक्षा का कवच मिलेगा, हर सपना निडर होकर उड़ सकेगा। यह बजट न सिर्फ बदलाव का बिगुल है, बल्कि आशा का सूर्योदय भी। वह सूर्योदय जो बेटियों की आँखों में चमक लाएगा, माँओं के चेहरों पर गर्व की मुस्कान खिलएगा। यह बदलाव, नारी शक्ति के उन्मेष से पूरे भारत को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। आइए, हम सब मिलकर इस बदलाव में भागीदार बनें। नारी शक्ति का सम्मान करें, उसे आगे बढ़ाएँ, क्योंकि यही सच्चा शक्ति वंदन है, यही सच्चा राष्ट्र निर्माण है। जय हिन्द, जय नारी शक्ति।

**डॉ. सौम्या गुर्जर,**
**महापौर,**
**नगर निगम ग्रेटर जयपुर**

# मारवाड़ हॉर्स शो कल से जोधपुर में



**जोधपुर, (कासं)।** पूर्व नरेश एवं पूर्व सांसद गजसिंह के मुख्य संरक्षण में मारवाड़ी नस्ल के उन्नयन व संरक्षण के लिए नवां दो दिवसीय मारवाड़ हॉर्स शो तीन व चार फरवरी को ऑल इण्डिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी, जोधपुर व मारवाड़ी हॉर्स बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इण्डिया के संयुक्त तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो ग्राउण्ड, एयरपोर्ट रोड पर आयोजित किया जाएगा।

ऑल इण्डिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी व मारवाड़ी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इण्डिया जोधपुर के सचिव इन्दरजीत सिंह नाथावत ने बताया कि इस हॉर्स शो में देश के विभिन्न प्रदेशों के स्टडबुक द्वारा रजिस्टर्ड घोड़े भाग लेंगे साथ ही दो दिन तक विभिन्न अश्व प्रतियोगिताएं भी होंगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मारवाड़ी नस्ल के घोड़ों की पहचान व गुणवत्ता को बनाये रखने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि पूर्व नरेश गजसिंह द्वारा मारवाड़ी नस्ल की पहचान को बनाए रखने के लिए निरन्तर प्रयास किए जा रहे हैं। उनके संरक्षण में यह आठवां आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि मारवाड़ी घोड़े अपनी सुन्दरता, चंचलता एवं स्वामीभक्ति के कारण विश्व में प्रसिद्ध हैं। मारवाड़ी घोड़ों की विश्व बाजार में जबरदस्त मांग है। इस हॉर्स शो से उन्हें उचित मंच मिलता है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1998 में ऑल इण्डिया मारवाड़ी हॉर्स सोसायटी जोधपुर फॉर्म का गठन हुआ व उम्मेद भवन पैलेस में इसका कार्यालय स्थापित हुआ। वर्ष 2013 से मारवाड़ी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इण्डिया का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि 1988 से मारवाड़ हॉर्स एण्ड केटल शो आयोजित होता रहा है एवं इसके बाद वर्ष 2013 से मारवाड़ हॉर्स शो का आयोजन किया जा रहा है।

मारवाड़ी हॉर्स स्टड बुक रजिस्ट्रेशन सोसायटी ऑफ इण्डिया के तत्वावधान में अब तक 3210 मारवाड़ी अश्वों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है और 763 अश्वों की जांच हो चुकी है इसमें राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा व पंजाब सहित अन्य प्रदेशों के मारवाड़ी अश्वों का रजिस्ट्रेशन किया जा चुका है।

## जोधपुर कलेक्टर को न्यायालय ने तलब किया

**जोधपुर, (कासं)।** उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की स्थाई पीठ वास्ते उपभोक्ता भवन के नजदीक ही समुचित जगह उपलब्ध कराने के मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विजय बिश्नोई और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण ने जोधपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल को तलब किया है। जोधपुर जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल के न्यायालय में उपस्थित होने पर राजस्थान उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधीश विजय बिश्नोई और न्यायाधीश मुन्नुरी लक्ष्मण ने निर्देश दिए कि राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की स्थाई पीठ वास्ते उपभोक्ता भवन के नजदीक ही समुचित जगह एक सप्ताह में उपलब्ध कराएं। आगामी तारीख 12 फरवरी तय की गई। राजस्थान हाईकोर्ट एडवोकेट्स एसोसिएशन की ओर से दायर जनहित याचिका पर बहस करते हुए अधिवक्ता अनिल भंडारी ने कहा कि पिछले साल राज्य उपभोक्ता आयोग की चल पीठ को हाइकोर्ट के निर्देशानुसार तत्काल प्रभाव से स्थाई कर दिया गया लेकिन उपभोक्ता भवन में दो जिला आयोग और राज्य उपभोक्ता आयोग के बैठने की समुचित जगह और व्यवस्था नहीं होने से डिप्टी रजिस्ट्रार, निजी सचिव, शीघ्र लिपिक और वरिष्ठ सहायक तथा कनिष्ठ सहायक और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के दो दो अतरिक्त पद पर सरकार की स्वीकृति बावजूद नियुक्ति नहीं की जा रही है। इससे न्यायिक कार्रवाई में बाधा आने से प्रकरणों का निपटान देरी से हो पा रहा है। इसलिए उपभोक्ता भवन के नीचे स्थित उप निदेशक,अभियोजन विभाग को शिफ्ट किया जाएं,ताकि उपभोक्ता भवन में राज्य आयोग की पीठ सुचारू रूप से संचालित हो सके। उन्होंने कहा कि न्यू जुबली चेंबर के पीछे वादकरण विभाग के 6 कमरे और हॉल तथा डी आई जी कार्यालय के सामने तीन कमरे पिछले कई सालों से खाली पड़े है सो उप निदेशक, अभियोजन कार्यालय को वहां शिफ्ट किया जा सकता है। जिला कलक्टर गौरव अग्रवाल ने न्यायालय को बताया कि वे स्वयं अपने स्तर पर इसे प्राथमिकता से लेकर देखेंगे कि उपभोक्ता भवन के आसपास राज्य उपभोक्ता आयोग के वास्ते सुव्यवस्थित जगह उपलब्ध हो जाएं और एसोसिएशन के सुझाव पर उचित कार्रवाई करेंगे। हाईकोर्ट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता डा सचिन आचार्य ने पैरवी कीखंडपीठ ने अपने आदेश में कहा कि जिला कलेक्टर ने न्यायालय को विश्वास दिलाया है कि वे एक सप्ताह के भीतर उपभोक्ता भवन के पास या जिला कलेक्टर परिसर में राज्य उपभोक्ता आयोग की स्थाई पीठ वास्ते समुचित जगह चिन्हित कर न्यायालय को अवगत कराएंगे।

## राशिफल शुक्रवार 2 फरवरी, 2024



पंडित अनिल शर्मा

माघ मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, शुक्रवार, विक्रम संवत 2080, स्वाती नक्षत्र शनिवार प्रातः 5:57 तक, शूल योग दिन 12:54 तक, बव करण 4:03 तक, चन्द्रमा आज तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–तुला, मंगल–धनु, बुध–मकर, गुरू–मेष, शुक्र–धनु, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–कन्या राशि में।

आज महापात योग रात्रि 8:15 से रात्रि 1:07 तक है। आज कालाष्टमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर सूर्योदय से 8:37 तक, लाभ–अमृत 8:37 से 11:19 तक, शुभ 12:40 से 2:01 तक, चर 4:44 से सूर्यास्त तक।


**राहूकालः** 10:30 से 12:00 तक। सूर्योदय 7:16, सूर्यास्त 6:05

### मेष




परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

### वृष




मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

### कर्क




घर–परिवार में सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### सिंह




परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से मनोबल बढ़ेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार होगा।

### कन्या




आर्थिक कारणों से अटके हुए व्यावसायिक कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### तुला




व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

### वृश्चिक




धार्मिक कार्यों के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा।

### धनु




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। घर–परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

### मकर




व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी।

### कुंभ



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

### मीन



चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है


# ट्रैक्टर-ट्रॉली गड्डे में पलटी, एक दर्जन लोग घायल

## बागड़ी गांव के पास शोक सभा में शामिल होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से लौट रहे थे

**मालपुरा, (निसं)।** लाम्बाहरिसिंह थाना क्षेत्र के बागड़ी गांव के पास गुरूवार को शोक सभा में शामिल होकर लौट रही महिला-पुरूषों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गड्डे में पलट गई। जाने से ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार एक दर्जन महिला-पुरूष घायल हो गये। दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया।

- **दो गंभीर घायलों को जयपुर रैफर किया गया, शेष का उपचार किया**

जानकारी के अनुसार डूंगरीकलां निवासी महिला-पुरूष गुरूवार को आकोडिया गांव मे अपने रिश्तेदारों के यहां शोक सभा में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। बागडी गांव के पास स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित हो सड़क किनारे गड्डे मे ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी खा गये। हादसे मे ट्रोली मे सवार एक दर्जन महिला-पुरूष घायल हो गये तथा जोरदार चीख-पुकार शुरू हो गई। महिलाओं की चीख-पुकार सुनकर दौड़कर आये ग्रामीणों ने कडी मशक्कत कर जेसीबी मशीन की सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा कर गड्डे से निकाला। सूचना पर पहुंची मालपुरा एम्बूलेंस के पायलट बनवारी, ईएमटी संजय व्यास, लाम्बाहरिसिंह ईएमटी शिवप्रसाद, पायलट मो. अय्याज व पचेवर ईएमटी भरत व पायलट रमेश वैष्णव ने घायलों को मौके पर प्राथमिक उपचार देकर राहत पहुंचाने के बाद 108 एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल मे उपचार के लिए भर्ती करवाया। डॉ. राजेन्द्र चंदेल व उनकी टीम ने सभी घायलो को तत्परता से उपचार शुरू किया। दो गंभीर घायल रामकिशोर व प्रेम देवी निवासी डूंगरीकलां को चिन्ताजनक हालत मे जयपुर रैफर किया गया।



ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से एक दर्जन महिला-पुरूष घायल हो गये।

# ब्रजभूमि में डेयरी विकास की अपार संभावनाएं : सुषमा अरोड़ा

## राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने भरतपुर डेयरी प्लांट का निरीक्षण किया

**जयपुर/भरतपुर, (कासं)।** राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने कहा है कि ब्रज भूमि भरतपुर में डेयरी विकास की अपार संभावनाएं हैं और डेयरी अधिकारियों को इन संभावनाओं को एक्सपलोर करना चाहिये। भरतपुर और उसके आस-पास के क्षेत्रों में समग्र डेयरी विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि डेयरी प्लांट की 50 हजार लीटर दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता के अनुरुप दुग्ध संकलन बढ़ाया जाना चाहिये। अरोड़ा यहां भरतपुर डेयरी संयंत्र का निरीक्षण करने के पश्चात डेयरी कार्यालय में आरसीडीएफ जयपुर और भरतपुर डेयरी के अधिकारियों को सम्बोधित कर रही थी।

- **सुषमा अरोड़ा ने जयपुर और भरतपुर डेयरी के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिये**

उन्होंने कहा कि डेयरी अधिकारी भरतपुर जिला दुग्ध संघ से नई दुग्ध समितियों और नये सदस्यों को जोड़कर डेयरी विकास आन्दोलन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने भरतपुर शहर एवं आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पडौसी दुग्ध संघों से मदद लेकर पनीर, श्रीखण्ड, मक्खन, फ्लेवर्ड मिल्क, आईसक्रीम आदि ताजा दुग्ध उत्पादों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। भरतपुर स्थित डेयरी प्लान्ट को अपग्रेड करने की आवश्यकता पर बल देने के साथ-साथ उन्होंने प्लान्ट में हाईजीन और सेनीटेशन को भी मेंटेन करने के निर्देश दिये।

भरतपुर डेयरी प्लान्ट के निरीक्षण के बाद अरोड़ा ने अधिकारियों की टीम के साथ नदबई स्थित सरस पशु आहार संयंत्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पशु आहार संयंत्र की उत्पादन क्षमता के पूर्ण उपयोग, उच्च गुणवत्तायुक्त पशु आहार के उत्पादन और अधिक से अधिक विपणन बढ़ाने पर जोर दिया। भरतपुर डेयरी के निरीक्षण और निरीक्षण के बाद बैठक में आरसीडीएफ जयपुर और भरतपुर डेयरी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे जिनमें डेयरी अध्यक्ष सुशीला, आरसीडीएफ के वित्तीय सलाहकार ललित कुमार मोरोड़िया, संस्थागत विकास अधिकारी इन्द्रराज मीणा, महाप्रबन्धक प्रोजेक्टस दिव्यम कपूरिया, महाप्रबन्धक विपणन संतोष शर्मा, महाप्रबन्धक गुण नियन्त्रण महेश शर्मा और अलवर/भरतपुर डेयरी के प्रबन्ध संचालक सुबेदीन खान शामिल रहे।



आरसीडीएफ की प्रबन्ध संचालक सुषमा अरोड़ा ने भरतपुर डेयरी संयंत्र का निरीक्षण किया।

## थाने में युवती से छेड़छाड़, पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**नोखा, (निसं)।** पुलिस थाने में एक परिवादी युवती के साथ छेड़छाड़ व अभद्र व्यवहार के मामले में आरोपी हैड कांस्टेबल को गिरफ्तार कर लिया गया है। बाद में उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। थानाधिकारी राजीव रॉयल के अनुसार थाने में छेड़छाड़ का मामला दर्ज कराने आई युवती से थाने में हैड कांस्टेबल सागरमल व कांस्टेबल विक्रम सिंह द्वारा अभद्र व्यवहार किया गया। मामले में नोखा पुलिस ने मंगलवार को हैड कांस्टेबल सागरमल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, दूसरे अन्य आरोपी कांस्टेबल विक्रम सिंह की भूमिका की जांच की जा रही है। शनिवार रात को छेड़छाड़ की शिकायत लेकर युवती नोखा थाने पहुंची थी। इस दौरान पुलिसकर्मियों के द्वारा अभद्र व्यवहार करने आरोप लगाते हुए एक युवती ने नोखा थाने में रविवार को मुकदमा दर्ज करवाया था। जिस पर दोनों पुलिस कर्मियों को एसपी के द्वारा सस्पेंड किया जा चुका है व थानाधिकारी को लाइन हाजिर कर दिया।

## उदयपुर में दो करोना रोगी मिले

**उदयपुर, (कासं)।** दो कोरोना रोगी मिले। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शंकर एच बामनिया ने बताया कि कोविड के 47 सैम्पल लेकर जांच की गयी जिसमें 45 नेगेटिव एवं 2 पॉजीटिव पाये गये। दोनो पॉजीटिव शहरी क्षेत्र से है।अब तक कुल 77136 कोरोना पॉजीटिव आए जिसमें से 76348 स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हो गये है। सात होम आयसोलेसोन में हैं। पॉजीटिव आये रोगी हिरन मगरी सेक्टर 3 और 4 क्षेत्र से है।

# दस साल में लोगों की समस्याओं का धरातल पर समाधान हुआ है : पूनियां

## अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार भी धरातल पर है : पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां



भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया का जोधपुर पहुंचने पर बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने कहा कि पिछले दस सालों में लोगों की समस्याओं का धरातल पर समाधान हुआ है। मोदीजी की प्राथमिकता महिलाओं की सुरक्षा और भौतिक विकास रहा है। इस साल का चुनाव स्वाभिमान का चुनाव है। डॉ. सतीश पूनिया गुरुवार को जोधपुर प्रवास पर पहुंचे और मीडिया से बातचीत की। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया के जोधपुर पहुंचने पर यहां सर्किट हाउस में कई बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

पूनिया ने कहा कि वर्ष 2014 का चुनाव परिवर्तन का था, 2019 को भरोसे का अब 2024 का चुनाव स्वाभिमान का है। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने धरातल पर रहकर लोगों की समस्याओं को दूर किया है। चुनावी वादे पूरे किए जाने के साथ विकास हुआ है। इस बार भी जनता उनको जिताएगी। भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मोदीजी की प्राथमिकता रही कि महिलाएं सुरक्षित रहे और आत्मनिर्भर बनें। इसके लिए उनका फोकस महिलाओं को लेकर रहा। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी हो या मोदी, राजस्थान में स्व. भैरोसिंह शेखावत या फिर कि वसुंधरा राजे की सरकार रही हो, सभी ने लोगों की समस्याओं का हल किया और धरातल पर रह कर कार्य किया है। अब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार भी धरातल पर है।

पूनिया ने बताया कि पहले उत्तरप्रदेश के लिए कहा जाता था कि महिलाएं सुरक्षित नहीं है, मगर योगीजी ने ना सिर्फ महिलाओं को सुरक्षित किया बल्कि भौतिक रूप से भी सोचा। आज राजस्थान सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एंटी रोमियो स्क्वायड बनाया है तो पेपर लीक के लिए एसआईटी गठित की है। सरकार अभी बनी है धीरे- धीरे कार्य सामने आएगा। पूनिया ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा और कहा कि कांग्रेस के शासन में वादें पूरे नहीं हुए लोगों को केवल आश्वसन ही मिला। जिसका जवाब जनता ने उन्हें दे दिया। महिला अपराध बढ़ने के साथ पेपर लीक की घटनाओं से जनता ने पूर्व सरकार को अनदेखा कर दिया।

## आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करेगा बजट : राठौड़

**जोधपुर, (कासं)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के पूर्व नेता राजेंद्रसिंह राठौड़ एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को जोधपुर आए। वे पूर्व सांसद मानवेंद्रसिंह की पत्नी चित्रासिंह के अंतिम संस्कार में शरीक हुए। इससे पहले उन्हें पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से जारी किया गया यह अंतरिम बजट युवाओं और महिलाओं को आगे ले जाने वाला होगा। राठौड़ ने कहा कि आज ये बजट आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करेगा। राठौड़ ने बजट को महिलाओं, उद्यिमयों, सामान्य वर्ग, किसान और युवाओं को समर्पित बताया। उन्होंने अपने लोकसभा चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि एक पराजित व्यक्ति को यह अधिकार नहीं है कि वह अपने लिए टिकट मांगे। उन्होंने कहा कि जिस भूमिका में संगठन रखेगा, वह उसमें रहेंगे। राठौड़ ने शायराना अंदाज में कहा कि यह भी एक दौर है, वो भी एक दौर था।

# सहायक लोको पायलट भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट

**कोटा, (निसं)।** विगत दिनों रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा सहायक लोको पायलट की बहाली हेतु 5696 पदों की रिक्तियां केन्द्रीकृत अधिसूचना 01/2024 जारी किए गए। इस नोटिफिकेशन को लेकर अभ्यर्थियों के मध्य उत्पन्न भ्रांतियों को दूर करने हेतु एक ओर जहां आयु सीमा में राहत देने का निर्णय लिया गया है। वहीं दूसरी ओर भर्ती प्रक्रिया निर्धारित समय सीमा में पूरी की जा सके इसके लिए टाईमलाईन भी जारी की गई है।

- **कोविड के कारण कुछ उम्मीदवारों की आयु नोटिफिकेशन में तय आयु सीमा से ज्यादा हो गई है**

कोविड महामारी के कारण कुछ उम्मीदवारों की आयु नोटिफिकेशन में तय आयु सीमा से ज्यादा हो गई है, इसी के मद्देनजर उन उम्मीदवारों को राहत देने के उद्देश्य से सहायक लोको पायलट की भर्ती के लिए तय आयु सीमा 18-30 वर्ष के स्थान पर 18-33 वर्ष कर ऊपरी आयु में 3 वर्ष की छूट भी प्रदान की गई है। अब सामान्य श्रेणी एवं ईडब्लूएस के अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 02.07.1991 और 01.07.2006 के बीच है इस पद के लिए आवेदन कर सकते है। इसी तरह ओबीसी (एनसीएल) के अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 02.07.1988 और 01.07.2006 के बीच है तथा एसी/एसटी के अभ्यर्थी जिनकी जन्मतिथि 02.07.1986 और 01.07.2006 के बीच है, इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने हेतु चरणबद्ध परीक्षा की संभावित टाईमलाईन भी जारी कर दी गयी है। जिसमें प्रथम चरण में सीबीटी-1 की परीक्षा जून से अगस्त, 2024 तक, द्वितीय चरण में सीबीटी-2 की परीक्षा सितम्बर, 2024 में, तीसरे चरण में सीबीएटी की परीक्षा नवम्बर, 2024 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

# नैक्सा एवरग्रीन पर एक और केस दर्ज

**जोधपुर, (कासं)।** इंवेस्ट के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली सोसायटी कंपनी नैक्सा एवरग्रीन पर एक और केस दर्ज हुआ है। शहर के बासनी निवासी से 12 लाख रूपए ऐंठ लिए गए। कंपनी के डायरेक्टर के साथ अधिकृत प्रतिनिधि के खिलाफ केस दर्ज करवाया गया है।

- **निवेश के नाम पर 12 लाख ऐंठने का आरोप**

भगत की कोठी थाने में बासनी प्रथम चरण करणी नगर निवासी भींयाराम जाणी की तरफ से रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया कि गत दो साल में उसने नैक्सा एवरग्रीन धोलेश कंपनी में निवेश के नाम पर 12 लाख रूपए जमा कराए थे। उसे प्रति मंगलवार मुनाफे के साथ पूरी रकम का मोटा मुनाफा 14 माह में देने को कहा गया था। कंपनी के डायरेक्टर सुभाषचंद बिजरणिया और अधिकृत प्रतिनिधि मेघसिंह ने उसे झांसे में लिया था। शुरूआत में मुनाफा देते रहे मगर बाद में रकम देनी बंद कर दी। इस तरह नैक्सा एवरग्रीन कंपनी संचालकों और अधिकृतों ने उससे 12 लाख की ठगी कर ली।

जानकारी के अनुसार इस कंपनी द्वारा शहर के कई लोगों से करोड़ों रूपयों की ठगी की है। कई पुलिस कर्मी भी इसके शिकार बने है। बनाड़, करवड़, उदयमंदिर आदि थानों में कंपनी प्रतिनिधियों के खिलाफ धोखाधड़ी के प्रकरण दर्ज हो रखे है।

## हत्या के आरोपियों को सजा सुनाई

**भीलवाड़ा, (निसं.)।** गुलाबपुरा अपर सेशन न्यायाधीश सरिता मीणा ने हत्या के मामले में 2 को आजीवन कारावास एक लाख जुर्माना, 4 को 10 साल की सजा व 30 हजार जुर्माना की सजा सुनाई है। न्यायिक सूत्रों के अनुसार घटना 14.9.2017 की है उस रोज भेरू पिता रघुनाथ गुर्जर निवासी खारडी ने थाना रायला में एक रिपोर्ट दी । राज्य सरकार की ओर से पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक कमल जीनगर ने कुल 22 गवाह और कुल 82 दस्तावेज और 21 आर्टिकल न्यायालय में पेश किये। न्यायालय ने आज हीरा गुर्जर और नानू गुर्जर को धारा 302/34 भादस में आजीवन कारावास की सजा और एक लाख रुपये अर्थदंड से दंडित किया तथा छोटू गुर्जर, मेवा गुर्जर, प्रेम गुर्जर, लाडू गुर्जर को 10 वर्ष के कारावास की सजा ओर तीस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

# पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल की पत्नी चित्रा सिंह का जोधपुर में अंतिम संस्कार किया

## मानवेंद्र सिंह जसोल दिल्ली अस्पताल में भर्ती होने के कारण अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हो पाए

- **पुत्र हमीर सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी, जसोल के भाई भूपेंद्र सिंह भी अंतिम संस्कार में मौजूद थे**
- **अंतिम यात्रा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ आदि मौजूद रहे**

**जोधपुर, (कासं)।** पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल की पत्नी व पूर्व विदेश मंत्री रहे जसवंत सिंह जसोल की पुत्रवधू चित्रा सिंह की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार गुरुवार को दोपहर में एयरपोर्ट रोड स्थित जसोल फार्म हाउस पर किया गया। पुत्र हमीर सिंह ने चिता को मुखाग्नि दी। मानवेंद्र सिंह जसोल दिल्ली अस्पताल में भर्ती होने के कारण अंतिम यात्रा में शरीक नहीं हो पाए। जसोल के भाई भूपेंद्र सिंह भी अंतिम संस्कार में उपस्थित थे। चित्रा सिंह का मंगलवार को अलवर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे पर नौगांवा के सुखपुरी के सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। इसमें पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल, उनके पुत्र हमीर सिंह व ड्राइवर भी घायल हुए थे।



मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह की पार्थिव देह का अंतिम संस्कार जसोल फार्म हाउस पर किया गया।

अंतिम संस्कार के समय माहौल अत्यंत गमगीन था, हर आंखें नम थी। हर व्यक्ति के मुंह से यही निकल रहा था कि अत्यंत दुखदाई घटना हुई है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। राजस्थान के हर जिले से अधिकांश रूप से बाडमेर, जैसलमेर, जोधपुर सहित प्रदेश के अन्य देश के अन्य हिस्सों से भी अंतिम संस्कार में भाग लेने सैकड़ों लोग पहुंचे। अंतिम यात्रा में विधानसभा में मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, पूर्व मंत्री पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री व पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, विधायक सिवाना हमीर सिंह भायल, विधायक पोकरण प्रताप पुरी महाराज, विधायक जोधपुर शहर अतुल भंसाली, विधायक बानसूर देवी सिंह शेखावत, विधायक कोलायत अंशुमान सिंह भाटी, विधायक शिव रविंद्र सिंह भाटी, पूर्व मंत्री व पूर्व, जेडीए चेयरमैन प्रो डॉ. महेंद्र राठौड़, आई ए एस शक्ति सिंह राठौड़, मेजर जनरल शेर सिंह, डीआईजी राहुल बारहट, ब्रिगेडियर वीरेंद्र सिंह राठौड़ निदेशक सैनिक कल्याण विभाग, पूर्व सांसद डॉ नारायण सिंह माणकलाव, भाजपा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, पूर्व विधायक रणधीर सिंह भिंडर पूर्व विधायक मदन प्रजापत, पूर्व विधायक जालम सिंह रावलोत, पूर्व विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, पूर्व विधायक लूणी मलखान सिंह बिश्नोई, भवानी कालवी, करण सिंह उचियारडा, महेंद्र झाबक, सुपा रस भंडारी, प्रधान कल्याणपुर उमेद सिंह अराबा, आजाद सिंह, कर्नल डीएस खंगारोत, कर्नल गिरेन्द्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष राजसीको सुनील परिहार, कांग्रेस शहर अध्यक्ष नरेश जोशी, नाहर सिंह जसोल, मेजर जनरल शेर सिंह, चौपासनी शिक्षा समिति के अध्यक्ष जसोल कोषाध्यक्ष दलपत सिंह खींची, मारवाड राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा, मारवाड राजपूत सभा के महासचिव के वी सिंह चांदरख, महेंद्र सिंह भाटी उमेद नगर, श्री हनवन्त राजपूत हॉस्टल कार्यकारिणी के सचिव राजेन्द्र सिंह लीलिया, महिपाल सिंह उज्जवल, किशोर सिंह कानोड, जोगेंद्र सिंह चौहान, मोहन सिंह जोधा, पार्षद ओमकार वर्मा, पर्वत सिंह सामराऊ, भीम सिंह करवड, राजेंद्र सिंह भियाड सहित जसोल परिवार, पूर्व राज परिवार, पूर्व ठिकानेदार, परिवार के सदस्य व सैकड़ों नागरिक अंतिम संस्कार के समय उपस्थित है।

जोधपुर राज परिवार की तरफ से ब्रिगेडियर शक्ति सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह तंवर व राजवी वीर विक्रम सिंह ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी व अंतिम संस्कार शरीक हुए। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे की तरफ से पूर्व जिला अध्यक्ष भोपाल सिंह बडला ने पुष्प चक्र अर्पित किया।


**कार्यालय नगर परिषद, जालोर (राजस्थान)**

क्रमांक : नपजा/विकास/2023-24/7159 दिनांक : 29.01.2024

**:: निविदा सूचना 05/2023-24 ::**

नगर परिषद जालोर द्वारा निम्नलिखित सिविल निर्माण कार्य हेतु निविदायें तिथि 29.01.2024 को आमंत्रित कि जाती है। आमंत्रित निविदाओं के निविदा प्रपत्र निर्धारित तिथि 13.01.2024 को निर्धारित तिथि मध्यान्ह 1.00 बजे तक विक्रय की जाकर उसी दिन 3.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी। तथा उसी दिन 4.30 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जायेगी। अतः इच्छुक समस्त पंजीकृत संवेदक निविदा में भाग ले सकते है। उपरोक्त निविदायें विभागीय वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

| | |
|---|---|
| Total work | 13 work |
| Total Amount | 52.36 lac |
| web Site for downloading | www.sppp.raj.nic.in |
| Nib Code | DLB2324A8334 |

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद/सी/23/12527

**कार्यालय नगरपालिका सुकेत जिला-कोटा (राज.)**

क्रमांकः न.पा.सु/स्था.शा./2024/48 दिनांक 30.01.2024

**ई-निविदा सूचना 01-2023-24**

नगर पालिका सुकेत में सक्षम श्रेणी में पंजिकृत व अन्य विभागों के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 31.01.2024 से 10.02.2024 एवं अपलोड करने की दिनांक 31.01.2024 से 10.02.2024 सांय 6 बजे तक। डीडी/निविदा शुल्क प्रोसेसिंग फीस जमा करने की दिनांक 12.02.2024 को दोपहर 1:00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 13.02.2024 को रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

NIB - DLB2324A8345 UBN - DLB2324SLRC29935

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सुकेत

राज.संवाद/सी/23/12523

# सरकार बदली तो जे.डी.ए. ने बसों के बाड़े की दीवार तोड़कर सड़क की चौड़ाई बढ़ाई

## अंबाबाड़ी नाले पर राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के मुहाने पर पिछले कई सालों से मुख्य सड़क मात्र 15 फीट की 'संकरी गली' बनकर रह गई थी

**जयपुर** (कासं)। राज्य में भजनलाल सरकार बनने के बाद जयपुर में अंबाबाड़ी नाले पर बने हुए बसों के बाड़े की अवैध दीवार तोड़कर जे.डी.ए. प्रशासन ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाई है। राव शेखाजी एलिवेटेड रोड और प्राइवेट बसों के बाड़े के बीच पिछले कई सालों से यहां सड़क मात्र 15 फीट की "संकरी गली" बनी हुई थी, लेकिन ऊंचे रसूखात के आगे अधिकारी भी बेबस हो रहे थे। अब यहां सड़क की चौड़ाई बढ़ने से सीकर रोड से जयपुर शहर में आने वाले लोगों को काफी राहत मिलेगी।


दरअसल जे.डी.ए. प्रशासन ने पिछले 5 सालों में 642 मकान-दुकानों को ध्वस्त कर राव शेखाजी झोटवाड़ा एलिवेटेड रोड बनाने की राह निकाली। इस पुलिया का निर्माण कार्य अंबाबाड़ी नाले की तरफ से शुरू हुआ, इस कारण यहां पर सीकर रोड से पानीपेच की ओर आने वाले रास्ते पर अंबाबाड़ी नाले पर मात्र 15 फीट की सड़क रह गई।

- पिछले 5 सालों में जे.डी.ए. ने राव शेखाजी एलिवेटेड रोड बनाने के लिए 642 मकान-दुकान तोड़े, लेकिन बसों का बाड़ा उन्हें नजर नहीं आया था

आये दिन यहां ट्रेफिक जाम और हादसों के बावजूद भी जेडीए प्रशासन ने बसों के बाड़े की दीवार तोड़कर सड़क चौड़ी नहीं की। यहां तक कि 5 साल के लंबे वक्त के बाद निवारू रोड टी जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक की पुलिया पर यातायात शुरू किया गया, तब 15 फीट की 'बोतल नेक' सड़क पर किसी की नजर नहीं पड़ी। यहां तक कि चौमूं पुलिया सर्किल पर बढ़ते ट्रेफिक जाम के कारण ब्रिगेडियर हाऊस की दीवार तोड़कर भी सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का काम किया था, लेकिन यहां पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। जेडीए अधिकारियों की बेबसी इस कदर रही कि बसों के बाड़े के आगे बांस के सामान की अस्थायी दुकानें तक बनी हुई है, उन्हें भी खाली नहीं करवा सके। यहां तक कि गत 5 अक्टूबर को तत्कालीन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने निवारू रोड टी. जंक्शन से लेकर अंबाबाड़ी नाले तक राव शेखाजी एलिवेटेड रोड के प्रथम फेज का उद्घाटन किया, तब भी अंबाबाड़ी नाले पर जहां एलिवेटेड सड़क नीचे उतर रही है, वहां यह संकरी गली छोड़ दी।

इसी तरह पानीपेच तिराहे पर होटल चेतराम से लेकर अंबाबाड़ी तिराहे तक सड़क के बीचोंबीच बना हुआ डिवाइडर लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है, जेडीए के इंजीनियर्स ने यहां पुरानी सड़क को दुरुस्त तो किया, लेकिन डिवाइडर हटाना भूल गए।

अंबाबाड़ी तिराहे से आगे चौमूं पुलिया सर्किल तक बी.आर.टी.एस. कॉरिडोर को खाली कर दिया गया है, लेकिन अब यहां पर सड़क निर्माण हो जाए तो लोगों को आवागमन के लिए एक सड़क और मिल सकेगी।



**अंबाबाड़ी नाले पर राव शेखाजी एलिवेटेड रोड और प्राइवेट बसों के बाड़े के बीच 'संकरी गली' को हटाकर जे.डी.ए. प्रशासन ने सड़क की चौड़ाई बढ़ाने का काम शुरू कर दिया है। राज्य में सरकार बदलने के बाद जे.डी.ए. प्रशासन ने रास्ते में आ रही बाधा को हटाकर सड़क बनानी शुरू की है, इस सड़क को अब 'बोतल नेक' के तमगे से निजात मिलेगी।** फोटो : दिनेश भारद्वाज

## 'देश-प्रदेश के विकास में मारवाड़ियों का महत्वपूर्ण योगदान'

**जयपुर** (कासं)। मारवाड़ी इंटरनेशनल फैडरेशन के संस्थापक महासचिव सीए विजय गर्ग ने बताया कि, मारवाडियों के आर्थिक एक सामाजिक विकास के योगदान पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक कालीचरण सर्राफ ने की। सर्राफ ने कहा कि मारवाड़ी हमेशा सामाजिक एवं आर्थिक विकास में अपना योगदान देते हैं, चाहे वह किसी भी देश-प्रदेश में रहे। आज जितने भी सामाजिक कार्य हो रहे है, उनमें अगर हम देखेंगे तो राजस्थानियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। सामाजिक कार्यों में चाहे शिक्षा से संबंधित हो, धार्मिक आयोजन हो, चिकित्सा से संबंधित कार्यक्रम हो या गरीबों के उत्थान से जुड़े कार्यक्रम। मारवाड़ी अपनी आय का बड़ा हिस्सा इन कामों में खर्च करते हैं, इसी तरीके से राजस्थानियों के डीएनए में बिजनेस का मूल मंत्र छिपा हुआ है । राजस्थान, भारत का कोई भी प्रदेश हो एवं विदेशों में भी अगर हम देखेंगे तो मारवाडी की संख्या व्यापक है, राजस्थान के लगभग डेढ़ करोड़ से अधिक मारवाड़ी देश-विदेश में फैले हुए है। कार्यक्रम में जयपुर व्यापार महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष हरीश केडिया और एम आई रोड व्यापार संघ के अध्यक्ष सुरेश सैनी ने भी कहा कि मारवाडियो का आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहता है प्रदेश एवं देश की सरकारों को व्यापारियों एवं मारवाडियो के लिए सामाजिक सुरक्षा के लिए कुछ योजनाएं लानी चाहिए, जिससे भविष्य में उनका और अधिक योगदान बढ़ सके। राजस्थान कर सलाहकार संघ के पूर्व अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने भी कहा की राजस्थान के सीए एवं टैक्स प्रोफेशनल देश एवं विदेश में अपनी पहचान का परचम पहरा रहे हैं।

## एस.जे.ई.ई. लेजेंड्स ने जीता फाइनल मैच



**जयपुर** । रोटरी क्लब जयपुर सिटीजन द्वारा रोटरी सिटीजन प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया । इसमें 16 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मैच में एस.जे.ई.ई. लेजेंड्स ने जीत दर्ज की । इस अवसर पर एस.जे.ई.ई लेजेंड्स टीम के ऑनर गिरिराज प्रसाद सोमानी व ललिता सोमानी को विनर टीम की ट्रॉफी प्रदान की गई । यह ट्रॉफी उन्हें क्लब के चेयरमैन प्रमोद जैन द्वारा प्रदान की गई । इस अवसर पर क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट सुधीर जैन गोधा, प्रेसिडेंट राजेश गंगवाल और सेकेट्री कमल बर्जात्या समेत सभी सदस्य मौजूद थे । गिरिराज प्रसाद सोमानी ने क्लब के सभी सदस्यों का आभार जताया।

## सार-समाचार

### सेवानिवृति पर गजेन्द्र पारीक का स्वागत



**जयपुर** । शासन सचिवालय के सामान्य प्रशासन विभाग (ग्रुप-4) में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी प्रथम गजेन्द्र पारीक का सेवानिवृति समारोह गुरूवार को मनाया गया। सचिवालय स्थित कॉफ्रेंस हॉल में राजस्थान अकाउंट्स एसोसिएशन, शासन सचिवालय अधिकारी संघ एवं पेंशनर एसोसिएशन की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में पारीक को फूल माला, श्रीफल और शॉल ओढ़ाकर एवं राधा-गोविंददेवजी की तस्वीर प्रदान कर सम्मानित किया गया। उनके 31 वर्ष के सेवाकाल में विभिन्न विभागों के साथियों द्वारा उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के बारे में जानकारी दी गई। समारोह में सचिवालय कर्मचारी-अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष शंकर सिंह मनोहर, राम निरंजन गौड, महेश व्यास, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के वित्तीय सलाहकार सुभाष दातोनिया, जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद वैष्णव, अकाउंट्स एसोसिएशन के विनोद शर्मा व बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

### संतुलित व मिला-जुला बजट : सक्सेना



**जयपुर** । स्वास्थ्य कल्याण होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में चिकित्सक, आचार्य व जयपुर के वरिष्ठ होम्योपैथ प्रो. डॉ. राजीव सक्सेना ने अंतरिम बजट को मिला-जुला व संतुलित व विकासशील बताया। उन्होंने कहा कि उद्यपि नौकरी पेशा व मध्यम वर्ग हमेशा की तरह ही इस बार भी मायूस हुआ क्योंकि आयकर में कोई भी बदलाव और फायदा नहीं दिया। हालांकि महिलाओं, किसानों व युवाओं को आगामी, दूरगामी परिणामों को देखते हुए उन्हें लाभ पहुंचाने की कोशिश की। क्या हर बार की तरह युवाओं को नौकरी या आशानुरूप रोजगार मिल पायेगा क्या? ये अपने आप में एक यक्ष प्रश्न है। किसी भी वर्ग को विशेष सौगात या घोषणा नहीं की गई। महंगाई, पेट्रोल, गैस व पानी- बिजली जैसे ज्वलंत मुद्दों के लिए कुछ भी स्पष्ट नहीं है। सोलर लाइट्स के द्वारा 300 इकाई बिजली मुफ्त सिर्फ किसानों को दी गई है, अच्छा होता कि यह घोषणा सभी वर्गों को सामान्य बिजली आपूर्ति के माध्यम से पूर्ण होती। ये भी स्पष्ट नहीं है कि ब्याज मुक्त ऋण कब, कैसे, कितना व किस तरह से दे पायेंगे? उम्मीद है कि जुलाई माह में इन सब बातों व मुद्दों पर ध्यान दिया जायेगा।

### राम-सीता बने बच्चों ने मन मोहा

**जयपुर** । हरे कृष्ण मूवमेंट जयपुर की ओर से आयोजित किए जा रहे हैरिटेज फेस्ट में जयपुर के अलग-अलग स्कूलों के हज़ारों बच्चे रोज़ाना अपनी कला का अद्भुत प्रदर्शन कर रहे है। गुरूवार को आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों ने भगवान् श्रीराम, सीता और रामायण के चरित्रों की वेशभूषा को धारण किया । मंदिर के अध्यक्ष अमितासन दास ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक क्षण है जब जयपुर शहर भगवान् राम के पवित्र आगमन के इस महत्वपूर्ण मौके पर हरे कृष्ण मूवमेंट के साथ इस उत्कृष्ट कल्चरल आयोजन का हिस्सा बन रहा है। हम सभी उम्मीद करते हैं कि इस फेस्ट के माध्यम से नए पीढ़ी हमारी सांस्कृतिक धरोहर के प्रति जागरूक हो पाएगी। आज के निर्णायक मंडल में ओमप्रकश शर्मा पत्रिका टीवी, दीपक टाटिया, दीपक गोस्वामी और हिम्मत सिंह थे, जिन्होंने बच्चों की प्रस्तुति के लिए उनका उत्साहवर्धन किया।

### 'बजट ने किसानों को किया निराश'

**जयपुर** । किसान मोर्चा के अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा कि देश के किसानो को खुशहाल बना कर ऋण लेने वाले के स्थान पर ऋण देने वाला बनाने की दिशा में 'खेत को पानी -फसल को दाम' के लिए इस बजट में समुचित प्रावधान नहीं किया गया है, जिससे देश का किसान निराश हुआ है। वर्ष 2010 में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद की गारंटी के लिए राजस्थान के दूदू जिले से आरंभ आंदोलन देशव्यापी ज्वलंत मुद्दा है। इतना ही नहीं तो भारत सरकार के संस्थान-कृषि लागत एवं मूल्य आयोग ने भी तीन बार इस प्रकार के कानून बनाने की अनुशंसा की हुई है। इसी प्रकार की अनुशंसा भारत सरकार द्वारा गठित अनेक समितियां एवं आयोगो ने भी की थी। जिनमे डॉक्टर एम एस स्वामीनाथन की अध्यक्षता में गठित राष्ट्रीय किसान आयोग भी सम्मिलित है। इसके पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में किसानों को उनकी उपज के दाम दिलाने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के गारंटी के कानून बनाने को अपरिहार्य बताया था। उस समय वे देश की उपभोक्ता संबंधी समिति के अध्यक्ष थे। तदोपरांत दूसरे कार्यकाल के अंतिम अंतरिम बजट में भी इसकी कोई चर्चा नहीं है ।

### जिम ट्रेनर पर जानलेवा हमला किया

**जयपुर** । मानसरोवर थाना इलाके में एक दर्जन से अधिक बदमाशों ने जिम के ट्रेनर पर जानलेवा हमला कर दिया। जिम ट्रेनर लोगों ने धनवंतरी में भर्ती कराया। वारदात के दौरान लोगों ने पुलिस को कई बार फोन किया। घायल जिम ट्रेनर विश्वराम जाट ने बताया कि उस की जिम में विशाल यादव नाम का एक युवक पिछले छह माह से जिम कर रहा हैं। विशाल से कई बार जिम की फीस मांगी गई, लेकिन विशाल पैसा नहीं दे रहा। इस पर विश्वराम ने विशाल को फीस लेकर आने या फिर जिम छोड़ने की बात कही। तो एक दर्जन युवकों ने उससे मारपीट की।

### ऑपरेशन स्माइल कार्यशाला संपन्न

**जयपुर** । प्रदेश में सभी पुलिस रेंज एवं आयुक्तालय में ट्रांसजेंडर्स को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करने एवं पुलिस के नोडल अधिकारियों को उनके साथ संवेदनशील व्यवहार करने के लिए राज्यव्यापी ऑपरेशन स्माइल चलाया गया है। ऑपरेशन स्माइल के तहत आज यहां एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्तालय जयपुर राजस्थान पुलिस अकादमी के सभागार से इसका शुभारंभ किया गया। इस दौरान पुलिस मुख्यालय एवं आयुक्तालय के ट्रांसजेंडर शिकायत सुनवाई मामलों के पुलिस नोडल अधिकारी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभागाधिकारी एवं ट्रांसजेंडर्स समुदाय के व्यक्तियों ने भाग लिया।

## 'समृद्ध भारत के लिए रोडमैप तैयार करेगा केंद्रीय बजट'

**जयपुर** । सी.आई.आई. उत्तरी क्षेत्र के अध्यक्ष और ल्यूमैक्स-डीके जैन समूह के अध्यक्ष दीपक जैन ने कहा कि "अंतरिम केंद्रीय बजट-2024 भारत के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण पेश करता है, जिसमें बुनियादी ढांचे, युवा, कृषि, महिलाओं सहित अन्य पर ध्यान केंद्रित किया गया है।" सरकार ने 2023-24 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 प्रतिशत पर रखते हुए (जो सीआईआई बजट सिफारिशों के अनुरूप है) राजकोषीय विवेक और समेकन के प्रति सराहनीय प्रतिबद्धता दिखाई है। सी.आई.आई. राजस्थान के अध्यक्ष अभिनव बांठिया ने कहा कि बजट में अतिरिक्त समर्पित माल ढुलाई गलियारों को विकसित करने, "सनराइज डोमेन" के लिए ब्याज मुक्त ऋण के लिए एक कोष स्थापित करने, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से देश के समग्र आर्थिक विकास में मदद मिलेगी। सी.आई.आई. उत्तरी क्षेत्र के उपाध्यक्ष माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि वर्ष 2024-25 में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर रिकॉर्ड 11.11 ट्रिलियन रुपये खर्च का प्रस्ताव निजी निवेश में भीड़ से विकास का मार्ग प्रशस्त होगा।

## 'बजट में दिखा भारत को महान वैज्ञानिक देश बनाने का संकल्प'

**जयपुर** । भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व जयपुर ज्वैलर एसोसिएशन के संयुक्त सचिव राजू मंगोड़ीवाला ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि "यह अंतरिम बजट प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में देश के नवउत्थान से जन-जन को लाभान्वित करवाने की इच्छा शक्ति का बजट है। वहीं अगले दस वर्षों में भारत को महान वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधानों व नवाचारों के द्वारा विश्व की महान शक्ति बनाने का संकल्प भी है। एक लाख करोड़ रुपये की बड़ी राशि इस मद के लिए आरक्षित करना, इसके महत्व को दर्शाता है। मंगोड़ीवाला ने कहा जब भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता के 100 वर्षपूर्ण कर रहा होगा, तब भारत माता विश्व के परम वैभव पर विराजमान हो, यही स्वप्न साकार करने की संकल्पना यह बजट प्रस्तुत करता है।

उन्होंने कहा इस बजट से राजस्थान को केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में 75 हजार करोड़ रूपये मिलेंगे, जो गत बजट से लगभग 10 हजार करोड़ रुपये ज्यादा है। केंद्र और राजस्थान में भाजपा की सरकार भाजपा की होने से अनेकानेक लाभ राजस्थान को मिलेंगे। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा आज संसद में पेश बजट प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का प्रोग्रेसिव दस्तावेज है जो देश के भविष्य के विकास को प्रदर्शित करता है।



राजू मंगोड़ीवाला

मंगोड़ीवाला ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि 11.1 लाख करोड़ रुपये का सबसे अधिक बड़ा व्यापार लगेगा, वहीं लॉजिस्टिक कॉरिडोर बनाने तथा रेलवे की माल ढुलाई की अधिक सक्षम बनाने से माल की आवाजाही और अधिक सरलता से होगी जिससे भी व्यापार में वृद्धि होगी। विभिन्न परियोजनाओं से व्यापार बढ़ेगा, बड़े पैमाने पर रोज़गार भी बढ़ेगा।

## 14 पाक विस्थापितों को मिली नागरिकता

**जयपुर** । जयपुर जिला कलक्ट्रेट में गुरुवार को 52 वर्षीय जयवंती की आंखें उस वक्त छलक आई, जब कई सालों के इंतजार के बाद उन्हें भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। अतिरिक्त जिला कलक्टर अबू सूफियान चौहान ने 14 पाक विस्थापितों को नागरिकता प्रमाण-पत्र सौंपे। इनमें जयवंती के साथ ही 25 वर्षीय भरतराज, 26 वर्षीय पूजा कुमारी, 21 वर्षीय अक्षय कुमार, 23 वर्षीय कंवल देवी, 44 वर्षीय इन्द्रन को भारतीय नागरिकता प्रमाण-पत्र की सौगात मिली। इस मौके पर 46 वर्षीय सचानंद दास, 18 वर्षीय हरीश कुमार, 26 वर्षीय पारूल कुमारी, 27 वर्षीय रोमिया कुमारी, 22 वर्षीय राहुल कुमार, 24 वर्षीय मुकुंद मिहिर शर्मा, 22 वर्षीय कुनाल शर्मा के साथ साथ 34 वर्षीय मनोज कुमार को भी भारतीय नागरिकता का प्रमाण पत्र सौंपा गया। नागरिकता प्रमाण-पत्र मिलने के बाद सचानंद दास ने जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आज कई सालों का लंबा इंतजार खत्म हुआ है और आज हम फक्र के साथ कह सकते हैं कि हम भारतीय हैं। वहीं, लाभार्थियों ने कहा कि नागरिकता का प्रमाण नहीं होने के कारण सरकारी योजनाओं का लाभ मिलने में काफी असुविधा होती थी।

## ए.सी.बी. के नये महानिदेशक राजीव शर्मा ने कार्यभार संभाला



**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के नए महानिदेशक राजीव शर्मा ने पदभार संभालने के बाद शीर्ष अधिकारियों की बैठक ली।**

**जयपुर** । भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के नए महानिदेशक राजीव शर्मा ने गुरूवार को झालाना संस्थानिक क्षेत्र में स्थित ब्यूरो के मुख्यालय में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद महानिदेशक राजीव शर्मा ने शीर्ष अधिकारियों की बैठक ली।

महानिदेशक शर्मा ने अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार की रोकथाम के प्रति बेहद संवेदनशील है। सरकार की नीति के अनुरूप हमें एक मजबूत टीम के रूप में कार्ययोजना बनाकर भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने होंगे। इस अवसर महानिदेशक राजीव शर्मा ने यह भी कहा कि आम नागरिक को सरकारी कार्यों में भ्रष्टाचार से होने वाली पीड़ा को हमें समझना होगा। उसे ऐसी परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, इस दिशा में कार्य करना होगा। संगठित भ्रष्टाचार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। एसीबी के महानिदेशक राजीव शर्मा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टोल-फ्री हैल्पलाईन पर सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

## पुलिस आयुक्त ने सभी थानों में रोजाना जनसुनवाई के निर्देश दिए

**जयपुर**। पुलिस आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ ने सभी थाना अधिकारी, सहायक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन कार्य दिवस पर दोपहर 12 से 1 या शाम 4 से 5 बजे जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं।

जोसफ ने कहा कि आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए यह व्यवस्था दी जा रही है। उन्होंने इस संबंध में सभी थानों पर जनसुनवाई के समय की सूचना पट्टी लगाने और आमजन को जनसुनवाई संबंधी सूचना के प्रचार-प्रसार के भी निर्देश दिए। पुलिस आयुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान आम जनता, परिवादियों की शिकायत समस्याओं आदि का प्राथमिकता से समाधान करें। उन्होंने कहा कि थानों में जनसुनवाई के दौरान थाना अधिकारी के साथ अनुसंधान अधिकारी को भी रखा जाए।

- जनसुनवाई से जुड़ी कार्रवाई जांचने के लिए आयुक्त बीजू जार्ज जोसफ औचक निरीक्षण करेंगे

बीजू जोसफ ने कहा कि अगर किसी कारणवश थानाधिकारी कार्यालय में जनसुनवाई के निर्धारित समय पर अनुपस्थित रहते हैं तो अधीनस्थ अन्य अधिकारी को नामित कर जनसुनवाई नियमित रूप से संपन्न कराई जाए। उन्होंने कहा की जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक परिवाद एवं उस पर संबंधित अधिकारी द्वारा की गई कार्रवाई का विवरण भी ई सुगम पोर्टल पर इंद्राज किया जाना चाहिए। आयुक्त ने कहा कि जनसुनवाई से जुड़ी कार्रवाई को जांचने के लिए वे स्वयं थानों का औचक निरीक्षण कर अपडेट लेंगे। गौरतलब है कि परिवादियों की शिकायतों के समाधान के लिए आयुक्त इससे पूर्व जिला दक्षिण के शिप्रा पथ और पूर्व के कानोता थाने में जनसुनवाई कर आमजन को राहत दे चुके हैं।

## ट्रक ने स्कूटी सवार युवती को कुचला

**जयपुर** । करधनी इलाके में बैनाड़ रोड पर गुरुवार दोपहर में एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार युवती की मौत हो गई, जबकि एक महिला घायल हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला। मौके पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाने पर खड़ा करवा दिया। सडक दुर्घटना थाना पश्चिम पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार दूदू निवासी 19 वर्षीय सरोज अपनी सहेली के साथ बाजार जा रही थी। दोपहर करीब तीन बजे बैनाड़ रोड पर उनकी स्कूटी को एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से महिला उछल कर सडक पर गिर गई और ट्रक ने उसे कुचल दिया। दूसरी महिला टक्कर के बाद दूसरी दिशा में गिर गई।

## बाइक सवार बदमाश ने महिला का पर्स छीना

**जयपुर** । झोटवाड़ा इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला से पर्स छीनकर ले गए। महिला शॉपिंग के लिए देवर के साथ पैदल मार्केट जा रही थी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। एएसआई राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि सरस्वती नगर एयरपोर्ट निवासी 32 वर्षीय ज्योति शर्मा अपने जेवर से साथ खरीददारी करने जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार बदमाश आया और उसके हाथ से पर्स छीनकर ले गए।

पीडिता अपनी ननद की शादी में निवारू रोड आई थी। 29 जनवरी को दोपहर देवर के साथ निवारू रोड पर मार्केट में शॉपिंग करने जा रही थी। शांति स्कूल के सामने पहुंचने पर पीछे से आए बाइक सवार बदमाश ने अचानक पर्स पर झपट्टा मारा। टाइट पर्स पकड़ा होने के कारण बदमाश ने तेजी से झटका मारा और उसे रोड पर गिराकर चोटिल कर दिया और उसका पर्स छीन लिया।

महिला ने बताया कि देवर और महिला के शोर मचाकर पीछा करने पर लुटेरा तेजी से बाइक लेकर फरार हो गए। घायल ज्योति का नजदीक के प्राइवेट हॉस्पिटल में प्राथमिक इलाज करवाया गया। ज्योति के पैर-हाथ में कई जगह चोट आई है। लूटे गए पर्स में सोने की 2 अंगूठी, चांदी की 4 अंगूठी, करीब 60 हजार रुपए और मोबाइल रखा था।पुलिस फुटेज के आधार पर बदमाश को ढूंढ रही है।

## फर्जी पुलिसकर्मी बनकर युवक से मारपीट की

**जयपुर** । हरमाड़ा इलाके में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर एक युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। तीन बदमाशों ने पुलिसकर्मी बनकर युवक को जमकर पीटा और उसके कपड़े फाड़ दिए। पीडित ने थाने में तीन लोगों के खिलाफ शिकायत दी गई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज देखकर तीन युवकों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को युवक का कांवटिया अस्पताल में मेडिकल कराया गया।

पुलिस ने बताया कि संगम कॉलोनी न्यू लोहा मंडी निवासी प्रशांत जोशी ने शिकायत दी है। शिकायत में बताया कि वह 30 जनवरी की शाम सब्जी लेने बाजार गया हुआ था। इसी दौरान गाड़ी में 3 लोग आए। सब्जी वाले के पास खडे हो गए। इसी दौरान एक युवक ने मेरे साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। उसके साथ वाले दोनों व्यक्तियों ने भी उस के साथ जमकर मारपीट की। तीनों बदमाश खुद को पुलिसवाला बता रहे थे।भीड के जमा होने के बाद भी आरोपी युवक के साथ मारपीट करते रहे। लोग बचाने आए तो बदमाश बोले- थाने में हमारा अधिकारी है। बदमाशों ने युवक के कानों में पहनी हुई सोने की बालियां भी खींच ली।

## प्रधानमंत्री मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से महिलाओं का हो रहा विकास : झाबर सिंह खर्रा

**जयपुर** । भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज शक्ति वंदन जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। शक्ति वंदन कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन विभाग मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में चलाई जा रही योजनाओं पर चर्चा की। मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने और उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर करने का कार्य किया जा रहा है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही लखपति दीदी योजना में भी प्रदेश सहित देशभर की महिलाओं को इससे मदद मिलेगी। शक्ति वंदन कार्यक्रम देशभर में चलाया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य भी महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है।

कार्यशाला में शक्ति वंदन अभियान की प्रदेश संयोजक पूजा कपिल मिश्रा ने अभियान की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पूजा कपिल मिश्रा ने कहा कि शक्ति वंदन अभियान के तहत 48 लाख स्वयं सहायता समूह की बहनों के माध्यम से राजस्थान की 2 करोड़ महिलाओं से संपर्क किया जाएगा। लखपति दीदी योजना के तहत संपूर्ण भारत में 3 करोड़ तथा राजस्थान से 15 लाख से अधिक बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता पीएम मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों के बारे में विस्तार से महिलाओं को बताएं। केंद्र सरकार की अधिकांश योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं जन कल्याणकारी नीतियों की लाभार्थी महिलाओं से संपर्क कर उनसे संवाद करने के लिए जिला कार्यकारिणी को निर्देशित किया है। शक्ति वंदन कार्यशाला में मेयर सौम्या गुर्जर, अभियान की प्रदेश सह संयोजक डॉ अपूर्वा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अजय पारीक, जिला महामंत्री एवं कार्यशाला आयोजक कृष्ण मोहन शर्मा, जिला महामंत्री कुलवंत सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, पार्षद रेखा राठौड़, जयपुर शहर मीडिया प्रभारी शिव कुमार चौधरी मौजूद थे।

- 'शक्ति वंदन अभियान के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य करेंगे भाजपा कार्यकर्ता : राघव शर्मा



## Women's Heart Week

Because heart disease can look a little different in women than in men, diagnoses are often missed or symptoms are dismissed. Some women, who have heart attacks, are even told that their symptoms are all in their head and are sent home by a doctor, sometimes, diagnosed with a mental illness instead. This is why it is so vitally important for women to be educated about the signs and symptoms, taking their heart health into their own hands and learning to advocate for themselves. Women's Heart Week is just the time to do it!



#DIETING

# Why Is It Hard To Lose Weight In Winter

Diets can fail if they're not aligned with the body's natural inclinations





After the holidays, many people make 'dieting' a New Year's resolution. But winter may pose challenges if your goal is to dramatically lose weight.

Natalie Thompson, a certified Nutrition Specialist and certified Wellness Coach at the University of Rochester Medicine's Centre for Employee Wellness, explains why you might be fighting nature when dieting in winter.

### Dieting

While the term 'diet' now suggests counting calories and skipping dessert, it also refers more simply to the kind of foods, a group of people eat. But 'going on a diet' suggests restricting certain foods, which can be counterproductive.

"Restrictive diets are very 'yes' or 'no,' and they often fail because of the lack of choice," Thompson says. "That's so hard to do, especially with something as necessary as food." Because restrictive diets lay out what you can and cannot eat in black-and-white terms, it can be difficult to stick with them for a long period.

### Losing Weight In Winter

Diets can also fail if they're not aligned with the body's natural inclinations. 'New Year's resolution diets' are a good example. Though the start of the year is an excellent time to reflect on lifestyle habits and make healthy changes, winter is not the best season to expect massive weight loss. That's because our bodies hold onto calorie reserves and crave calorie-rich foods when the temperature drops.

"In the colder weather, we're more inclined towards sleeping and resting for longer periods," Thompson says. "Our bodies crave more calorically dense foods, or rich foods. These comfort foods fill us up and give us heat from the inside out."

### Listen To Your Body

- "In the winter, there are ways to make healthy, nourishing, calorically balanced meals to suit those warm, comforting, cozy cravings," Thompson says. She suggests incorporating soups and stews into your diet using ingredients such as:
- Whole grains like brown rice, quinoa, barley, or buckwheat
- Beans and lentils
- Winter squashes like butternut or acorn squash
- Root vegetables like beets, carrots, or parsnips

When the weather gets warmer, we naturally want to eat lighter foods. It's the perfect time to include more raw vegetables and fresh fruits in our meals. Recipes that coincide with cravings during the spring and summertime might also use:

- Chicken and fish
- Harvest greens
- Quinoa and rice salads

No matter the season, try to include protein, whole grains, and fruits and vegetables in each meal. "For the most part, our bodies are going to tell us what we need and what we don't need," Thompson says.


### How To Start Changing Diet?

Instead of clearing your cabinets or cutting out entire categories of food from your diet, first look at your lifestyle and food behaviour patterns. Thompson encourages those who want to make a 'dietary change' to start by finding their own definition of 'diet.' "Ask yourself, "What are the foods I choose to eat?" and "What are the circumstances in which I eat those foods?" Then, decide what you want to change."

"We're not always intentional with food. When we turn to food for any reason, without knowing that what we're doing, that's when we get lost in the food," Thompson says. "The key is to become attentive to our bodies and the person that we are, and listening to what it is 'that we need.'"



# *Anarkali's* night with the Sultan



Odalisk or the Imperial concubine.

The world of *Anarkali* was a very different one from what has been depicted in the movies and popular literature. It was a world full of 'sensuality' and 'romance' where the women existed to pleasure their *Sultan* or the *Badshah*. Women of the harem vied for *Sultan's* 'green handkerchief' which meant a night with him and the possibility of siring 'a future king.'





There was a whole hierarchy of women within the harem.



The 'Ottoman' Harem.



**Shailaza Singh**
*Published author, poet and a YouTuber*

Jalpari and her goddaughter, *Anarkali*, entered the royal chambers of the Queen Mother, Valide Sultan Nurbanu, and mother of *Sultan* Murad III. With her perfumed hair, glistening down to her lower back in a river of red-gold streaked with gray, Valide Sultan Nurbanu turned her head slowly to emphasize her power. The 'Ottomans' accepted that a *Sultan* could have many wives, but he could have only one head of his *harem*. Nurbanu, the mother of the *Sultan* occupied that unique place of honor. She was entrusted with the most intimate and private possessions of her son, his harem women, who would produce the *future sultan* of the 'Ottoman Empire.'

"Rise Jalpari, what is it that brings you to me today, after all these years? Who is this pretty *odalisk* with you?" said the Valide Sultan, who could not be expected to remember all the concubines.

"Your Majesty, I come to you with a heavy heart. I have enjoyed the gracious luxuries of the Seraglio, during my life, and have served three *Sultans*. As you might recall, I was sent to this palace by the Emperor Humayun of the 'Mughal' dynasty in *Hindustan*. In return, the magnificent *Sultan Suleiman* granted him amnesty from conquest by the powerful Ottoman armies."

"Yes, yes. I do recall. And I am pleased with the service you rendered to the three *sultans*. Suleiman, Selim, and now Murad, my son. What is your wish?" The *Valide Sultan* asked the *odalisk*.

"Your Majesty, this is *Anarkali,* a pomegranate blossom who dances for the *Sultan* at the festive occasions."

"Yes, I recall. She looks so different in her *harem attire*!"

Nurbanu did indeed recall Anarkali's presence in the harem, once she was reminded of the *odalisk's* name. Anarkali was still young and held 'much potential' for a role in the *harem*.

"Your Majesty, *Anarkali* has been born in this *harem* from the union of the previous *Sultan*, Selim II and Safiye. She is a direct descendant from the love of Sultan Suleiman and her mother, the *first Anarkali*. She is of the royal blood from Sultan Suleiman. I adopted her when she was born and have taken care of her. We have a joint petition for you today."

"Before I listen to your petition, tell me, knowing that she has Royal blood in her, has *Anarkali* had her *Nobet-Gecesi*, night turn, with my son, Sultan Murad?" Valide Sultan Nurbanu, from Venice, the former Cecilia Baffo, was always partial to any woman with Venetian blood in her. She wanted Venetian blood to flow to the future 'Ottoman' *Sultan*.

So, Anarkali had not yet been granted the night with the *sultan*.

"Not yet, my lady. The Sultan has not graced her with his green handkerchief."


"Well then, I'll have to talk to Murad about her. I am surprised my son has not chosen her yet. She has such a beautiful face and body. I will ask the *Kizlar Agha* to disrobe and inspect her. Now, what is it that you wish to petition?"

"Your Majesty, it is my desire to die in the land I was born in, *Hindustan*. Should you grant our request, Anarkali and I would like to go to *Hindustan*, for she, as my adopted godchild, would like to be with me in my dying days." Jalpari then waited for Valide Nurbanu's answer.

"I will talk to Murad about the green handkerchief for Anarkali and whether this petition should be granted."

"Yes, your Majesty. We will wait eagerly." said Jalpari, as both the houris withdrew.

It was soon after that Jalpari and Anarkali were summoned back to the Valide Sultan's royal chambers and were told that their request had been granted. However, Anarkali would spend a night with the *sultan*, before she was allowed to leave.





Ottoman women enjoying coffee in Harem.

> The Kiaya inspected the nude girl, shaking her head at the profusion of hair on Anarkali's body. The Kiaya handed her over to three slaves, who began by washing her. After depilating her completely, carefully inspecting nostrils, ears, pubic area, and anus, they draped her in a muslin shirt, which did nothing to hide the outlines of her body.

But the decision made by Sultan Murad was not just a matter of simply granting Jalpari 'her sincere wish to return to her motherland.' No, the decision was a 'strategic one,' as most of the decisions made by the *sultan* tended to be.

You see, Akbar, the Great, the 'Mughal' Emperor, had written to the 'Ottoman' *sultan* and expressed his desire to offer the 'Sultan' one of his own concubines, a Persian woman of great beauty and status, Parveen. In return, the Sultan agreed to exchange concubines.

"After the *hammam* gediclis bathe and perfume, you should line your womb with the delicate rind of a pomegranate, so that you don't get pregnant," advised Jalpari. "If your womb lets his seed blossom into a life, you will not be allowed to leave."

"Today, the *kiaya of the baths* will treat you with special care, and you will see many places in the harem that you haven't before, even though you have been here all your life. It is your day and night to be pampered."


"This is the 'Golden Path' that leads from the Valide's apartments to the men's part of the palace. It is called the 'Golden Path' because it is where the *Kadins* go, when they sleep with the Sultan." The Golden Path was a long, narrow corridor, tiled in yellow and blue of flawless glaze, which ran along the side of the Valide's courtyard between the apartments of the *Kadins* and *Iqbals*, past the harem mosque and up to the courtyard of the *Kafes*, or Cage.

The *Kiaya* inspected the nude girl, shaking her head at the profusion of hair on Anarkali's body. The Kiaya handed her over to three slaves, who began by washing her. After depilating her completely, carefully inspecting nostrils, ears, pubic area, and anus, they draped her in a muslin shirt, which did nothing to hide the outlines of her

## #ONE CONCUBINE TWO EMPERORS



## PART: 3





body, and led her to the first hot chamber.

The *Kiaya* rattled on in her Georgian-French accented Turkic, as she unwound her turban. "If the Sultan wants 'a favorite for her sensuality,' he chooses a Berber. If he wants 'handsome and numerous children,' he chooses a Persian. If he wants 'servility,' he takes a Greek. You, Anarkali, will live to be a *Kadin,* who will be remembered. After all, *Valide Sultan Hurrem* in Sultan Suleiman's time, although beautiful, started only with golden-red hair and green eyes that attracted the *Sultan*. She achieved perfection with a union of her mind with her body. She united the 'willingness of a Greek' with the 'virtuosity and adoration of an Egyptian,' the 'lascivious movements of an Algerian' with the 'hot-bloodedness of an Ethiopian.' She combined the 'shamelessness of a Frank' with the 'consummate science of a Hindu,' the 'experience of a Circassian' with the 'passion of a Nubian,' the 'narrowness of a Chinese' with the 'muscular violence of a Sudanese,' 'the vigor and delicacy of a Persian'...she became his wife. I think you could meet or exceed these qualities, particularly, if you produce a son for the *Sultan*."

With all the tenderness in her fingers, the *Kiaya* began to explore her body with her hands. Anarkali had realized that the *Kiaya* was required to gauge the erotic and sensual possibilities within her. Her hands caressed Anarkali's innocent flesh, pressing and testing for firmness, texture, the rising of the blood, the odor, the beauty and color of its complexion, its softness. "It is a royal kouss," the Kiaya pronounced *Anarkali* 'a worthy fit' for the *Sultan*.

Anarkali lay on a warmed marble slab while a black gedicli, slave, massaged her shoulder, her back, her thighs, and calves with a mixture of warm rice flour and oil. Heated water, steamed in pots, was kept beside her to keep the mud pack warm and supple. The curves and hollows of her body, their pulses and shadows, were all as perfectly proportioned as if they were fashioned by a master sculptor.

*Anarkali* was then escorted to the *Kiaya* of the Lingerie. In a swirl of silk and gauze, exquisite lace and embroidery, she was literally taken over by the *Wardrobe Kiaya*, who had already decided on her costume, *azure green* for the color of her eyes, *gold silk* for her hair, and *camellia rose* for the color of her skin. Costumes were draped, tied and untied, adjusted, then discarded. Dark blue *velvet vests* were brocaded in *silver,* silver slippers, an *azure turban* was draped in *emerald* chains. Then the *Kiaya of the Jewels* began to drape her from head to toe, with the most gorgeous of the 'harem jewels.' She devised a way to attach tiny diamonds to Anarkali's tresses. She placed a diamond necklace in such a way that it covered her shoulders and reached down below her bustline.



She smoothed her hands across the delicate silks and lush satins, sifting through the chest of jewels, blood-red *rubies*, dark green *emeralds*, *sapphires*, as blue as the sea. She stepped into a pair of billowing red-and-gold-striped *salwar* in a silk, as thin as tissue, over her head. She slipped a low-cut filmy dress, and over that, a finely embroidered *yellow-tunic* that buttoned well below the swell of her curves. She slung a wide *cashmere sash,* covered with colorful stones and sequins, around her hips. From an array of gems, she chose *pearl-and-ruby clusters* that dangled from her ears, *ropes of pearls* to glisten her neck, *gold rings*, and gold *bangles,* encrusted with rubies, sapphires, and pearls and *bracelets* of precious stones for her ankles.

> The Sultan was much taller and much more robust than she had imagined him. His eyes and beard glistened in the torchlight. Anarkali's darkened eyebrows arched over the limpid green of her eyes like the cloudy line of an approaching storm. Her cheeks were perfect ovals. She had an elegant nose, a graceful mouth and a strong neck.

She was ready for her royal lover. She had completed her preparation in the erotic arts. The Kizlar Agha then escorted Anarkali past the 'Golden Path' into the 'Sultan's chambers.'

The door opened into a huge penumbral chamber, where two ten-foot-high torches burned, one at the door and the other at the foot of a dais. On the dais, raised a foot above the marble floor, sat *Sultan Murad*, the "Lord of the Two Seas and Two Continents." He wore a simple white robe, edged in ermine. The dagger at his waist was studded with *opals*, and the plume of a *white egret*, in his turban, was held in place by a cluster of diamonds and rubies. The room was heavy with perfume, incense, and amber-scented coffee. The *Sultan* was much taller and much more robust than she had imagined him. His eyes and beard glistened in the torchlight. Anarkali's darkened eyebrows arched over the limpid green of her eyes like the cloudy line of an approaching storm. Her cheeks were perfect ovals. She had an elegant nose, a graceful mouth, a long throat, and a strong neck. "Yes," thought the Sultan, "the Kizlar Agha had chosen well." His eyes travelled further. Her waist was perfect, and her bosom and belly were well-shaped and marked. She had small hands and minuscule feet of surpassing elegance, bronzed arms, and lovely, lovely shoulders.

Anarkali dropped to her knees, bowing her head, so that her entire body was covered by her dark hair that fell in wavelets, spreading out upon the floor. She began to make little moaning sounds, and real tears started in her eyes as she began, under the tent of her hair, to caress herself as she had been instructed by the *Kiaya*. She moved slowly toward the bed. He reached out and took the edge of her gomlek between his thumb and forefinger and parted it. He did not touch her. The Sultan remained motionless. The gauze of her gomlek opened like a theatrical curtain. Her *salwar* billowed out, and her embroidered slippers flew off. But she restrained herself as she pulled back her veil, stepped out of the *salwar* that circled her ankles, folded them, and dropped them on the floor in a rich waterfall of clothes.


Anarkali lifted her arms and placed her hands behind her head. She lay golden in the candlelight against the white sheet. Her lips quivered and curved into a smile as a tear escaped down her cheek. Anarkali released her hair with one hand, offering herself.

What mattered was that the *Sultan* was different from the men whom she had gazed at, through latticed partitions. His kiss made her forget to scream. A thousand joyous bee stings rocked her, spiraling from her groin to her belly, in tremors of 'scorching desire.' With a low groan, the *sultan* pressed his *Kadin* back upon the myriad of cushions and pillows. Eyes closed, she began to tumble into her own 'abyss of pleasure.' He hovered over her as they clung to each other with a pleasure so great that it burned. For a while, he lay there, his hands caressing her. The pleasant odor had begun to recede. All sound, even the mysterious shuffling, evaporated into absolute silence until she was floating in a soft fog through the darkness, a wandering spirit held captive in a still body. The two slaves watched silently in the corner, ready to spring forward with whatever service was necessary to the *Sultan* and his *Kadin*. At a sign, the slave pressed a gold-coated opium pill into the *Sultan's* outstretched hand. The next morning, *Sultan Murad* kept his word.

When asked about why didn't the 'Ottoman kings' marry, Nav Gulati says, "Until 1402 Ankara war, 'Ottoman' *Sultans* made marriages. After that decisive defeat, Timur took Bayezid's wife, Despina Hatun as hostage and humiliated 'Ottoman dynasty' this way. Therefore, it was forbidden for any *sultan* to get married with anyone till Suleiman married Hurrem. Only slaves were allowed as mothers of their children."


**-To be continued**

*rajeshsharma1049@gmail.com*






## THE WALL





## BABY BLUES


By Rick Kirkman & Jerry Scott





## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# महुवा विधानसभा के गांवों को मिलेगा पानी, किसानों की समस्या समाप्त होगी : किरोड़ी

## कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने किसानों से मॉडल खेती करने की बात कही

**महुवा, (निसं)।** कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने गुरुवार को महुवा विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों को संबोधित किया। जहां उन्होंने गांव मोहनपुर व पीपलखेड़ा में आयोजित नववर्ष स्नेह मिलन समारोह कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वे हमेशा गरीबों के साथ रहे हैं और गरीबों की लड़ाई लड़ी है जिसका परिणाम है कि अब लोगो को सिंचाई के लिए गांव गांव पानी मिलेगा। उन्होंने कहा की भाजपा सरकार ने प्रदेश में जल उपलब्धता के नए युग की शुरुआत कर दी है राजस्थान के 13 जिलों में 2.80 लाख हेक्टेयर की सिंचाई इस पानी से होगी।

उन्होंने लोगों से कहा कि महुवा विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांव से निकलते हुए यह पानी की नहर बाणगंगा नदी स्थित टुडीयाना एनीकट में पानी का भराव होगा। जहां से भरतपुर तक पानी छोड़ा जाएगा उन्होंने कहा कि यह योजना 400 किलोमीटर की लंबाई की है जिसे आने में आने में थोड़ा समय लग सकता है पर आने वाली पीढियों को वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के लिए 50 हजार करोड रुपए का खर्चा आएगा जिसमें 40 हजार करोड रुपए केंद्र व 10 हजार करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि किसानों को अब मॉडल खेती करने की आवश्यकता है जहां किसान पॉलीहाउस बनाकर मॉडल खेती का काम करना शुरू करें।

उन्होंने बताया कि नई तकनीकी से खेती में फसल तैयार कर बड़ा मुनाफा कमाया जा सकता है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि अब कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा गांव-गांव पहुंचकर किसान हित में केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई गई योजनाओं को लोगों को जानकारी देंगे। उन्होंने कहा कि जानकारी लेकर किसान प्राकृतिक खेती करने पर लौटें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 15000 महिलाओं को चिन्हित कर ड्रोन चलाकर खेती करवाई जाएगी। वही खाद और दवा देने से जमीन खराब हो रही है वही पैदा होने वाली फसल भी आमजन को सेवन करने में नुकसान दे रही है।

उन्होंने कहा कि सवाई माधोपुर में करीब 200 किसान कि एक संगोष्ठी आयोजित की जिसमें किसानों द्वारा बताया गया कि एक बीघा जमीन में करीब 1 साल में 10 से 12 लाख रुपए कमाया जा सकता है। पीपलखेड़ा में पशु पालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि किसान पशुपालन को भी बढ़ावा दें जिससे किसानों को अधिक फायदा हो सके।उन्होंने कहा कि किसानों को नई तकनीकी के साथ पशुपालन का काम करना चाहिए। इस दौरान मंत्री ने पीपलखेड़ा गांव में उपपशु केंद्र खोले जाने की घोषणा की। महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के लिए ईआरसीपी की योजना सुचारू कर नए युग की शुरुआत की है जिससे उनके विधानसभा क्षेत्र के गांवो से यह पानी की नहर निकलते हुए वेड़ा जगरामपुर, कोडला, हुडला, बालाहेड़ी सहित अन्य बांधों में पानी का भराव किया जाएगा।

वहीं बाण गंगा नदी में टुडीयाना गांव में एनिकट में पानी का भराव किया जाएगा जहां से भरतपुर तक पानी छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सभी जगह पानी पहुंचने से किसानों की समस्याएं समाप्त हो जाएगी और किसान अपनी जमीन पर फसल कर मुनाफा पा सकेगा। वहीं लोगों की पेयजल की समस्या भी समाप्त होने से खुशहाल महुवा हो जाएगा।


पीपलखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा कृषि मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा व गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम से गांव पीपलखेड़ा में देवनारायण आवासीय विद्यालय खोले जाने की मांग की जिस पर दोनों मंत्रियों ने सहमति जताते हुए पहले बजट में पीपलखेड़ा में देवनारायण आवासीय विद्यालय खुलवाये जाने की घोषणा की। कार्यक्रम से पहले नेशनल हाईवे पर कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले पशुपालन एवं गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह का इंतजार किया। जहां उन्होंने मंत्री बेढम के पहुंचते ही डॉक्टर किरोडी लाल मीणा व महुवा विधायक राजेंद्र प्रधान ने माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। वही पशुपालन मंत्री बेढम ने भी कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा का तोलिया गले में डालकर स्वागत किया। कार्यक्रम में हरिराम गुर्जर ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोक कथाएं सुनाई। पूर्व जिला प्रमुख अजीत सिंह , महेंद सिंह खेड़ला,प्रधान गीता गुर्जर, मानसिंह, सरपंच घनश्याम गुर्जर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं मंच संचालन राजेंद्र गुर्जर ने किया।



महुवा के गांव पीपलखेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री डॉक्टर किरोडी लाल मीणा, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम व अन्य अथिति मौजूद रहे।

■ पीपलखेड़ा व मोहनपुर गांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री ने लोगों को संबोधित किया

# लुटेरी दुल्हन गैंग का खुलासा, दो गिरफ्तार



पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया।

**पावटा, (निसं)।** प्रागपुरा थाना पुलिस ने शादी कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के आरोप में दो फर्जी दुल्हनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। प्रागपुरा थाना पुलिस का कहना है कि एक लड़की को दुल्हन के रूप में पेशकर ये शादी रचाते हैं फिर दूल्हे और उसके परिजनों को ब्लैकमेल करने लगते हैं। पुलिस का कहना है कि इस गैंग ने कितने लोगों को चूना लगाया है यह पता अभी नहीं चल पाया है।

जिला कोटपुतली बहरोड पुलिस अधीक्षक रंजीता शर्मा ने बताया कि प्रागपुरा थाने मे दर्ज प्रकरण में कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली नेम सिंह के निर्देशन व वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर रोहित सांखला के सुपरविजन में प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए गुड़िया पुत्री त्रिलोक निवासी रोड न. 5 दाल मील के पास गंगाशहर, शारदा देवी पत्नी बनवारी लाल निवासी गडसाना को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि रामसिंह पुत्र कैलाश चंद ने मामला दर्ज करवाया था कि 23 जनवरी को दोनों भाईयों की शादी हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार पावटा एक होटल में संपन्न हुई थी। वहीं सगाई की रस्म बीकानेर में गुड़िया के घर हुई थी। सगाई पर मध्यस्थ सोहनलाल पंडित ने एक एक लाख रूपए लिए थे।

वहीं गुड़िया व शारदा व इन दोनों की मां बनी कमला देवी व पंडित सोहनलाल ने 6 लाख रुपए शादी से हड़प लिए। वहीं शादी का खर्चा 5 लाख रुपए भी परिवादी द्वारा ही उठाया गया। दोनों लड़कियां शादी के बाद दोनों भाईयों के साथ खुशी से रह रही है। वहीं अब इन दोनों की मां बनी कमला देवी व पंडित सोहनलाल ने दोनों लड़कियों को साथ रखने की एवज में पुनः 6 लाख रुपए की मांग करने लगे। जिस पर रुपए नहीं देने पर कमला देवी व पंडित सोहनलाल व दोनों लड़किया झूठे मुकदमे बनाकर जेल भिजवाने व स्वयं आग लगाकर आत्महत्या करने की व दोनों भाईयों को जान से मारने की धमकी देते हैं। जिस पर प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया व कार्यवाही करते हुए गुड़िया पुत्री त्रिलोक निवासी गंगाशहर, शारदा देवी पत्नी बनवारी लाल उम्र 28 साल निवासी गडसाना को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

■ पुलिस का कहना है कि इस गैंग ने कितने लोगों को चूना लगाया है यह अभी नहीं पता चला है

# बेटी-दामाद को हेलीकॉप्टर से विदा किया

## पिता का सपना था कि बेटी आईएएस बन जाएगी तो उसकी शादी कर विदाई हेलीकॉप्टर से करेंगे

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर के रहने वाले एक पिता का सपना था कि जब मेरी बेटी आईएएस बन जाएगी तो वह उसकी शादी कर विदाई हेलीकॉप्टर से करेंगे। गुरुवार को पिता का सपना पूरा हुआ। पिता ने धूमधाम से अपनी बेटी की शादी आईपीएस दामाद के साथ की। जिसके बाद शहर के कॉलेज ग्राउंड से बेटी और दामाद को हेलीकॉप्टर से विदा किया।

धौरमुई के रहने वाले डॉ. अमर सिंह ने बताया कि उन्होंने सपना देखा था कि जब उनकी बेटी आईएएस बन जाएगी तो, वह उसकी विदाई हेलीकॉप्टर से करेंगे। आज वह अपना सपना पूरा कर रहे हैं। डॉ. अमर सिंह और उनकी पत्नी नीतन सिनसिनवार पेशे से डॉक्टर हैं। डॉ. अमर सिंह और माता डॉ. नीतन सिंह दोनों ही सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे। लेकिन सेवानिवृत्ति लेकर दोनों ने अपना खुद का अस्पताल शुरू किया। उनकी बेटी डॉ. अपराजिता ने साल 2011 में नीट की परीक्षा पास की और साल 2017 में हरियाणा के रोहतक से एमबीबीएस पूरी कर ली, लेकिन अपराजिता आईएएस बनना चाहती थी। इसलिए उन्होंने सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी की और वर्ष 2019 में वह आईएएस बन गई।

वह तीन साल आंध्र प्रदेश कैडर में रहने बाद उत्तर प्रदेश कैडर में आ गई। फिलहाल वह उत्तर प्रदेश के चंदौली में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात हैं। अपराजिता की शादी देवेंद्र चौधरी के साथ हुई है। जो चूरू जिले के खसौली गांव के रहने वाले हैं। देवेंद्र कुमार का सिविल सेवा परीक्षा 2021 में चयन हुआ। वह आईपीएस बने जो फिलहाल उत्तर प्रदेश के बनारस में अंडर ट्रेनी आईपीएस लगे हैं। दोनों की शादी विगत रात भरतपुर की एक निजी होटल में संपन्न हुई और उसके बाद आज कॉलेज ग्राउंड से नवदम्पत्ति हेलीकॉप्टर से रवाना हुआ।



नवदम्पति के हैलीकॉप्टर की विदाई देखने के लिए काफी संख्या में आमजन एमएसजे कॉलेज पहुंचे।

■ पिता ने धूमधाम से अपनी बेटी की शादी आईपीएस दामाद के साथ की

# ठेकेदार की हार्टअटैक से मौत

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में एक ठेकेदार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मृतक का शव पैट्रोल पंप के बाहर पडा था। पुलिस के अनुसार सुबह सूरजपोल पर एक पैट्रोल पंप के बाहर एक अधेड का शव पड़ा था। यह देखकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर थाने से जाब्ता गया और शव को उठाकर मोर्चरी में रखवाया और उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार परिजनों को सूचित किया। मृतक की पहचान हरिराम (58) पुत्र वक्तावत यादव निवासी यादव मोहल्ला देलवाड़ा के रूप में हुई। मृतक के परिजनों ने बताया कि यह उदयपुर में टाईल्स ठेकेदारी का काम करता था और किसी शादी में गया था, जहां से गुरूवार सुबह उदयपुर में उतरा था। पुलिस के अनुसार यह पैट्रोल पंप पर उतरा और इसकी अचानक तबीयत खराब हो गई और यह नीचे बैठा और मौत हो गई। सूचना पर एएसआई तेज सिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बीकानेर में एयर शो का आयोजन हुआ



बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन पर आसमान में सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम के प्लेन विभिन्न आकृतियां बनाते नजर आए।

**बीकानेर, (निसं)।** वायुसेना की ओर से गुरुवार को यहां बीकानेर के नाल एयरफोर्स स्टेशन में एयर शो का आयोजन किया गया। आसमान में सूर्य किरण एरोबेटिक्स टीम के प्लेन विभिन्न आकृतियां बनाते नजर आए। एयर फोर्स के सुखोई एसयू-30 और तेजस फाइटर प्लेन ने भी आसमान में अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। सूर्यकिरण के लाल रंग के सफेद पट्टी वाले प्लेन आसमान में कलाबाजियां कर रहे थे, तो हर कोई इस नजारे को मोबाइल कैमरे में कैद करने को लालायित दिखा। एयरफोर्स स्टेशन में आम लोगों को भी एयर शो देखने के लिए प्रवेश दिया गया।

नाल के साथ बीकानेर शहर के आस-पास भी सुबह 9 बजे से 12 बजे तक प्लेन चक्कर काटते रहे। बीकानेर शहर से हजारों की तादाद इस एयर शो के साक्षी बने। बड़ी संख्या में एयर शो देखने एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे। जबकि नाल व आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र में लोग घरों की छतों पर खड़े होकर एयर शो का आनंद लेते नजर आए।

एयर शो में फाइटर प्लेन ने जहां कलाबाजिया खाकर, कभी सीधे खड़े रहकर तो कभी 360 डिग्री घूमकर लोगों को चौंकाया। वहीं सूर्य किरण के आठ प्लेन एक साथ कभी प्लेन की आकृति तो कभी दिल और अन्य आकृतियां बनाते नजर आए। एयर शो की कई दिन से तैयारी चल रही थी। इससे पहले साल 2018 में बीकानेर में एयर शो का आयोजन किया गया था।

# आपसी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने दो युवकों के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते उसके भाई पर चाकू से हमला कर घायल करने का मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद खान पुत्र छोटु खान निवासी गोसिया कोलोनी गली नम्बर 2 किशनपोल ने मामला दर्ज करवाया कि उसका भाई मस्तान जो उसकी मौसी अकिला के यहा पर रहता है। 30 जनवरी रात्रि को करीब 11 बजे अजमेर जियारत करने के लिए निकला था। करीब 11.45 बजे आसिफ चिकन वाले ने उसे घर आकर बताया कि उसका भाई मस्तान रईश के यहां पड़ा है जिस पर वह टेम्पो लेकर उसके साथ ईमरान और शादाब को लेकर मौके पर गया तो उसका भाई जख्मी हालत में पड़ा था।

जिससे बात की तो उसने बताया कि वह पैदल जा रहा था कि पीछे से पटेल सर्कल कि तरफ से एक कार आई, जिसमे दो लड़के बैठे थे। कार को आगे जाकर रोका, जिसमें मीत उतरा व उसके साथी गौतम ने उसे रोका और मीत ने चाकू से धमका कर पैसे मांगे। उसने देने से मना किया तो उसने जान से मारने की नीयत से चाकू से वार किये जो उसके कूल्हे पर वह बाएं पैर की ऐडी पर चोट लगी। उसकी जेब से 15 हजार रुपये छीन लिए। दोनों कार में बैठकर भाग गए। उसने अपने भाई को चिकित्सालय भर्ती करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# महिला ने आत्महत्या की

**उदयपुर, (कासं)।** जिले के भीण्डर थाना क्षेत्र में पति से विवाद के बाद एक महिला ने अपने ही घर में विषाक्त सेवन कर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मंजू (35) पत्नी बगदीलाल रेगर निवासी भीण्डर का अपने पति से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इस पर इस महिला ने विषाक्त सेवन कर लिया। इसकी तबीयत खराब होने पर बच्चों ने लोगों को बताया, जिस पर उसे स्थानीय चिकित्सालय लेकर गए, जहां से एमबी चिकित्सालय रैफर कर दिया। जहां पर उपचार के दौरान इस महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर थाने से जाब्ता आया और मृतका के पीहर डूंगला को भी सूचित किया गया।

# स्कूल जा रही बालिका नहर में गिरी

**रायसिंहनगर, (निसं)।** कड़ाके की ठंड के बीच रा.उ. मा. विद्यालय उड़सर में अध्ययनरत एक छात्रा साइकिल पर विद्यालय जाते समय असंतुलित होकर अचानक एमके नहर में गिर गई।

गनीमत रही कि इसी दौरान पीछे से आ रहे एक आरएमपी चिकित्सक मायाशंकर ने तत्परता दिखाते हुए नहर में छलांग लगाकर बालिका को बाहर निकाल लिया और उसकी जान बच गई नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। इतने में मौके पर विद्यालय के शिक्षक व अन्य विद्यार्थी पहुंच गए और बालिका को संभाला। घटना के प्रत्यक्षदर्शी आरएमपी चिकित्सक मायाशंकर ने बताया कि सुबह वह उड़सर से दो एमके किसी के घर दवाई देने जा रहा था। इसी दौरान उसके आगे कुछ दूरी पर साइकिल पर स्कूल जा रही बालिका अपनी साइकिल सहित एमके नहर में गिर गई। उस समय उसने नहर में छलांग लगाकर तत्काल बालिका को बाहर निकाल लिया। बताया जा रहा है कि मुकलावा क्षेत्र के13 पीएस गांव निवासी अर्जन राम की पुत्री रीमा जो राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय उडसर में दसवीं कक्षा की छात्रा है। जो रोजाना की भांती साइकिल पर स्कूल में पढ़ने के लिए जा रही थी।

# दुष्कर्मी के खिलाफ चालान पेश

**अलवर।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में 6 वर्ष की बालिका से हुए दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने मात्र 6 दिनों में अनुसंधान पूर्ण कर आरोपी के विरुद्ध विशिष्ट न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट नंबर एक में चालान पेश कर दिया है। साथ ही आरोपी को शीघ्र सजा दिलाने के लिए कोतवाली एसएचओ को केस ऑफिसर नियुक्त किया गया है।

एसपी आनंद शर्मा ने बताया कि 25 जनवरी की शाम परिवादिया ने अपनी 6 वर्ष की बेटी से दुष्कर्म की घटना की रिपोर्ट नामजद दर्ज कराई थी। मामले में प्रकरण दर्ज कर पीड़ित का तुरंत मेडिकल करा इलाज कराया गया। मामले का अनुसंधान सीओ सिटी नॉर्थ नारायण सिंह को सौंपा गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के मात्र डेढ़ घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया।

# विशेष योग्यजन छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन मांगे

**बीकानेर, (निसं)।** विशेष योग्यजन छात्रवृति योजना के तहत विशेष योग्यजन (दिव्यांगजन) छात्रों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। सामाजिक एवं न्याय अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि विशेष योग्यजन छात्रवृत्ति योजना के तहत कक्षा 1 से 4 तक के 40 प्रतिशत या उससे अधिक विशेष योग्यजन विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रतिमाह 500 रुपए एवं 5 से 8 तक के विशेष योग्यजन विधार्थियों को प्रतिमाह 600 रुपये से लाभांवित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राजकीय शिक्षण संस्थानों एवं निजी शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के विशेष योग्यजन विद्यार्थी अपना आवेदन पत्र कार्यालय समय में जमा करवा सकते हैं। आवेदन के लिए विशेष योग्यजन प्रमाण पत्र, गत वर्ष की अंकतालिका, आय प्रमाण पत्र अधिकतम वार्षिक आय 2 लाख रुपए प्रमाण पत्र, आवेदक के बैंक खाता पास बुक की प्रति, मूल निवास प्रमाण पत्र दस्तावेजों की आवश्यकता होगी।

# शादी कर रही युवती ने प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाई

■ युवती का आरोप है कि कर्ज उतारने के लिए परिजनों ने देह व्यापार कराया था

■ पीड़िता ने दोनों भाई और बड़ी भाभी व मां के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की

**बून्दी (निसं)।** बूंदी में एक युवती अपने पसंद के युवक के साथ तीन फरवरी को सात फेरे लेने जा रही है, लेकिन उसके परिजन इससे नाखुश हैं। युवती का आरोप है कि उसके परिजन मुफलिसी की दुहाई देकर उसे महज 12 साल की उम्र में जिस्मफरोशी के धंधे में धकेल दिया था। अब वो इससे बाहर निकलकर अपना घर बसाना चाहती है, लेकिन परिवार के लोग ही दीवार बनकर खड़े हो गए। युवती ने अपना जीवन साथी भी चुन लिया और वो इस जिस्मफरोशी के जाल से आजाद होकर अपना नया जीवन बसाना चाहती है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाकर दोनों भाई और बड़ी भाभी व मां के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

पीड़िता का एक पांच साल का बेटा भी है, लेकिन जिस युवक से वो शादी करने जा रही है, वो उसे भी अपनाने को तैयार है। इसके बावजूद उसके परिजन इस शादी को राजी नहीं हैं। ऐसे में अब पीड़िता ने पुलिस प्रशासन से सुरक्षा की गुहार लगाकर उसके दो भाइयों और बड़ी भाभी के साथ ही मां के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले में पुलिस अधीक्षक जय यादव ने बताया कि युवती देह व्यापार के दलदल से बाहर निकलना चाहती है। ऐसे में उसे पूरी तरह से सुरक्षा दी जाएगी, ताकि सामाजिक कुरीतियों को खत्म किया जा सके।

**पीड़िता ने सुनाई दर्द की दास्तां :-** बूंदी जिले के एक गांव की रहने वाली गीता (बदला हुआ नाम) ने बताया कि 2014 में वह 12 वर्ष की थी, तब परिजनों ने आठ लाख रुपए में ढाई साल के लिए ग्वालियर में गिरवी रख दिया। वहीं तीन साल पढ़ा लिखाकर मुंबई में देह व्यापार के दलदल में बेच दिया। उसे मां, दोनों भाई व बड़ी भाभी ने इस दलदल में धकेला है। अब जब 27 वर्ष की उम्र में गीता इस देह व्यापार को नहीं करना चाहती, लेकिन परिजन उसे इस दलदल से निकलने नहीं दे रहे है। जैसे-तैसे पीड़िता दलालों के चंगुल से छुटकर बूंदी पहुंची। उसने बूंदी की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक के साथ अपना घर बसाने का निर्णय किया, लेकिन पीड़िता को घर वालों का डर सता रहा है। पीड़िता की माने तो उसने इस बुराई से लडकर अपना सुकून भरा जीवन जीने का निर्णय कर लिया है।

पीड़िता तीन फरवरी को वो हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने जा रही है। वहीं, इस शादी के कई सामाजिक संगठन जन प्रतिनिधि ओर प्रशासनिक और पुलिस विभाग के अधिकारी इस विवाह के साक्षी बनेंगे। नवयुगल जोड़े को घर बसाने के लिए कई अभिभाषक परिषद सहित कई सामाजिक संगठन उपहार स्वरुप घरेलु सामान भेंट करेंगे। पीड़िता ने बताया कि गिरवी रखने का समय पूरा होने के बाद वो वापस आना चाहती थी, लेकिन गिरवी रखने वाले प्रताड़ित करने लगे और जैसे-तैसे बूंदी आई तो फिर से परिजनों ने मुंबई भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि परिजनों ने इसका कारण गरीबी होना बताया था।

पीड़िता ने बताया कि मुबई में उसे उसके जिले के एक युवक से प्यार हो गया। चार साल पहले ही दोनों शादी कर लेते, लेकिन वो परिजनों का कर्ज उतारने के लिए शादी नहीं की। बावजूद इसके युवक ने उसका साथ नहीं छोड़ा। दोनों के मुलाकात का सिलसिला चलता रहा। आखिरकार दोनों ने तीन माह पहले शादी करने का निर्णय लिया, लेकिन परिजनों के खौफ के कारण वो इधर-उधर छिपने को मजबूर हैं। पीड़िता ने बताया कि उसका बेटा परिजनों के साथ था। उसे लगातार घरवालों की ओर से फोन भी आते रहे, लेकिन उसे डर है कि वो वापस उसे उसी दलदल में धकेल देंगे। यही वजह है कि वो वापस नहीं गई। साथ ही उसने बताया कि बीते 15 साल में वो 40 से 50 लाख रुपए परिजनों को कमा कर दे चुकी है। पीड़िता ने बताया कि उसके नौ भाई-बहन हैं और वो अपने मां-बाप की सातवीं संतान है। परिजनों ने सभी की शादी करा दी। हालांकि, जब उसका नंबर आया तो परिवार वालों ने कर्ज तले दबे होने की बात कही। वहीं, उसकी छोटी बहन को इस दलदल में धकेलने की तैयारी थी, लेकिन उसने ऐसा नहीं करने दिया। उसने परिजनों को धमकाया और बाद में उसकी शादी करा दी।

बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष सीमा पोद्दार ने बताया कि कुप्रथा के चलते बालिकाएं देह शोषण से बाहर आना चाहती हैं, जो एक अच्छी सोच है। आज युवतियां देह व्यापार से निकालकर समाज की मुख्य धारा में आ रही हैं। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए। प्रशासन और पुलिस भी साथ खड़ी है। ऐसे में हम दोनों की शादी कराने जा रहे हैं, आगामी 3 फरवरी को शादी कराई जाएगी। पीड़िता के बेटे को भी दस्तयाब कर उसकी मां को सुपुर्द कर दिया गया है।

सीमा पोद्दार, अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति ने बताया कि कुप्रथा के चलते बालिकाएं देह शोषण से बाहर आना चाहती हैं, जो एक अच्छी सोच है। आज युवतियां देह व्यापार से निकालकर समाज की मुख्य धारा में आ रही हैं। ऐसे में समाज के सभी वर्गों को इनकी मदद के लिए आगे आना चाहिए।

**ग्यारसी लाल गोगावत, प्रदेशाध्यक्ष, कंजर समाज महापंचायत संस्थान :-** देहव्यापार के दलदल से बाहर निकलकर नया जीवनयापन करने के लिए विवाह करने के लिए संगठन की और से हार्दिक शुभकामनाएं। बूंदी, टोंक, सवाईमाधोपुर, भीलवाड़ा आदि जिले में देहव्यापार में लिप्त महिलाएं व बालिग लड़कियां अपने समाज के वर चुनकर अपना नवजीवन यापन करने की अपील करते हैं।

जय यादव, पुलिस अधीक्षक, बूंदी ने बताया कि युवती देह व्यापार के दलदल से निकलना चाहती है। पीड़िता को पूरी तरह से सुरक्षा दी जाएगी। सामाजिक कुरूतियों को खत्म करने के प्रयास लगातार जारी रहेंगे।

# सड़क हादसों की रोकथाम के लिए आमजन को जागरूक किया : कलेक्टर

**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित हआ। समिति के अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि हा वे पर अनावश्यक बने हुए कट को बंद करने की कार्यवाही करें।

उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अन्य संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए ऐसे स्थान चिन्हित करें जहां हा वे पर अनावश्यक कट बने हुए हैं और हादसे होते हैं, ऐसे स्थानों के कट तत्काल बंद करने की कार्यवाही की जायें। उन्होंने कोटपूतली शहर में पुलिया के नीचे क्षतिग्रस्त रोड़ तथा खड्डों को स्था रूप से सही करने तथा सर्विस रोड़ की लगातार रिपेयरिंग, कोटपूतली पुलिया के नीचे तथा ऊपर हा मास लाट को सही करने तथा एन.एच.ए.आ के हैल्पला न नंबर सभी आवश्यक स्थानों पर डिस्प्ले करने के निर्देश एन.एच.ए.आ के प्रतिनिधियों को दिये। जिससे आम आदमी भी आवश्यकता पड़ने पर उस हैल्पला न नंबर पर फोन कर सके तथा जरूरी मदद प्राप्त कर सके। इस अवसर पर विभिन्न प्रमुख मार्गों पर ब्लैक स्पॉट को लेकर भी चर्चा हु । जिला कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र के आधार पर ब्लैक स्पॉट का डाटा तैयार कर नियमानुसार कार्यवाही की जायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे संबंधित विभागों से आपसी समन्वय के साथ जागरूकता अभियान चलाये, जिससे सड़क हादसों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में विभाग विशेष ध्यान दें एवं विभिन्न माध्यमों से आमजन को जागरूक करें। सभी 108 एवं 104 एंबुलेंस का भौतिक निरीक्षण एवं सत्यापन सुनिश्चित हो कि उनमें सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध है, तथा ये गाड़ियां संचालक मानकों पर फिट बैठ रही हैं। साथ ही हा वे के आसपास के ट्रोमा सेंटर्स व अन्य कार्मिकों के समय-समय पर आवश्यक प्रशिक्षण भी आयोजित हो। जिला कलेक्टर ने शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों के शीघ्र मरम्मत के निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रक्रियाधीन कार्यों में तेजी लाकर शीघ्र शहर की क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त किया जाये। इस दौरान एसपी रंजीता शर्मा, डीटीओ सुनील कुमार सैनी, आर.एस.आर.डी.सी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनोज श्रीवास्तव, नगर परिषद आयुक्त फतेह सिंह मीणा, पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता धर्मसिंह यादव, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव व परिवहन विभाग, एनएचएआ , ट्रैफिक पुलिस, पुलिस विभाग तथा सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यों समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अधिकारियों की बैठक ली।

# शिव मंदिर में होगी शिव परिवार की स्थापना

**निवाई।** उपखंड ने गांव जगसरा मे शिव मंदिर निर्माण समिति के तत्वावधान मे शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा एंव एकादश कुण्डीय महायज्ञ मे कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया।

बाबूलाल गुर्जर ने बताया शिव मंदिर के शिव परिवार की स्थापना को लेकर विशाल मंगल कलश यात्रा सुंदरदास बाबा आश्रम से रवाना होकर बैंड बाजा की धुन के साथ गांव के मुख्य मार्ग से होते हैं शिव मंदिर पहुंची। प्रधान कुण्ड यजमान अध्यापक छोटूलाल मीणा और प्रधान ध्वज यजमान लादूलाल मीणा थे। कलशयात्रा मे भामाशाह ममता प्रोपर्टीज सचिवालय नगर जयपुर की तरफ से एक लाख इक्कयान हजार रुपये नगद सहयोग दिया। इस दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा करके कलश यात्रा का स्वागत किया। यज्ञाचार्य कैलाशचन्द शास्त्री ने विधि विधान से गुरुवार को 11 कुंडीय महायज्ञ आयोजन किया जाएगा। शनिवार को विधि विधान से शास्त्री यज्ञाचार्य द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ शिव परिवार की शुक्रवार की स्थापना की जाएगी। इस दौरान पंच अमृत से स्नान करवाकर अभिषेक करके पूर्णाहुति करके महाआरती कर भण्डारा प्रसादी शुभारंभ किया जायेगा। इस मौके पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी में आकर्षक फूलों से सजाया जाएगा। इस अवसर पर सरपंच भूली देवी गुर्जर, सरपंच प्रतिनिधि मुकेश गुर्जर, नारायणसिंह राजावत, बिरधीचन्द मीणा, जगन्नाथ बैंडवाल, छोटू मुंशी, बाबूलाल बागडी, छोटूराम मीणा, पूर्व सरपंच रामबाबू शर्मा, हीरालाल मीणा, जयनारायण मीणा, लल्लू सैन, रामचरण शर्मा, हरफूल गुर्जर, देवनारायण गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, नुमान स्वामी, रामावतार मीना, गिर्राज लांगडी व काना गुर्जर सहित कई पंच पटेल मौजूद थे।

- सैकडों महिलाओं ने निकाली मंगल कलश यात्रा,
- 11 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होगा



निवाई के गांव जगसरा में शिव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर कलश यात्रा निकाली गई।

## परिवहन का किया औचक निरीक्षण

**टोंक।** परिवहन एवं सुरक्षा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा बुधवार को टोंक दौरे पर रही। इस दौरान जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सूरज सिंह नेगी भी मौजूद रहे। उन्होंने कलेक्ट्रेट में डिपो मैनेजर एवं डीटीओ के साथ बैठक ली । उन्होंने डिपो मैनेजर को पुराने रिकॉर्ड वाले रिकॉर्ड रूम सहित क्षेत्र को साफ करने एवं राजस्व में सुधार के लिए संसाधनों एवं संपत्तियों के समुचित उपयोग के निर्देश दिए। श्रीमती गुहा ने बस स्टैंड पर साफ -सफाई के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये। साथ ही यात्रियों से फीडबेक लिया। वहां उपस्थित यात्रियों ने श्रीमती गुहा को बताया कि रोड़वेज की बसों में यात्रा सुखद एवं सुरक्षित है। उन्होंने बस स्टैंड पर रैन बसेरा का निरीक्षण कर अन्नपूर्णा रसोई संचालकों से बातचीत की। श्रीमती गुहा ने जयपुर हाईवे पर बरौनी में बरथल तिराहा पर उड़न दस्ते की चेकपोस्ट का जायजा लिया।

# स्वास्थ्य केन्द्र के निरिक्षण में एक्सपायरी दवाईयां मिली

**श्रीमाधोपुर।** इलाके में गुरुवार को अचानक किए गए प्राथमिक तथा उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर अत्यधिक खामियां सामने आई।

ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राजेश सिंह मंगावा व ब्लॉक प्रोग्राम अधिकारी गोविन्द शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जुगराजपुरा का औचक निरिक्षण किया। निरिक्षण में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, नर्सिंग ऑफिसर और कम्प्यूटर ऑपरेटर अनुपस्थित पाए गए। बीसीएमओ डॉ.मंगावा ने बताया कि निरिक्षण के दौरान हॉस्पिटल में सफाई व्यवस्था संतोष जनक नहीं पाई गई व भर्ती मरीजों का किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड नहीं पाया गया। अस्पताल के दो कमरों में विभाग द्वारा सप्लाई किए जा रहे संदर्भ सामग्री उपकरणों को कबाड की स्थिति में रखा हुआ था, जिसके कारण भेजी गई सप्लाई खराब हो रही थी। साथ ही काफी संख्या में दवाई एक्सपायरी मिली। इस को लेकर जांच और दोषी कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए दोनों कमरों को सील कर ब्लॉक स्तर से जांच टीम गठित कर कार्रवाई की जा रही है। वहीं उप स्वास्थ्य केन्द्र मंडूस्या का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण में ए.एन.एम द्वारा उप स्वास्थ्य केन्द्र को दोपहर 12:50 पर ही बंद कर दिया गया था और टीकाकरण सत्र की समाप्ति कर दी गई थी। उपकेन्द्र को मौके पर ही खुलवाया गया तथा रिकॉर्ड संधारण की जांच कि गई। जिसमें सबंधित ए.एन.एम द्वारा ना ही तो आयुष्मान कार्ड की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा था और ना ही आर.सी.एच रजिस्टर का नियमानुसार संधारण किया जा रहा। सी.एच.ओ द्वारा किए जा रहा कार्य एवं रिकॉर्ड संधारण संतोषजनक पाया गया।

## प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**निवाई।** ग्राम पंचायत वनस्थली के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरसडी रामपुरा में गुरूवार को वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अध्यापक सत्यनारायण प्रजापति ने बताया कि समारोह में विद्यालय के विकास में सहयोग करने वाले भामाशाहों एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्रधानाचार्य मुकेशकुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सूरजमल बैरवा के सानिध्य में स्टाफ साथियों द्वारा अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि गुप्ता ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए पूर्ण मनोयोग से पढने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अध्यापक राजेंद्र दीपक, अंजु यादव, हनुमान रमडवाल, महेश सिंह राजावत, एसएमसी अध्यक्ष रामप्रताप बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# स्काउट गाइड का मिनी जम्बूरेट 2024 का शानदार आगाज

**लालसोट।** उपखंड मुख्यालय पर गुरूवार को मिनी जम्बू रेट शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक रामविलास मीणा ने कहा कि स्काउट गाइड ने विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के साथ क्षेत्र में सकारात्मक रूप से खुद की छाप छोड़कर विशिष्ट पहचान बनाई है।

राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ लालसोट के तत्वाधान में एसडीएम कोर्ट मैदान पर मिनी जम्बूरेट-2024 का विधिवत शानदार आगाज हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामविलास मीना विधायक लालसोट एवं अध्यक्षता प्रतियोगिता संरक्षक नरेन्द्र कुमार मीना उपखण्ड अधिकारी लालसोट ने की। मिनी जम्बूरेट-2024 के आयोजन के दौरान दिनांक 1 फरवरी से 5 फरवरी तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जावेगा। सर्वप्रथम सभी आगुन्तक अतिथिगण का स्वागत, माल्यार्पण एवं साफा बंदन किया गया। संभागियों के द्वारा स्काउट प्रार्थना के पश्चात् विधायक रामविलास मीना ने ध्वजारोहण किया और बैण्डवादन के साथ स्काउट गाइड द्वारा मंच से सलामी दी गई। विधायक रामविलास मीना ने अपने उद्बोधन में स्काउट व गाइड को को सेवाकार्य से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया तथा आयोजन समिति को इस भव्य आयोजन की सफलता की अग्रिम बधाई दी। संभागियों के द्वारा स्वागत गायन एवं कच्छी घोड़ी नृत्य के द्वारा अतिथियों को अभिनंदन किया गया तथा साथ ही राजस्थानी लोक गीत, देश भक्ति गीतों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। स्वागत उद्बोधन सीबीईओ विनोद नौनिहाल के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर सभी भामाशाहों को स्मृति चिन्ह एवं साफा बधाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्टि अतिथि के रूप में बृजमोहन मीना पूर्व आईएएस, शम्भूलाल कुईवाला, पुरुषोत्तम जोशी, धर्मेन्द्र चौपड़ा, डॉ. भरत शर्मा, राकेश शर्मा सेडूलाई, जेपी शर्मा, विनोद कोराका, सीओ स्काउट दौसा प्रदीप सिंह, स्काउट कमिश्नर अंजना त्यागा आदि उपस्थित रहे।

- स्काउट गाइड विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक रूप से खुद की छाप छोड़कर बनाई विशिष्ट पहचान

## सजावट में फुलेरा का मन्दिर रहा प्रथम

**फुलेरा ।** अयोध्या में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति फुलेरा की ओर से विगत 22 जनवरी को मन्दिरों, आवास व दुकान पर उत्तम सजावट करने वालो को पारितोषिक देने की घोषणा की गई थी। समिति के नगर संयोजक एवं समाजसेवी राजेश शर्मा ने बताया कि विगत 22 जनवरी को श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा के दिन महा-दीपावली के अवसर पर समिति द्वारा जो घोषणा हुई थी। उसके अन्तर्गत सुन्दर सजावट वाले मन्दिरों में प्रथम स्थान पर पुराना फुलेरा स्थित प्राचीन श्री ठाकुरजी का मन्दिर, द्वितीय स्थान पर बड़ की कोठी हनुमान मन्दिर तथा तृतीय स्थान पर ढाणी नागान स्थित प्राचीन शिव मन्दिर को चुना गया एवं सियाराम बाबा बगीची रोड़ मिश्र कालोनी स्थित एक रिहायशी मकान को चुना गया। जिसे अपना मित्र मण्डल की ओर से सुसज्जित किया गया था।

# मंडी के व्यापार समिति के अध्यक्ष ने कार्यकारिणी की घोषणा की

**खैरथल।** सबसे बड़े और प्रतिष्ठित व व्यापारिक संगठन व्यापार समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सर्वेश कुमार गुप्ता ने अपनी कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा कर दी है।

कार्यकारिणी में आठ वरिष्ठ व्यापारियों को संरक्षक बनाया गया है। जिसमें निर्वतमान अध्यक्ष अशोक डाटा, दिनेश डाटा, केदारनाथ खंडेलवाल, गिरीश डाटा, श्याम लाल गुप्ता ,पवन अग्रवाल, दयाराम महावर, दुल्लीचंद महावर व प्रवीन जसोरिया हैं।

कार्यकारिणी में कपूर चंद गुप्ता,अनिल गुप्ता, जगदीश डाटा, रोबिन गोयल, रामवतार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि आयुष गोयल को सचिव और हितेश गुप्ता (डब्बू) को सह सचिव, जितेंद्र गुप्ता (गोपाल) व महावीर प्रसाद अग्रवाल को संगठन मंत्री,संजय गुप्ता को कोषाध्यक्ष, व मंयक सेठी सह कोषाध्यक्ष,संदीप अग्रवाल व उमेश गुप्ता को प्रवक्ता,श्याम बिहारी तायल व मोहित गुप्ता मीडिया प्रभारी बनाए गए हैं।



सचिव आयुष गोयल को अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता ने मिठाई खिलाई।

इसीके साथ फैसला कमेटी में पुष्करराज गोयल अध्यक्ष और राजेंद्र गुप्ता, रविन्द्र खंडेलवाल, राकेश गुप्ता (गोमा), दौलतराम दरियानी, श्रीनिवास गुप्ता, अनिल गुप्ता व कपूर चंद गुप्ता शामिल किए गए हैं। जबकि जयन्त यादव, सतीश गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, तेजपाल गुप्ता, राजेश डाटा, लोकेश गुप्ता, सत्यनारायण खंडेलवाल, बाबूलाल गुप्ता, अशोक गुप्ता,विजय गुप्ता, गोपाल गुप्ता, गिर्राज प्रसाद, शेर सिंह गुप्ता, मुकेश गर्ग, जितेंद्र, ललित सिंघानिया, रविन्द्र गुप्ता,चेतन अग्रवाल, किरोड़ी लाल गुप्ता, सुरेश गुप्ता,रमेश गुप्ता, रामेश्वर गुप्ता,मनीष डाटा, जितेंद्र गुप्ता, निरंजन लाल गुप्ता, मुकेश गुप्ता, निरंजन लाल खंडेलवाल, राजकुमार गुप्ता को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

# सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन

**कोटपूतली।** ग्राम कंवरपुरा स्थित कृषि महाविधालय में आयोजित किये जा रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के तीसरे दिन गुरूवार को ग्राम कंवरपुरा में स्वयंसेवकों द्वारा सडक़ सुरक्षा रैली निकाली गई ।

साथ ही ग्रामीणों को यातायात के विभिन्न नियमों की जानकारी दी। डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह मनोहर ने रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। बौद्धिक सत्र में प्रभारी डॉ. विजय कुमार ने सडक़ पर चलते समय व वाहन चलाते समय आवश्यक सावधानियों पर जानकारी प्रदान की। सह प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने सडक़ दुर्घटना के समय 108 नम्बर की उपयोगिता व 18 वर्ष की उम्र से पूर्व वाहन ना चलाने एवं निर्धारित सीमा से तेज गति पर वाहन ना चलाने के नियम के बारे में बताया। इससे पूर्व बुधवार को राष्ट्र निर्माण में युवाओं के योगदान पर व्याख्यान माला का आयोजन हुआ। डीन डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने समाज व देश की उन्नति में युवाओं की सकारात्मक भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ. विजय कुमार ने वातावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाये रखने की बात कही। सह प्रभारी डॉ. सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि युवा शक्ति देश व समाज की रीढ़ होती है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. के. सी. शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी अपनी ऊर्जा का सही उपयोग कर सफलता प्राप्त कर सकती है। कैरियर विकास केन्द्र द्वारा आयोजित आपके सपनों के कैरियर का चुनाव विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला में प्रभारी डॉ. पुरूषोत्तम शर्मा ने विधार्थियों को कैरियर व रोजगार के सही चुनाव के बारे में अवगत करवाया।

## 'यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट'

**पावटा।** जनसंख्या समाधान फाउंडेशन राजस्थान कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने केन्द्र सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव को देखते हुए अंतरिम बजट सत्र में प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें किसानों, महिलाओं, नौजवानों, नौकरी पेशा, मध्यमवर्ग सहित किसी भी तबके को राहत दी गई है। तथा यह बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान सभी को सशक्त करेगा। मोदी सरकार का यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। पवन शर्मा ने वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहाँ कि देश को प्रगति पथ पर सुनिश्चित आगे ले जाने कि मोदी की गारंटी का ऐतिहासिक बजट देश की जनता को समर्पित किया है।

# फर्जी कागज तैयार करवाने का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**उनियारा/चौरू।** सहकारी भूमि विकास बैंक की शाखा उनियारा में रहना मुक्त जमीन को कुटरचित दस्तावेज तैयार करने का मुख्य आरोपी को अलीगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अलीगढ़ थाना प्रभारी हेमराज मीणा ने बताया कि आरोपी द्वारा फर्जी सील बनवाकर एवं दस्तावेजों से सहकारी भूमि विकास बैंक शाखा उनियारा में कई तरह के दस्तावेज तैयार करवा कर फर्जी तरीके से किसानों की भूमि को रहन मुक्त करवाने में लिप्त पाया गया है। मीणा ने बताया कि चौरू ग्राम पंचायत के अंतर्गत कासिमपुरा निवासी आसाराम पुत्र रामफुल मीणा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज है।


COLLEGE OF AGRICULTURE, KUMHER
(S.K.N. AGRICULTURE UNIVERSITY, JOBNER (JAIPUR) RAJASTHAN)
Distt.- Deeg, PIN- 321201
Mobile No.: 9414714234 Email: dean.coabharatpur@sknau.ac.in
No. F. /Estt./COA-K/2024/1079 Dated: 29.01.2024
NOTICE INVITING BID
Bid for open tender regarding Labour Supply for Agriculture Work, Library, Laboratory & Hostel etc. are invited from interested bidders upto 11.30 AM of 21.02.2024 and open on 20.02.2024 at 1PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan state; and www.sknau.ac.in University website. NIB Code: SKN2324A0175 and UBN is: SKN2324SSOB00183
Raj.Samwad/C/23/12530 DEAN



कार्यालय अधिशाषी अभियंता (मालवीय नगर जोन)
नगर निगम, ग्रेटर जयपुर
क्रमांक :- ज.स.अ./2023/359 दिनांक :- 31/01/2024
निविदा सूचना सं.- 50 से 52/2023-24
केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मालवीय नगर जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण निविदा सूचना संख्या-50 से 52/2023-24 दिनांक 01.02.2024 से नगर निगम जयपुर ग्रेटर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com व राजस्थान सरकार के पोर्टल http;//sppp.raj.nic.in से अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number (UBN) JMC2324WSOB01379 To JMC2324WSOB01381 है।
अधिशाषी अभियंता (मालवीय नगर जोन)
नगर निगम ग्रेटर जयपुर
राज.संवाद/सी/23/12519


## मोबाईल बरामद

**मालपुरा।** थानाधिकारी ने बताया कि जिला पुलिस अधिक्षक केकडी के दिशा निर्देशो पर विशेष टीम का गठन कर थाने मे दर्ज गुमशुदा मोबाईलो के मामलो मे त्वरित कार्यवाही करते हुए विभिन्न स्थानो से 1 लाख 60 हजार रूपये के 10 मोबाईल बरामद किये गये।

## सुंदरकांड पाठ आयोजित

**किशनगढ़बास।** नगर पालिका के वार्ड 9 के मुरली वाले ठाकुर जी मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस संगीतमय सुंदरकांड पाठ में परिवार सहित सहित लोगों ने पहुंचकर सुंदरकांड का पाठ कर श्री राम से परिवार व क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुरली मनोहर ठाकुर जी मंदिर के पुजारी पंडित यादराम शर्मा ने बताया की रात्रि 8 से 12 बजे तक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन अयोध्या में बने भगवान राम के भव्य मंदिर के उपलक्ष में किया गया। संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन प्रसिद्ध बिहारी मंदिर के महंत पंडित पवन मिश्रा ने किया। सुंदरकांड पाठ पंडित पवन मिश्रा की ओर से कराए गए प्रभु राम व हनुमान जी की एक-एक पंक्तियों का वर्णन उनके आदर्श जीवन व समर्पण भाव श्रद्धालुओं के दिल को छू गए।

## सम्मान समारोह रविवार को

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में रविवार को टोंक में स्थित रैगर छात्रवास भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। महासभा के जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा होगें।

# राजस्थान को रिकार्ड 9782 करोड़ रुपये के रेल बजट का आवंटन

**फुलेरा।** भारतीय रेलवे के लिए किये गये प्रावधानों को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने 1 फरवरी को वर्चुअल माध्यम से रेल बजट प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्षों में रेलवे के विकास के लिए रणनीति में बदलाव कर अधिकाधिक निवेश पर बल दिया गया है। जिससे रेलवे पर क्षमता वृद्धि, आधुनिकीकरण, संरक्षा और यात्री सुविधाओं की ओर अधिक ध्यान दिया गया है।

साथ ही आगे बताया कि वर्ष 2024-25 में रेलवे को 2.52 लाख करोड़ रूपये के बजट का प्रावधान किया गया है। जो कि अब तक का सर्वाधिक है। इसी क्रम में आगे बताया कि रेलवे में 3 बड़े कॉरिडोर का निर्माण किया जाएगा, जिनमें एनर्जी, मिनरल और सीमेंट कॉरिडोर, हाई ट्रैफिक डेंसिटी कॉरिडोर और पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर बनाया जाएगा। इन कॉरिडोर के बनने से देश में आर्थिक विकास का बल मिलेगा। इसके साथ ही 40 हजार कोच को वन्दे भारत के मानक के अनुरूप तैयार किया जाएगा। वहीं बजट में रेलमंत्री वैष्णव ने राजस्थान के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि राजस्थान राज्य बहुत बड़ा प्रदेश है, और सामरिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण राज्य है। इसके चलते वर्ष 2009-14 तक राजस्थान को औसत बजट मात्र 682 करोड़ रूपये प्रतिवर्ष मिलता था। परन्तु इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2024-25 के बजट में 9782 करोड़ रूपये आवंटन किया गया है। जो अब तक का सर्वाधिक बजट आवंटन है। इसी क्रम में आगे बताया कि राजस्थान में रेल कार्य बहुत तेजी से हो रहे है। इसके चलते राजस्थान में 53 हजार करोड़ रूपये के निवेश से बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है। राजस्थान में लगभग 98 प्रतिशत रेल लाइनों को विद्युतीकरण का कार्य किया जा चुका है। साथ ही करीब 85 रेलवे स्टेशनों को अमृत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकसित किया जा रहा है। राजस्थान में रेलवे ट्रैक पर 1367 फ्लाईओवर और रोड़ अण्डर ब्रिज का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों को बढावा देने के लिए एक स्टेशन-एक उत्पाद की 54 स्टॉल संचालित हो रही है। इसके साथ ही रेलमंत्री ने बताया कि स्टेशनों पर बहुत अधिक फुटफॉल रहती है तो स्थानीय उत्पादों को अच्छा रेस्पांस मिल रहा है और स्टॉल संचालकों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं अंत में रेलमंत्री ने राजस्थान में रेल परियोजनाओं को पर्याप्त बजट के माध्यम से लक्षित समय में पूरा करने की बात कही।




वर्चुअल माध्यम से रेल रेलमंत्री ने बजट प्रस्तुत किया।


आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)
IDFC FIRST Bank
CIN : L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालय - केआरएम टॉवर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चैन्नाई-600031
फोन- +91 44 4564 4000 | फैक्स- +91 44 4564 4022
परिशिष्ट-IV [नियम 8 (1)]
कब्जा नोटिस
(अचल सम्पत्ति का)
चूंकि अधोहस्ताक्षरकर्ता आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) के प्राधिकृत अधिकारी है अतः वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्न निर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन अधिनियम, 2002 तथा उपर्युक्त कथित अधिनियम की धारा 13 (12) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 3 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 06.07.2021 को एक मांग पत्र कर्जदारों, सह-कर्जदारों एवं जमानतियों 1. सुनीता गुप्ता, 2. सिद्धार्थ गुप्ता, 3. अलोक गुप्ता को जारी किया गया था, जिसमें 28.06.2021 को देय, मांग पत्र में उल्लेखित राशी रूपये 1,12,51,792/- (रूपये एक करोड़ बारह लाख इक्यावन हजार सात सौ बानवे मात्र) का भुगतान नोटिस प्राप्ती के 60 दिन के अन्दर करने को कहा गया था।
चूंकि कर्जदार उक्त राशि को वापस चुकाने में विफल रहे है अतः कर्जदारों एवं जनसाधारण को नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कथित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 जिसका नोटिस में उल्लेख किया गया है के तहत अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उन्होंने यहां निम्न वर्णित संपत्तियों के आज जनवरी 2024 के 27वें दिन भौतिक रूप से अपने कब्जे/अधिकार में ले लिया है।
विशेष रूप से कर्जदारों एवं आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे इन सम्पत्तियों का सौदा लेनदेन नहीं करें तथा इस सम्पत्ति का किसी भी प्रकार से खरीद-बिक्री करने पर उसे आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित) की प्रभारित शर्तों के अधीन राशी रूपये 1,12,51,792/- (रूपये एक करोड़ बारह लाख इक्यावन हजार सात सौ बानवे मात्र) का भुगतान उस पर प्रभारित ब्याज सहित करना होगा।
कर्जदारों का ध्यान उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है जिसमें प्रतिभूतिकृत सम्पत्तियों को मुक्त करने के बारे में उपलब्ध समयावधि का उल्लेख है।
अचल सम्पत्तियों का विवरण
सम्पत्ति फ्लैट नं. 411 और 412, चौथी मंजिल, ब्लाक-1, एथेना अपार्टमेन्ट बिल्डिंग, प्लाट नं. सी-2, सवाई जयसिंह हाईवे, बनी पार्क, जयपुर-302016 का पूरा व प्रत्येक भाग, जहाँ फ्लैट नं. 411 क्षेत्रफल 150.18 वर्गफिट तथा फ्लैट नं. 412 क्षेत्रफल 1340.31 वर्गफिट, स्टिल्ट फ्लोर में आरक्षित कार पार्किंग नं. 46 एवं 47 और सीमाये है पूर्व-कोरीडोर, पश्चिम-खुला, दक्षिण-लिफ्ट, उत्तर-खुला
दिनांक- 27 जनवरी 2024
स्थान- जयपुर
ऋण खाता संख्या- 10050487817
प्राधिकृत अधिकारी, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में कैपीटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित)

## संक्षिप्त

### अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण

**श्रीमाधोपुर।** उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर दिलीप सिंह राठौड़ ने गुरुवार को ग्राम भारनी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, उप स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। राठौड़ के अनुसार निरीक्षण के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मिड डे मिल, स्टाफ आंगनबाड़ी केंद्र भारनी में पोषाहार वितरण, पेयजल, साफ-सफाई व्यवस्था, बच्चों के नामांकन, स्टाफ तथा उप स्वास्थ्य केंद्र में ओपीडी, शौचालय साफ सफाई व्यवस्था, स्टाफ की उपस्थिति आदि का निरीक्षण किया जहां सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई।

### बच्चों को ऊनी वस्त्र व जूते बांटे

**वनस्थली।** अनिल अग्रवाल फाउंडेशन वेदांता ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड के तत्वाधान में क्लस्टर सुपरवाइजर केदार शर्मा ने भामाशाहा बिजली ठेकेदार सीताराम मीणा से मिलकर बच्चों के सहायोग पर चर्चा की। जिस परभाशाह ने नंदघर बालमुकुंदपुरा में बच्चों को ऊनी वस्त्र व जूते वितरित किए। जिससे बच्चों में खुशी की लहर दौड गई।

### छात्रों व भामाशाहों का सम्मान होगा

**निवाई।** स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल में शुक्रवार को उमंग 2024 को लेकर वार्षिकोत्सव, प्रतिभा सम्मान, भामाशाह सम्मान एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी ने बताया कि वार्षिकोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा होगें। इस दौरान समारोह में प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, पूर्व छात्र एवं भामाशाहों को सम्मानित किया जाएगा।

### बैठक कल

**निवाई।** अखिल भारतीय जांगिड ब्राह्मण समाज तहसील सभा निवाई की बैठक शनिवार को सुबह 11 बजे श्री विश्वकर्मा मंदिर पर आयोजित होगी। जिसमे सामूहिक विवाह सम्मेलन की कार्यकारिणी का विस्तार एवं सम्मेलन की गतिविधि पर चर्चा की जाएगी।

# कलेक्टर ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराया

**खैरथल।** खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम तिजारा मुंडावर उपखंड की ग्राम पंचायत जोड़ियां शाहबाद एवं सिहाली खुर्द में जिला कलेक्टर हनुमान ढाका एडीएम खैरथल भिवाड़ी की उपस्थिति में आयोजित जनसुनवाई कैंप में ग्र ामीणों की समस्याएं सुनी और मौके पर संबंधित अधिकारियों को हल करने के निर्देश दिए। जोड़ियां में 29 सिहाली खुर्द में 17 और शाहबाद 22 परिवेदनाएं दर्ज की गई। जिसमें अनेक परिवेदनाएं का निस्तारण मौके पर कराया गया।

कोटकासिम की ग्राम पंचायत जोड़ियां में आयोजित जनसुनवाई जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने की। इस जनसुनवाई में ग्रामीणों की शिकायत पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार व विकास अधिकारी को तुरंत मौके पर भेज कर अवरुद्ध रास्तों को खुलवाया व गांव के सरकारी विद्यालय परिसर में हो रहे अतिक्रमण को हटाया गया।

जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की अलग-अलग शिकायतों पर मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारी कार्मिक को निर्देशित करते हुए निस्तारण के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा ग्राम पंचायत स्तर की समस्याओ का निस्तारण स्थानीय स्तर पर होना चाहिए ताकि परिवादियो को उपखंड एवं जिला स्तर पर नही जाना पडे।

इसमें कोताही बर्दास्त नही की जायेगी। खैरथल तिजारा जिले के कोटकासिम उपखंड की ग्राम पंचायत जोड़ियां पर जिला कलेक्टर ने की जनसुनवाई।एडीएम खैरथल व भिवाड़ी ने अलग-अलग ग्राम पंचायत पर पहुंचे सुनी समस्याएं अतिरिक्त जिला कलेक्टर तिजारा सुरेंद्र सिंह यादव ने मुंडावर की ग्राम पंचायत सिहाली खुर्द जनसुनवाई में भाग लिया। जनसुनवाई में 17 प्रकरण आए जिसमें से दो का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार अतिरिक्त जिला कलक्टर भिवाड़ी ने तिजारा की ग्राम पंचायत शाहाबाद की जनसुनवाई में भाग लिया। जनसुनवाई में 22 प्रकरण आए जिसमें से चार प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया।

जनसुनवाई में एसडीएम कोटकासिम रामकिशोर मीणा, तहसीलदार डॉ0 विक्रम सिंह, विकास अधिकारी विरेन्द्र सिंह बुन्देल, ग्राम विकास अधिकारी जौडिया राजेन्द्र चेटीवाल, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गोविन्द सिंह, एसीबीओ रतिराम सैनी, विद्युत सहायक अभियंता सुमित चौधरी, पीडब्ल्यूडी सहायक अभियंता कैलासचंद गुप्ता, जलदाय विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुरेशचंद सहित समस्त विभाग के अधिकारी व कार्मिक मौजूद रहे।



खैरथल-तिजारा जिले के कोटकासिम के ग्राम पंचायत जोड़ियां पर जिला कलेक्टर हनुमान मल ढाका ने जन सुनवाई की।

■ अधिकारी कार्मिकों को कहा कोताही बरती तो होगी कार्रवाई

## ग्राम पंचायत में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**पावटा।** जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, पावटा एसडीएम बजरंग लाल स्वामी एवं तहसीलदार अजीत पाल यादव, विकास अधिकारी सांवरमल सैनी सहित समस्त ग्राम पंचायत के कर्मचारियों व सरपंच सरोज यादव की उपस्थिति मे ग्राम पंचायत लाडाकाबास मे जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ग्राम पंचायत लाडाकाबास सरपंच सरोज यादव ने ग्राम पंचायत में अनेक छोटी-छोटी समस्याओं प्रातः 8 बजे विद्युत आपूर्ति के लिए, जल जीवन मिशन के तहत जो पानी की टंकी बनी हुई है उनका अधूरा कार्य चालू करवाने सहित अन्य समस्याओ से अवगत करवाया। जिस पर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। वही जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने अवैध अतिक्रमणों को तुरंत प्रभाव से हटाने की बात कहीं। इस मौके मौके पर सरपंच सरोज यादव, पूर्व सरपंच मदन यादव, ग्राम विकास अधिकारी विष्णु चौधरी, पशु कंपाउंडर मालीराम, राम सिंह, स्वदेश, शंकरलाल, प्रहलाद, रामकिशन यादव, हनुमान दास स्वामी, उपसरपंच बाबूलाल, जयराम, यालीराम, पूर्व उप सरपंच कैलाश सहित समस्त आंगनबाडी कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही जिला कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार पंचायत समिति पावटा की ग्राम पंचायत आंतेला में सरपंच जयराम नागर की अध्यक्षता मे पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच जयराम नागर ने बताया कि माह के प्रथम गुरुवार को जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं को सुनकर उनकी समस्याओं के समाधान किया जाता है।

## विद्यालय के विकास में भामाशाह व पूर्व छात्र ने किया योगदान

**निवाई।** स्थानीय राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरूवार को वार्षिकोत्सव, पूर्व छात्र मिलन व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, प्रमुख उद्योगपति ओपी गुप्ता, देवनारायण ट्रस्ट के अध्यक्ष फूलचन्द लांगडी, नरेन्द्र शर्मा व प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालींहि चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि प्रतिभाएं हमारे देश की धरोहर है इनका संरक्षण करना हमारा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं के सम्मान से प्रतिभाओं का मनोबल बढता है। जिससे उनको आगे बढने की लालसा उत्पन्न होती है। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके अपने माता-पिता एवं गांव का नाम रोशन करें। विधायक वर्मा ने उपस्थित भामाशाहों व पूर्व छात्रों से आग्रह किया कि खुले मन से विद्यालय में आर्थिक सहयोग प्रदान करे। आपके दिए गए आर्थिक सहयोग से विद्यालयो का विकास होगा। बालकों को शैक्षिक वातावरण मिलेगा तो बालक नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। प्रधानाचार्य देवेन्द्रपालसिंह चौधरी ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी दी। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों सहित एकल नृत्य, नाटक, लेखन, कविता एवं देशभक्ति व लोक गीत एवं बाल विवाह प्रथा पर नाटक मंचन किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा प्रतिभाओं पूर्व छात्र व भामाशाहों को सम्मानित किया। इस अवसर पर अंकित वर्मा, नरेन्द्र शर्मा, रामअवतार घाटी पार्षद नितिन छाबडा, रामचरण पारीक, रामेश्वर बेनीवाल, शंकरलाल हाथीवाल, सत्यनारायण जायसवाल, ताराचंद गोयल, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी हरिनारायण मीणा, उपेन्द्र रैना, प्रधानाचार्य देवेन्द्रपाल चौधरी, बीरबल मीणा, हेमन्तकुमार बैरवा, सुमन शर्मा, महेन्द जैन, भैरूलाल जांगिड, हनुमान पारीक, सत्यनारायण मंगल, प्रहलाद गुर्जर आदि मौजूद थे।

■ प्रतिभाएं हमारे देश की धरोहर : विधायक रामसहाय

## उपचुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला होगा

**दौसा।** लालसोट नगर पालिका लालसोट में अध्यक्ष पद के लिए हो रहे उपचुनाव में अध्यक्ष पद को लेकर त्रिकोणीय मुकाबला होगा। गुरुवार को नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी प्रत्याशी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया।

नामांकन के दिन एक कांग्रेस एक भाजपा एवं एक भाजपा से असंतुष्ट नाराज पार्षद द्वारा निर्दलीय नामांकन दाखिल किया गया था। वहीं भाजपा पार्षद द्वारा खुद को अध्यक्ष का टिकट नहीं दिए जाने से नाराज होकर एवं कांग्रेस सिंबल से जीते पार्षद को अध्यक्ष का टिकट बीजेपी से देने को लेकर नाराजगी व्यक्त करने के बाद संभावित तौर पर पार्षदों की खरीद फरोख्त व मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया गया था। इसके बाद से ही लालसोट की शहरी राजनीति में उथल-पुथल मचाने के साथ विभिन्न प्रकार की चर्चाओं ने जन्म लिया था। इसी के साथ भाजपा में नगर पालिका अध्यक्ष में उपचुनाव को लेकर टिकट को लेकर पैदा हुए असंतोष के बाद कांग्रेस ने इस मामले को खुद के लिए सुखद खबर मानी थी। लालसोट नगर पालिका अध्यक्ष पद के रिक्त होने के बाद हो रहे अध्यक्ष पद के हो रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा ने कांग्रेस से जीते हुए पार्षद को भाजपा से प्रत्याशी तय करने के बाद स्थानीय शहरी राजनीति में गर्माहट आने के साथ ही भाजपा कार्यकर्ता भी खासी चिंतित एवं व्यथित नजर आ रहे है। वहीं मौजूदा समय में नगर पालिका में 35 वार्ड है एवं 13 पाठ सब कांग्रेस के हैं 13 पार्षद व जनता पार्टी के है इसी के साथ बचे हुए नो पार्षद निर्दलीय है। मिली जानकारी के अनुसार पार्षद वर्तमान अध्यक्ष रक्षा मिश्र से असंतुष्ट थे तो पहले केवल अविश्वास प्रस्ताव लाने की ही बात हुई थी एवं अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी सहमति से बनने पर तय हुआ था। लेकिन अचानक पालिका अध्यक्ष के प्रति अविश्वास लाने के बाद विश्वास लाने वाले साथी पार्षदों से राय मशविरा करें बिना ही एक पार्षद को नगर पालिका अध्यक्ष बनाने का फरमान जारी कर दिया गया एवं जो चुनाव की दौड़ में शामिल हो साढे तीन करोड़ के आसपास का चुनावी खर्च वहन करने का फरमान जारी कर दिया गया।

■ नगरपालिका अध्यक्ष पद के नाम वापसी के अंतिम दिन नहीं हुई नाम वापसी

## छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

**सांभरझील, (निसं)।** पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर में सरकार के निर्देशानुसार तीन दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत पहले दिन स्वास्थ्य जागरूकता रैली, प्रचार प्रसार किया गया और दूसरे -तीसरे दिन डॉक्टर जगदीश सुंडा, डॉ रेनू अग्रवाल, डॉक्टर सरोज, नर्सिंग स्टाफ सिकंदर, कपिल कुमावत, मनोज कुमावत की टीम के द्वारा पीएम श्री दरबार स्कूल के 700 विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। समस्त विद्यार्थियों की लम्बाई, वजन, बीपी, हार्ट, दांत, नेत्र आदि की जांच की गई । इस स्वास्थ्य परीक्षण से कुछ विद्यार्थियों में रोगों का भी पता लग पाया। इस प्रकार सरकार के इस प्रयास से निश्चित रूप से विद्यार्थियों में शारीरिक व मानसिक समस्याओं का पता लगेगा और भविष्य में एक शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ नागरिक का निर्माण संभव हो पाएगा।

## जिला कलेक्टर ने की ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई

**निवाई।** ग्राम पंचायत झिलाय में जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा की अध्यक्षता में गुरुवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आयोजित हुई।

जनसुनवाई में जिला कलेक्टर ने ग्रामीणों की शिकायत पर चारागाह, सिवायचक एवं आबादी भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए तहसीलदार अजीत बुंदेला को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत में पेयजल समस्या को दूर करने एवं जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल कनेक्शन दिये जाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रार्थना पत्र दिए। मौके पर मौजूद जलदाय विभाग के सहायक अभियंता से जल जीवन मिशन के तहत पंचायत समिति निवाई में हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए जिला कलेक्टर ने पंचायत समिति के 215 राजस्व गांवों में जल जीवन मिशन कार्य शुरू व समाप्त होने की डे वाइज कार्य योजना बनाकर देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर को ग्राम पंचायत की महिलाओं ने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि बंदरों के कारण उनका रोजमर्रा का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। ग्राम पंचायत के लोगों में बंदरों के हमलों से भय का आतंक बना हुआ है। जिस पर जिला कलेक्टर ने उपखंड अधिकारी समदरसिंह भाटी एवं विकास अधिकारी रानू इंकिया को समस्या का स्थाई समाधान कर ग्रामीणों को राहत देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने मनरेगा में काम दिलाने, टूटी नाली के निर्माण को सही कराने व आम रास्तों पर हो रहे अतिक्रमणों को हटाने संबंधी समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

■ 'चरागाह एवं सिवायचक भूमि से हटाएं अतिक्रमण'

### ठंड से बचनें हेतु रैन-बसेरों में लें आश्रय

**टोंक।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार वर्तमान में ठण्ड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए खुले में रहने को मजबूर व्यक्तियों को रैन बसेरों में पहुँचाये जानें हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक को निर्देशित किया गया है। इसी के साथ यह भी निर्देश प्रदान किये गये है कि रैन बसेरों में आवासित व्यक्तियों को उनके विधिक अधिकारों से भी अवगत करवाते हुए यथा आवश्यक्ता निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध करवाई जावे। उक्त दिशा-निर्देशों की अनुपालना में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गठित दल के पैरालीगल वॉलेन्टियर्स हरिराम गुर्जर, राधा रानी साहू एवं प्रो-बोनों अधिवक्ता राजेश सिसोदिया द्वारा टोंक मुख्यालय पर विभिन्न स्थानों पर खुले में जीवनयापन कर रहे लोगों को नगर परिषद द्वारा संचालित रैन बसेरों के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर दल के सदस्यों द्वारा आमजन को जानकारी प्रदान की कि रैन बसेरों में समस्त बुनियादी सुविधाऐं राज्य सरकार द्वारा आम नागरिकों को उपलब्ध करवाई जा रही है। दल के सदस्यों द्वारा रैन बसेरों में आवासित व्यक्तियों के मध्य उपस्थित होकर आवासित महिलाओं एवं पुरूषों को उनके विधिक अधिकारों से अवगत करवाते हुए निःशुल्क विधिक सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की।

# रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज नही बनने से रेल यात्रियों को हो रही परेशानी

**सांभरझील, (निसं) ।** रेलवे बेहतर सुविधाए देने में कोई कसर नही छोड़ना चाहती जिसको लेकर कई तरह की डिजिटल सेवाए प्रदान करने की तैयारी कर रही है। रेलवे में दोहरीकरण कर समय की बचत के साथ कई प्रकार की आधुनिक तकनीकी से करने जा रही है लेकिन गुढ़ासाल्ट रेलवे-स्टेशन पर समस्याए ज्यों कि त्यो बनी हुई है।

सूत्रों ने बताया कि कई जगह रेलवे के कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे है लेकिन यहां नीचे पड़े प्लेटफार्म की कोई सुध नहीं ले रहा है। यहां रेलवे-स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर एक से दूसरे पर जाने के लिए ऑवरब्रिज नहीं बनने से दैनिक रेल यात्रियों और ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है।

ऐसे में कई बार नम्बर वन प्लेटफार्म पर कई देर तक ट्रैने भी खड़ी रहने से मुश्किले और अधिक बढ जाती है। गत दिनों एक मालगाड़ी तीन दिन तक यही खड़ी रही जिस कारण लोगों को पटरिया पार करने में काफी दिक्कते झेलनी पड़ी। स्टेशन पर पहुंचने के लिए विशेष योग्यजन और वृद्ध यात्रियों के लिए तो व्हील चेयर की व्यवस्था कर रखी है लेकिन ऐसी स्थिति में ट्रेन दूसरे प्लेटफार्म पर आ जाए तो इनके लिए मुसीबते खड़ी हो जाती है। कई बार नम्बर एक रेल पटरी पर खड़ी ट्रैन के नीचे जान जोखिम में डालकर निकलते है। ऐसें में कभी भी कोई बड़ा हादसा होने का भय सता रहा है। मंगलवार को जब जयपुर-सूरतगढ़ में सफर करने वाली सवारियों को मालगाड़ी के नीचे घुसकर पार करते देखा तो रोगंटे खड़े करने वाली सच्चाई नजर आई।

लोगों से इस संबंध में पूछा तो बताया कि क्या करे डर तो लगता है साहब हमारे भी बाल बच्चे है परिवार की रोजी रोटी कमाने के लिए काम धंधे पर तो जाना पड़ेगा, सरकार जब ऑवरब्रिज बनाएगी तब तक यूं ही जान जोखिम में डालकर ट्रेक पार करना रोज की मजबूरी सी हो गई है।

साथ ही लोगों ने पूर्व में चलने वाली जोधपुर-भोपाल, भोपाल-जोधपुर ट्रेन संख्या 14814/14813 के ठहराव क्रो वापस शुरू करवाकर यहां दो दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को राहत प्रधान करने की मांग की है।

■ प्लेटफार्म पर ट्रेने खड़ी रहने से पटरियो को पैदल पार करना जोखिम भरा



गुढ़ा स्टेशन पर ओवर ब्रिज नहीं बनने से मुसाफिरों को जोखिम उठाकर खड़ी गाड़ी के नीचे से रास्ता तय करना पड़ रहा है।

### डुप्लीकेट ऑटो पार्ट्स बेचने पर मामला दर्ज

**पावटा।** प्रागपुरा थाना क्षेत्र के पावटा कस्बे मे आईकेट कंपनी के पार्ट्स दुकान में डुप्लीकेट सामान पकडा गया है। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि मंगलवार को कंपनी के आईकेट कपनी मे प्रतिनिधि के पद पर कार्यरत संजय कुमार पुत्र कंवरपाल सिह जाति राजपुत निवासी एल 113 जेजे कोलोनी वजीरपुर दिल्ली पुलिस थाना भरतनगर ने मामला दर्ज करवाया है कि पावटा कस्बे मे मेरी कपनी के नकली पार्टस बिक रहे है। मुझे कपनी ने जाँच करने व कार्यवाही करने के लिये नियुक्त किया है। जिस पर 3० जनवरी मंगलवार को पावटा कस्बे मे दीपक ऑटो मोबाईल पर संचालक राजेन्द्र यादव की मौजूदगी मे मेरी कपनी के 12 पीस, महावीर ट्रेक्टर पार्टस पर संचालक कैलाश चन्द यादव की मौजूदगी मे मेरी कपनी के 13 पीस, निकिता मोटर्स पर संचालक प्रदीप गोयल की मौजूदगी मे मेरी कपनी के 3 पीस मिले। उक्त लोगो ने आईकेट कंपनी के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचकर कपनी व सरकार को हानि पहुचाई है। जिस पर प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश मीणा ने बताया कि आईकेट कपनी प्रतिनिधि संजय कुमार ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार दुकानदार कंपनी के नाम का डुप्लीकेट सामान मंगाकर बेचता था। इसकी सूचना मिलने पर कंपनी प्रतिनिधि संजय कुमार जांच में पावटा कस्बे पहुंचे।

## सार-समाचार

### खबर के बाद नींद से जागे अधिकारी, कचरे के ढेर को उठवाया



**किशनगढ़ बास।** नगर पालिका के वार्ड 9 में खुराना चौक के पास सड़क किनारे लंबे समय से लग रहे कचरे के ढेर को ठेकेदार के कर्मचारियों ने संसाधन से उठवाया। 31 जनवरी 2024 को राष्ट्रदूत में शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए सरकार गंभीर है तो अधिकारी अभी भी नींद में खबर के छपने पर अधिकारी नींद से जागे और सफाई ठेकेदार को कचरा उठाने के निर्देश दिए। अधिकारियों के निर्देश पर ठेकेदार ने खुराना चौक के पास से तो कचरे को उठा दिया है लेकिन नालिया अभी भी गंदगी से भरी हुई है। दूसरी ओर खैरथल नगर परिषद सभापति हरीश रोघा ने सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। रोघा ने कहा है सफाई में अवरोध हो रहे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाकर सफाई व्यवस्था को ठीक किया जाएं जिससे नियमित सफाई की जा सके।

### मातृ, शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन

**टोंक।** जिले में मातृ शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाया गया। जिले में विभिन्न चिकित्सा संस्थानों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एस. अग्रवाल ने बताया कि प्राथमिक चिकित्साद्व, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में गुरुवार को एमसीएचएन डे पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को टीके लगाए गए, साथ ही टीकाकरण सत्रों की जिला एवं ब्लॉक स्तर से प्रभावी मॉनिटरिंग की गई। विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं के साथ बच्चों को टीकाकृत किया गया। गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था, टीकाकरण, पोषण, संतुलित आहार, बच्चों का वजन लिया गया, समय पर एएनसी चेकअप करवाने संबंधी जानकारी दी गई। आयोजित किए गए सत्रों का जिला व खंड स्तरीय अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण कर ओडीके एप पर इंद्राज भी किया गया, साथ ही व्यवस्थाऐं जांची गई व अधिकारियों द्वारा रिकॉर्ड संधारण की जांच भी की गई। आंगनबाड़ी केन्द्र पर साफ-सफाई एवं पूरक पोषाहार एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारियां दी गयी।

### हरे पीपल का वृक्ष काटने की शिकायत पर प्रशासन पहुंचा मौके पर

**राजगढ़।** उपखंड क्षेत्र के टहला तहसील क्षेत्र के ग्राम बदल के निकट राजगढ़- टहला रोड पर गुरुवार दोपहर सड़क के किनारे एक खेत में पीपल के हरे वृक्ष को काटने की शिकायत ग्रामीणों द्वारा रिपोर्टर देशबंधु जोशी को मिली जिस पर जोशी ने टहला तहसीलदार कैलाश मेहरा को दी जिसकी सूचना उन्होंने हलका पटवारी सविता को देकर तुरंत मुख्य स्थिति पहुंचकर कार्रवाई के निर्देश दिए जिस पर पटवारी मौके पर पहुंची बटवाड़ी ने मौके पर पहुंचकर बताया कि पुलिस भी पहुंच चुकी है पेड़ कट रहा मशीन खड़ी है कोई व्यक्ति यहां मौके पर नहीं है हम खातेदार की जानकारी लेकर कार्रवाई कानूनी करेंगे। समाचार लिखे जाने तक हरे पीपल के पेड़ काटने वालों के खिलाफ कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। तहसीलदार टहला कैलाश मेहरा ने बताया कि उन्होंने स्वयम माइक पर पहुच कर देखा ग्राम बडला रोड के पास ही पीपल का पेड़ काटा जा रहा था मौके पर एक जेसीबी जप्त कर पुलिस थाना राजगढ़ को सुपुर्द की गई है तथा मौके पर पीपल की लगभग 200 क्विंटल लड़कियां सरपंच को सुपुर्दगी में दी गई है। जेसीबी को जप्त किया जाकर थाने के सुपर कर दिया गया।

### खानपुर विद्यालय में भामाशाह व प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**मंडावरी।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खानपुर में वार्षिक उत्सव प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं भामाशाह एवं श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों का सम्मान किया गया। उपस्थित अतिथियों का प्रधानाचार्य से लालचंद महावर ने साफा माला पहनकर स्वागत किया आभार प्रकट किया। उप प्रधानाचार्य राम प्रसाद मीणा ने स्वागत भाषण किया एवं विमलेश कुमार शर्मा ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक नृत्य ,अभिनय प्रस्तुत किया गया। रामबास के द्वारा श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने वाले अध्यापकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रकाश जैन प्रधानाचार्य, कैलाश मीणा मैनेजर, श्याम लाल बेरवा, फैलीराम, राजेश, सुरज्ञान, रमसी लाल, राम खिलाड़ी, जगलाल, मुकेश ,अनीता, प्रेम देवी ,नाथी ,चौथी,देवी, कैला देवी ,अनेक ग्रामवासी एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा ।

### नकली सरसों तेल फैक्ट्री में छापेमारी

**पावटा।** निकटवर्ती शाहपुरा मे नकली व मिलावटी सरसों तेल का धंधा बडे पैमाने पर किए जाने की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण शांतनु कुमार ने बताया कि शुद्ध के लिए युद्ध अभियान मे 10 दिवसीय कार्ययोजन के तहत प्रभावी कार्यवाही के निर्देशों की पालना मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण डॉ. हरी प्रसाद सोमानी व वृत्ताधिकारी वृत्त शाहपुरा उमेश निठारवाल के सुपरविजन एवं शाहपुरा थाना प्रभारी रामलाल के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा राईस ऑयल मे सिंथेटिक पाउडर, लेवर मिलाकर नकली सरसो के तेल के रूप मे तैयार करने वाले नकली सरसों तेल के कारोबार का खुलासा करते हुए अभियुक्त विमल कुमार गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 34 साल निवासी वार्ड न. 21, श्याम कॉलोनी शाहपुरा को 99 भरे हुए टीन, टीन के ढक्कन पैक करने वाली मशीन, ढक्कन, खाली टीन, मस्टर्ड ऑयल के रैपर सहित नकली सरसों तेल तैयार करने के कारखाना संचालन के कई उपकरणों के साथ गिरतार किया है।

### उपनिदेशक ने दिये जांच के आदेश

**मालपुरा** (निस) पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं वर्तमान कांग्रेस पार्षद आशा नामा द्वारा अपने कार्यकाल मे अपने ही ससुर के नाम करोडो की भूमि पर फ्री हॉल्ड का पट्टा जारी कर देने की मिली शिकायत के बाद सहायक निदेशक सर्तकता शरद तिवारी ने आदेश जारी कर क्षैत्रिय उपनिदेशक को जांच के आदेश दिये। तिवारी द्वारा जारी आदेशो मे बताया कि कार्यालय मे मिली शिकायत के आधार पर पूर्व पालिका अध्यक्ष व वर्तमान पार्षद आशा नामा ने अपने ही कार्यकाल मे अपने ससुर रामलाल नामा के नाम पालिका की करोडो की जमीन पर फ्री हॉल्ड का पट्टा जारी कर देने की मिली शिकायत व साक्ष्यो के बाद क्षैत्रिय उपनिदेशक को प्रकरण मे तथ्यात्मक जांच कर 15 दिवस मे विभाग को रिपोर्ट भिजवाने के आदेश जारी किये है। साथ ही शिकायत कर्ता ने पार्षद आशा नामा को तत्काल प्रभाव से निलम्बित किये जाने की भी मांग की है।

### छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया

**निवाई।** ग्राम पंचायत राहोली के राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय में वार्षिकोत्सव प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरंपच फूला देवी मीणा, अध्यक्षता कर रहे प्रधानाध्यापिका अनिता गुर्जर, विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच कमलेश चांवला, पंचायत समिति सदस्य शंकरलाल अटल व उप सरपंच मधुसुदन शर्मा ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी । इस दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, भामाशाहों एवं पूर्व छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जयनारायण मीणा, गौरीशंकर चौधरी, एसएमसी अध्यक्ष संगीता चौधरी, ऋषिराज पालीवाल, देवेन्द्रराव, अंकुर भारद्वाज, महिमा शर्मा, पूजा पाटिदार, शिवराज जांगिड, बलवीरसिंह व कानसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।



पदार्पण करने वाले किसी भी नवोदित खिलाड़ी को सहज बनाना भारतीय टीम की संस्कृति है और जब यह शुरुआत में होता है तो अच्छा महसूस होता है।

- ऋषभ पंत

भारतीय क्रिकेटर, अपनी टीम के बारे में बताते हुए।




आज का खिलाड़ी



## मिथुन मंजूनाथ

भारत के मिथुन मंजूनाथ गुरुवार को हमवतन स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत को हराकर पुरुष एकल और अश्मिता चालिहा तथा ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद ने क्रमशः महिला एकल और युगल वर्ग में थाईलैंड मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल में पहंच गये है। आज यहां 54 मिनट तक चले मुकाबले में 24वीं रैंकिंग वाले किदांबी श्रीकांत को 63वीं रैंकिंग वाले मिथुन मंजूनाथ के हाथों 21-9, 13-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। मिथुन मंजूनाथ अपने अंतिम-आठ मुकाबले में डच खिलाड़ी मार्क कैलजॉव से भिड़ेगे।

**क्या आप जानते हैं ?...** एक टैस्ट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड इंग्लैंड के खिलाड़ी ग्राहम गूच के नाम है गूच ने 1990 में भारत के खिलाफ 333 और 123 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाया।

## मंजूनाथ, चालिहा तथा जॉली-गोपीचंद थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

बैंकॉक, 1 फरवरी। भारत के मिथुन मंजूनाथ गुरुवार को हमवतन स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत को हराकर पुरुष एकल और अश्मिता चालिहा तथा ट्रीसा जॉली-गायत्री गोपीचंद ने क्रमशः महिला एकल और युगल वर्ग में थाईलैंड मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल में पहंच गये है। आज यहां 54 मिनट तक चले मुकाबले में 24वीं रैंकिंग वाले किदांबी श्रीकांत को 63वीं रैंकिंग वाले मिथुन मंजूनाथ के हाथों 21-9, 13-21, 21-17 से हार का सामना करना पड़ा। मिथुन मंजूनाथ अपने अंतिम-आठ मुकाबले में डच खिलाड़ी मार्क कैलजॉव से भिड़ेगे। जूनियर भारतीय खिलाड़ियों ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो को 21-15, 24-22 से हराकर क्वार्टर में जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल में ट्रीसा और गायत्री की प्रतिद्वंद्वी फेब्रियाना द्विपुजी कुसुमा और अमालिया काया प्रतिवी की चौथी वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई टीम से मुकाबला होगा। इस बीच, अश्मिता चालिहा ने महिला एकल में ताइपे की शटलर पाई यू पो को 21-12, 15-21, 21-17 से हराकर भारतीय चुनौती बरकरार रखी। चालिहा को सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के एस्टर नुरुमी ट्राई वार्डोयो को हराना होगा। इससे पहले दिन में, मालविका बंसोड़ आठवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से 24-22, 21-7 से हार गईं।

## अगले शीतकालीन युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में होगी : बाख

गैंगनेउंग, 1 फरवरी। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाईओजी) के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरुआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा, आज रात कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि हम अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे। आईओसी प्रमुख ने कहा, आप इस साल के अंत में या अगले साल की शुरुआत में उनकी घोषणा की उम्मीद कर सकते हैं। उन्होंने कहा, इसके लिए जिम्मेदार हमारे आयोग को विभिन्न परियोजनाओं का मूल्यांकन करने और फिर निष्कर्ष निकालने के लिए थोड़ा और समय चाहिए कि 2028 के लिए सबसे उपयुक्त गंतव्य कौन सा होगा। गैंगवॉन में 19 जनवरी को शीतकालीन युवा ओलंपिक की शुरुआत हुई थी और आज शाम को इसका समापन समारोह होगा। यह इतिहास में पहली बार है कि जब समापन समरोह में अगले मेजबान को झंडा नहीं सौंपा जाएगा।

## विशाखापटनम टेस्ट से बाहर हुए जैक लीच

हैदराबाद, 1 फरवरी। इंग्लैंड सबसे अनुभवी स्पिनर जैक लीच हैदराबाद टेस्ट में घुटने में लगी चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लीच के कल होने वाले टेस्ट से बाहर होने की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके घुटने में अब भी सूजन है और उन्होंने अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया। उन्होंने कहा कि लीच अभी-अभी पीठ के स्ट्रेस फ्रैक्चर से उबरकर टीम में आए हैं इसलिए कोई जोखिम नहीं लिया जा सकता। स्टोक्स ने कहा, यह हमारे लिए निराशाजनक है कि लीच दूसरे मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह अभी चोट से वापस ही आये थे, इसलिए वह स्वयं भी निराश होंगे। उम्मीद करता हूं कि यह कोई गंभीर चोट नहीं होगी और वह श्रृंखला में आगे खेल सकेंगे। हमारी मेडिकल टीम उनकी निगरानी कर रही है और हर दिन उनके चोट का आकलन करेगी। लीच की जगह इस मैच में युवा ऑफ स्पिनर शोएब बशीर खेल सकते हैं। वीजा सम्बंधी दिक्कतों के वह कारण हैदराबाद टेस्ट से अनुपलब्ध थे। बशीर हैदराबाद टेस्ट के बीच में इंग्लैंड की टेस्ट दल में शामिल हुए थे और अगर वह खेलते हैं तो यह उनका सिर्फ सातवां प्रथम श्रेणी मैच होगा। उन्होंने कहा कि अगर बशीर खेलते हैं तो सबसे अच्छी बात यह है कि उनके पास खोने को कुछ नहीं है। मैं चाहूंगा कि उन्हें अपनी कप्तानी में सबसे बढ़िया अनुभव दूं। पहला टेस्ट विशेष होता है और उसे आप एक ही बार खेलते हो। अगर वह खेलते हैं तो मैं अपनी ओर से पूरी कोशिश करूंगा कि वह अपने पहले टेस्ट के एक-एक पल का लुत्फ उठाएं। बशीर के नाम छह प्रथम श्रेणी मैचों में 67 की औसत से मात्र 10 विकेट हैं।

# विराट भाई की बैटिंग पसंद : रजत

## रोहित से बात कर कॉन्फिडेंस आया, टेस्ट क्रिकेट खेलना बचपन का सपना




नई दिल्ली, 1 फरवरी। टीम इंडिया के टेस्ट स्क्वॉड में विराट कोहली की जगह शामिल हुए रजत पाटीदार का कहना है कि उन्हें विराट की बैटिंग देखना बहुत पसंद है। उनके फुटवर्क से हर वक्त सीखने की कोशिश करता हूं। नेट प्रैक्टिस में रोहित शर्मा से बात कर भी बहुत कॉन्फिडेंस आया। रजत ने  को दिए इंटरव्यू में कहा, बचपन से भारत के लिए टेस्ट खेलना चाहता था। डेब्यू करने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं।

भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला विशाखापट्टनम में 2 फरवरी से खेला जाएगा। जानते हैं। रजत बोले, घरेलू क्रिकेट और इंडिया-ए में बहुत सारे प्लेयर्स के साथ खेल चुका हूं। पिछली सीरीज में भी स्क्वॉड का हिस्सा था, तब से राहुल सर (द्रविड़) के साथ बातें कर रहा हूं। रोहित भाई (शर्मा) से इतनी बातें नहीं हो पा रही थीं, लेकिन इस बार नेट्स पर बैटिंग करते हुए उनसे बातें कीं। उन्होंने अपना अनुभव शेयर किया तो मुझे थोड़ा कॉन्फिडेंस आया।

रजत बोले, 2022 में  के बाद इंजरी हो गई। एक प्लेयर के लिए इंजरी वाला समय बहुत मुश्किल होता है। रिकवरी टाइम तो वापस ला नहीं सकता था, इसलिए उसे एक्सेप्ट किया। मैं बस उस मोमेंट में रहने की कोशिश कर रहा था। इंजरी के बाद वापसी करना मुश्किल था, लेकिन टीम इंडिया में शामिल होकर मुझे बहुत खुशी हुई। मेरा सपना ही है कि मैं टीम इंडिया के लिए टेस्ट खेलूं। मैं इंडिया-ए के लिए मैच खेल रहा था, तभी पता चला कि टेस्ट टीम में सिलेक्ट हो गया हूं। मुझे बहुत ज्यादा अच्छा लगा कि जो सोचा था, वो हो गया।

रजत ने कहा, मुझे अटैकिंग बैटिंग करना ही पसंद है, मैं घरेलू क्रिकेट में भी इसी तरह बैटिंग करता हूं। मैंने शुरू से इसी तरह तैयारी की और अब यही मेरे काम आ रही है। मैं सामने वाली टीम के बॉलर्स की स्ट्रेंथ देखता हूं, वे ज्यादातर किस लेंथ पर बॉलिंग करते हैं। बॉलर्स के फील्ड प्लेसमेंट को स्टडी करता हूं। रोहित भाई को मैंने बॉलर्स को अटैक करते हुए देखा तो उसे अपने गेम में भी जोड़ने की कोशिश की है। सभी चीजों को एनालाइज कर उन्हें अपने गेम में ढालने की कोशिश कर रहा हूं।

रजत ने कहा, विराट भाई जब भी नेट्स में बैटिंग करते हैं, मैं उन्हें देखता हूं, उनकी बैटिंग देखना पसंद है। उनका फुटवर्क और बॉडी मूवमेंट बहुत शानदार रहता है। उन चीजों को भी अपने गेम में जोड़ने की कोशिश कर रहा हूं। अब तक अपने गेम में वो फुटवर्क ला नहीं पाया हूं लेकिन कोशिश जारी है। एक शब्द में कहूं तो काफी एक्साइटेड हूं। रजत पाटीदर  में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु टीम का हिस्सा हैं। उन्होंने विराट कोहली की कप्तानी में ही डेब्यू किया था। टेस्ट स्क्वॉड में भी उन्हें विराट कोहली के रिप्लेसमेंट के रूप में ही शामिल किया गया। विराट पारिवारिक कारणों के चलते शुरुआती 2 टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं। रजत पाटीदार ने 2021 में  से  डेब्यू किया था। पहले सीजन वह 4 ही मैच खेल सके, लेकिन 2022 के सीजन में उन्हें 8 मैच खेलने को मिले।

## हर किसी को सहज बनाना भारतीय टीम की संस्कृति है : ऋषभ पंत

मुंबई, 1 फरवरी। भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि पदार्पण करने वाले किसी भी नवोदित खिलाड़ी को सहज बनाना भारतीय टीम की संस्कृति है और जब यह शुरुआत में होता है तो अच्छा महसूस होता है। स्टार स्पोर्ट्स की बिलीव श्रृंखला में ऋषभ ने एक फरवरी 2017 को भारतीय टीम में पदार्पण पर अपने विचार साझा किए। वह बताते हैं कि टीम ने उनके पदार्पण पर उनका कैसे स्वागत किया और क्या उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि वह अपनी जगह से बाहर हैं।

अपने क्रिकेट नायकों के बारे में उन्होंने कहा, ज्यादातर समय मुझे ऐसा महसूस नहीं हुआ। मैं शुरुआत में आश्चर्यचकित था। आपने ये सब टीवी पर देखा था. लेकिन वे सभी स्वागत कर रहे थे। यहां तक कि सुपर सीनियर्स ने भी मुझे सहज बनाया। हर किसी को सहज बनाना टीम संस्कृति है। और जब यह शुरुआत में होता है तो अच्छा होता है। क्योंकि 17-18 साल की उम्र में आप जीवन के बारे में कुछ नहीं जानते।

उन्होने कहा  बेशक आपके पास अनुभव हैं, मैंने बचपन में सीखने की कोशिश की थी। मुझे लगता है कि ये सभी चीजें फायदेमंद हैं, हर किसी को इस तरह का अनुभव नहीं मिलता है। और जो चीजें आप अपने अनुभवों से सीखते हैं, वे आपके जीवन में बहुत मदद करती हैं। आपका मस्तिष्क जीवन को वैसे ही पढ़ना शुरू कर देता है। स्टार स्पोर्टस पर गुरुवार को शाम सात बजे और रात दस बजे पंत की भारतीय क्रिकेट में उतार चढाव भरी कहानी को पेश किया जायेगा।

## हॉकी इंडिया ने एचआईएच प्रो. लीग के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम का किया ऐलान

नयी दिल्ली, 1 फरवरी। हॉकी इंडिया ने गुरुवार को 16 फरवरी से शुरु हो रही एचआईएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम का ऐलान कर दिया है। भारतीय हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरणों में भाग लेगी। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी को शुरू होगा और 16 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 19 फरवरी को शुरू होगा और 25 फरवरी को समाप्त होगा।

भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करते हुए दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगा। टीम की अगुवाई ड्रैग-फ्लिकिंग हरमनप्रीत सिंह और मिडफील्डर उप-कप्तान हार्दिक सिंह की अनुभवी जोड़ी करेगी। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी श्रीजेश परट्टू रवींद्रन और कृष्ण बहादुर पाठक पर होगी, जबकि रक्षात्मक लाइनअप में हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, सुमित, संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह शामिल हैं।

मिडफील्ड अनुभाग की कमान हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलकंठ शर्मा और रबीचंद्र सिंह मोइरंगथेम जैसे ऊर्जावान खिलाड़ियों पर होगी। फॉरवर्ड पंक्ति में ललित कुमार उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अरायजीत सिंह हुंदल पर है।

टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, हमने सावधानीपूर्वक एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश के साथ अनुभवी विशेषज्ञता का मिश्रण है। हमारा लक्ष्य उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक एकजुट इकाई बनाना है।

उन्होंने कहा कि एफआईएच प्रो लीग हमारी रणनीतियों को निखारने और शीर्ष स्तरीय विरोधियों के खिलाफ हमारे कौशल को मापने के लिए एक आदर्श मंच है। लीग का महत्व सर्वोपरि है। यह सुधार के लिए क्षेत्रों को इंगित करने का अवसर। हमें विश्वास है कि यह स्पर्धा हमारे प्रदर्शन को निखार लायेगा।

## आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने भरत को सम्मानित किया

### घर में टेस्ट खेलने वाले राज्य के दूसरे खिलाड़ी, कहा- टीम पर प्रेशर नहीं



विशाखापट्टनम, 1 फरवरी। केएस भरत भारत के लिए 6 टेस्ट खेल चुके हैं। टीम इंडिया के विकेटकीपर केएस भरत को गुरुवार को वाईएस राजशेखर रेड्डी - क्रिकेट स्टेडियम में आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन ने सम्मानित किया। भरत अपने घर में इंटरनेशनल टेस्ट खेलने वाले राज्य के दूसरे क्रिकेटर होंगे। इससे पहले हनुमा विहारी 2 अक्टूबर 2019 को साउथ अफ्रीका के खिलाफ विशाखापट्टनम में खेले थे।

केएस भरत ने प्री मैच कॉन्फ्रेंस में कहा कि पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम घबराई नहीं है। टीम के ऊपर कोई प्रेशर नहीं है। टीम इंडिया को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 28 रन से हार मिली थी। भारत ने दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग इलेवन घोषित नहीं की है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक भरत का दूसरा टेस्ट खेलना लगभग तय है।

केएस भरत सहित आंध्र के केवल तीन खिलाड़ी टेस्ट में भारत की ओर से खेल पाए हैं, जिसमें एमएसके प्रसाद और हनुमा विहारी शामिल हैं। गेम के बाद माहौल बिल्कुल रिलेक्स्ड था। कोच ने हमसे प्रेशर में नहीं आने को कहा। यह एक लंबी टेस्ट सीरीज है, और हमने कई ऐसी टेस्ट सीरीज खेली हैं।

भरत ने टीम की बैटिंग अप्रोच के बारे में कहा कि बल्लेबाजी को लेकर हम क्लियर है। हमे फ्रीडम से बैटिंग करनी है। नेट्स पर बैटर्स ने बॉलिंग और बॉलर्स ने बैटिंग की प्रैक्टिस भी की। हालांकि, बड़ा स्कोर खड़ा करना बल्लेबाजों का काम है।

## भारतीय टीम इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार

विशाखापत्तनम, 1 फरवरी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद कल से शुरु होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया।

मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालाँकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे।

## खेलों में हमारे युवाओं द्वारा नई ऊंचाईयों को छूने से देश गौरवान्वित : सीतारमण

नयी दिल्ली, 1 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास के मंत्र पर जोर देते हुए कहा कि खेल में हमारे युवाओं द्वारा नई ऊंचाईयां छूने से देश गौरवान्वित है। वित्त मंत्री ने एशियाई खेलों में भारत की उपलब्धियों उल्लेख करते हुए कहा, एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों में अब तक की सर्वाधिक संख्या में पदक जीते हैं जो बढ़े हुए आत्मविश्वास को दर्शाता है। शतरंज के दिग्गज एवं शीर्ष रैंक के खिलाड़ी प्रज्ञानंद ने 2023 में वर्तमान शतरंज वर्ल्ड चैंपियन मैगनस कार्लसन को कड़ी टक्कर दी।

# जेम्स एंडरसन खेलेंगे दूसरा टेस्ट

## इंग्लैंड ने मैच से एक दिन पहले प्लेइंग-11 घोषित की, 20 साल के बशीर करेंगे डेब्यू




नई दिल्ली, 1 फरवरी। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के लिए प्लेइंग-11 एक दिन पहले ही घोषित कर दी है। 41 साल के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन मार्क वुड की जगह लेंगे। वहीं इंजर्ड लेफ्ट आर्म स्पिनर जैक लीच की जगह 20 साल के ऑफ स्पिनर शोएब बशीर डेब्यू करेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का दूसरा टेस्ट कल यानी 2 फरवरी से खेला जाएगा। मुकाबला विशाखापट्टनम में सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इंग्लैंड टीम ने दूसरे टेस्ट की प्लेइंग-11 में 2 ही बदलाव किए हैं।

## शमार वेस्टइंडीज की टी-20 टीम में हो सकते है शामिल : सैमी

एडिलेड, 1 फरवरी। गाबा टेस्ट के हीरो शमार जोसेफ को वेस्टइंडीज की टी-20 विश्वकप टीम में शामिल किया जा सकता है। वेस्टइडीज के सीमित ओवर क्रिकेट के कोच डैरेन सैमी ने जोसेफ को टी-20 विश्वकप टीम में शामिल किये जाने संकेत देते हुए कहा, वह निश्चित रूप से एक सभी प्रारूप के खिलाड़ी होंगे। मैं उन्हें अपने टीम में शामिल करने को लेकर इंतजार नहीं कर सकता। और मैं और चयनकर्ता उसी प्रक्रिया के अनुसार काम करते हैं। मैं टी-20 विश्वकप के लिए एक मुख्य टीम तैयार कर रहा हूं और शमार हमारी उन योजनाओं का हिस्सा हैं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता**
**सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाड़ी**
पता- बाईपास किला बाडी-328021 फोन नं. 05647-274684
ई-मेल- ee_pwdbari@rediffmail.com

क्रमांक-1543-1546 दिनांक-25.01.2024

**निविदा सूचना संख्या-13/2023-24**
**PWD2324A4251 and UBN is: PWD2324WSOB18332**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 1 नं. कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के "एए" "ए" "बी" "सी" एवं "डी" श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट "www.eproc.dipronlineorg" व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eroc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in" पर देखा जा सकता है।

अधिशाषी अभियन्ता
सा नि वि खण्ड बाडी

DIPR/C/465/2024



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वृत जैसलमेर**
Phone No. 02992-251808, Email ID- sehedjsm@yahoo.com, secircle.jst.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक-वृत/जैसलमेर/निविदा/2023-24/1007688 दिनांक-25.01.2024

**बिड आमंत्रण सूचना (NIB) संख्या 33/2023-24 NIB code PHE2324A4952**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु दर संविदा के आधार पर राज्य सरकार के नियमों के अन्तर्गत पंजीकृत/अपंजीकृत एवं केन्द्र/राज्य सरकार के अधिकृत विभागों/ संगठनों, केन्द्रिय लोक निर्माण विभाग, रेल, डाक, दूरसंचार विभागों में पंजीकृत/अपंजीकृत संवेदकों से ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| बिड संख्या | UBN NUMBER | अनुमानित लागत | धरोहर राशि (रूपये) 2 प्रतिशत | बिड शुल्क (रूपये) | ई-प्रक्रिया शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33(1)/ 2023-24 | PHE2324LRC11671 | 100.00 | 2,00,000.00 | 2,000.00 | 1500.00 | 12 माह |
| 33(2)/ 2023-24 | PHE2324LRC11672 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(3)/ 2023-24 | PHE2324LRC11673 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(4)/ 2023-24 | PHE2324LRC11674 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(5)/ 2023-24 | PHE2324LRC11675 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(6)/ 2023-24 | PHE2324LRC11676 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(7)/ 2023-24 | PHE2324LRC11677 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| 33(8)/ 2023-24 | PHE2324LRC11678 | 120.00 | 2,40,000.00 | 2,000.00 | 2,000.00 | 12 माह |
| ऑन लाईन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने के अंतिम तिथि एवं समय | | | | | 13.02.2024 को 6.00पीएम तक | |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तिथि एवं समय | | | | | 14.02.2024 को 2.00 पी.एम. | |

अधीक्षण अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, वृत-जैसलमेर

DIPR/C/427/2024


# पृथ्वी शॉ रणजी ट्रॉफी के लिए फिट

## मुंबई ने रेड बॉल स्क्वॉड में शामिल किया, बंगाल से मुकाबला आज

नई दिल्ली , 1 फरवरी। पृथ्वी शॉ 2021 से भारत के लिए इंटरनेशनल मैच नहीं खेल सके हैं। टीम इंडिया के विस्फोटक ओपनर पृथ्वी शॉ कमबैक के लिए तैयार हैं। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें रणजी ट्रॉफी के स्क्वॉड में शामिल किया है। इंजरी से रिकवरी करने के बाद 24 साल के बैटर पूरी तरह फिट हैं और 2 फरवरी को ईडन गार्डन्स स्टेडियम में बंगाल के खिलाफ मैच भी खेलेंगे। पृथ्वी शॉ पिछले साल सितंबर में इंजर्ड हो गए थे। इंग्लैंड में वनडे कप खेलने के दौरान उनका घुटना चोटिल हो गया। तब से वह बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी में इलाज करा रहे थे। 5 महीने की रिकवरी के बाद अब  ने उन्हें पूरी तरह फिट घोषित कर दिया है। पृथ्वी शॉ ने भारत के लिए 2018 में टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने 2021 में आखिरी टेस्ट खेला था।




पृथ्वी शॉ मुंबई के लिए 2023 में विजय हजारे ट्रॉफी और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के मुकाबले नहीं खेल सके। वह रणजी ट्रॉफी में भी टीम के शुरुआती 4 मुकाबलों में शामिल नहीं हो सके। टीम ने बिहार, आंध्र प्रदेश और केरल को हराया, लेकिन उत्तर प्रदेश के खिलाफ उन्हें घरेलू मैदान पर 2 विकेट से हार का सामना करना पड़ गया। मुंबई फिलहाल एलिट ग्रुप-बी में टॉप पर है, टीम आखिरी 3 मैच जीतकर नॉकआउट स्टेज में क्वालिफाई करना चाहेगी।

# ''वाइब्रैंट गुजरात'' की तर्ज पर राजस्थान में भी होगा उद्योग समिट: भजनलाल शर्मा

## जे.ई.सी.सी. सीतापुरा में इंडिया स्टोनमार्ट के 12वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री ने इसकी घोषणा की



*जे.ई.सी.सी. सीतापुरा में आयोजित इंडिया स्टोनमार्ट के 12वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत किया।*

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 1 जनवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''वाइब्रैंट गुजरात'' की तर्ज पर राजस्थान में भी उद्योग समिट का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए उद्योगों को बढ़ावा देना जरूरी है। राज्य सरकार द्वारा उद्यिमयों को विभाग से जुड़ी सभी क्लियरेंस एक ही छत के नीचे देने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम को अब प्रभावी रूप से लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से आव्हान किया कि वे राजस्थान में निवेश के लिए आगे आएं, सरकार उनकी हर संभव मदद के लिए तैयार है। उन्होंने यह बात गुरूवार को जे.ई.सी.सी. सीतापुरा में आयोजित इंडिया स्टोनमार्ट के 12वें संस्करण के उद्घाटन सत्र में कही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने इंडिया स्टोनमार्ट का फीता काटकर उद्घाटन किया व प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

- **उद्यमियों को सभी क्लियरैंस एक ही छत के नीचे देने के लिए सिंगल विण्डो सिस्टम प्रभावी रूप से लागू करेंगे: मुख्यमंत्री**
- **अगले 5 साल में पत्थर उद्योग में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल करने का विभाग ने संकल्प लिया हैः कर्नल राज्यवर्द्धन राठौड़**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की गई है। इस भव्य मंदिर में राजस्थान का गुलाबी पत्थर तथा मार्बल उपयोग में लिया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है। राजस्थान के पत्थर उद्योग को विश्व के मानचित्र पर प्रमुखता से स्थापित करने में इंडिया स्टोनमार्ट एक मील का पत्थर साबित हुआ है। पत्थर के उद्योग से राज्य में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से 10 लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से उद्योगों से निकलने वाले वेस्ट को रिसाइकल करना बहुत आवश्यक है। इस तरह के वेस्ट को उद्योग के रूप में विकसित किया जा सकता है, जैसा की वर्तमान में किशनगढ़ मार्बल की स्लरी का उपयोग उद्योग के रूप में किया गया।

उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि अगले 5 साल में पत्थर उद्योग में रिकॉर्ड वृद्धि हासिल करने का विभाग ने संकल्प लिया है। उन्होंने उद्यिमयों की तारीफ करते हुए कहा कि 'मेक इन इंडिया' के संकल्प को कारीगरों द्वारा ही साकार किया जा रहा है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उद्यिमयों को प्रोत्साहन देने के लिए नियमों का सरलीकरण किया जाएगा, जिससे उद्यिमयों को राज्य में निवेश का सकारात्मक माहौल मिल सके। राज्य में पत्थर उद्योग के साथ नव्यकरणीय ऊर्जा, जवाहरात, खनन सहित विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें सरकार द्वारा और अधिक विकसित करने पर जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने इंटीरियर डिजाइनिंग, लैण्डस्केपिंग, ग्रीन आर्किटेक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले उद्यिमयों, लाइफटाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड से उद्यमी किरण जे. त्रिवेदी तथा यशवंत कुमार शर्मा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा इंडिया स्टोनमार्ट निर्देशिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में उद्योग राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, फिक्की के अध्यक्ष अनीश शाह, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, जेडीए आयुक्त मंजू राजपाल, खान सचिव आनंदी, रीको के प्रबंध निदेशक सुधीर कुमार शर्मा सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

## हिमाचल में भारी हिमपात से 6 नेशनल हाइवे अवरूद्ध

शिमला, 01 फरवरी। हिमाचल प्रदेश में भारी हिमपात के कारण काफी संख्या में सड़कें अवरुद्ध होने से कई इलाकों का सम्पर्क टूट गया है और इसके कारण प्रदेश में 241 सड़कें अवरुद्ध हैं, 677 ट्रांसफार्मर ठप है तथा कई इलाकों में अंधेरा छाया हुआ है।

शिमला जिला के ऊपरी इलाकों का भारी बर्फबारी से राज्य मुख्यालय से सम्पर्क कट गया है।

कुफ़री, फागु, नारकंडा, चौपाल तथा खड़ापत्थर जाने वाली सड़कें बंद पड़ गई हैं। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक बर्फ़बारी से छह नेशनल हाइवे सहित 241 सड़कें अवरुद्ध हैं। साथ ही 677 ट्रांसफार्मर ठप होने से कई जगह बिजली गुल हो गई है।

## सुबीर कुमार उच्च व तकनीकी शिक्षा के प्रमुख शासन सचिव बने

- **17 आई.ए.एस. के तबादले, तीन को अतिरिक्त प्रभार।**

जयपुर, 1 फरवरी (का.सं.)। राज्य सरकार ने आज एक आदेश जारी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) के 17 अफसरों के तबादले किये हैं। वहीं तीन को अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा है।

सुबीर कुमार को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रमुख शासन सचिव व रश्मि गुप्ता को गृह सचिव के पद पर लगाया है।

इसी प्रकार भवानी सिंह देथा को आयोजना, आयोजना (जनशक्ति और गजेटियर्स) में प्रमुख शासन सचिव, विकास सीतारामजी भाले को पशुपालन, मत्स्य एवं गौ-पालन विभाग में प्रमुख शासन सचिव, डॉ. पृथ्वीराज को श्रम, कारखाना और बॉयलर निरीक्षण विभाग में शासन सचिव, गौरव गोयल को राज्यपाल का सचिव, पूर्ण चन्द्र किशन को कौशल और उद्यमिता व रोजगार विभाग में शासन सचिव, विजयपाल सिंह को गृह विभाग में शासन सचिव, विश्राम मीणा को जल ग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग में निदेश एवं पदेन विशिष्ठ शासन सचिव, मुकुल शर्मा को उद्योग एवं वाणिज्य विभाग में संयुक्त शासन सचिव, नेहा गिरी को राजस्थन चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड में प्रबंध निदेशक, अनुपमा जोरवाल को राजस्थान पर्यटन विकास निगम में प्रबंध निदेशक, सुरेश कुमारी ओला को स्थानीय निकाय विभाग में निदेशक और पदेन संयुक्त शासन सचिव, प्रियंका गोस्वामी को स्टेट हैल्थ एश्योरेंश एजेन्सी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी, किशोर कुमार को सिविल एविएशन और उप मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी, सामान्य प्रशासन विभाग एवं कंट्रोलर, सर्किट हाउस एवं नियंत्रक एवं पदेन संयुक्त सचिव, स्टेट मोटर गैराज विभाग में निदेशक, महेन्द्र खड़गावत को राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग में निदेशक, गिरधर को ऊर्जा विभाग में संयुक्त शासन सचिव के पद पर लगाया गया है।

वहीं भवानी सिंह देथा को युवा मामले एवं खेल विभाग में प्रमुख शासन सचिव, राजन विशाल को प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय, जनअभियोग निराकरण, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभा में शासन सचिव तथा मुकुल शर्मा को राजसीको का प्रबंध निदेशक और ग्रामीण अकृषि विकास अभिकरण में प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा है।

## हाई कोर्ट ने वकीलों से राय मांगी

- **क्या महाधिवक्ता की नियुक्ति में देरी उचित है?**

जयपुर, 1 फरवरी (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विधानसभा चुनाव बाद नई सरकार के गठन के बाद भी अब तक महाधिवक्ता और अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति नहीं करने से जुड़े मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि दो माह का समय बीतने के बाद भी अब तक नियुक्ति नहीं होना ठीक नहीं है। अदालत ने इनकी नियुक्ति के लिए की जा रही कार्रवाई का ब्यौरा पांच फरवरी तक बताने को कहा है। अदालत ने सवाल खडा किया है कि क्या महाधिवक्ता की नियुक्ति में देरी करना न्यायोचित है या नहीं? अदालत ने इसके लिए वकीलों से अपने सुझाव अदालत में पेश करने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश यूडीएच विभाग में अभियंताओं की वरिष्ठता से जुडे मामले में रविन्द्र प्रकाश की याचिका में सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा से पूछा की महाधिवक्ता की नियुक्ति में देरी पर बार एसोसिएशन का क्या रुख है। इस पर प्रहलाद शर्मा ने कहा की महाधिवक्ता की नियुक्ति संवैधानिक तौर पर गवर्नर ही करते हैं। इनकी नियुक्ति नहीं होने से राज्य सरकार की ओर से कोर्ट केसेज में प्रतिनिधित्व सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। इसके अलावा आमजन व पक्षकारों को न्याय मिलने में भी देरी हो रही है। यह मामला जनहित से जुडा हुआ है। इसलिए इसे खंडपीठ के समक्ष भेजा जाना चाहिए। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई पांच फरवरी को तय करते हुए वकीलों से इस संबंध में अपने सुझाव पेश करने को कहा है।

## सत्ररहवां ''लिटरेचर ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

गोखले और विलियम डैरिम्पल तथा इसके तेजस्वी आयोजक संजय रॉय ने अपने अनुभव एवं दृढ़ता के साथ इस आयोजन का मार्गदर्शन किया है। दूसरा, जैसा कि बताया गया है, पर स्पष्ट नहीं है कि क्या जे.एल.एफ. जैसे कॉर्निवल आज के ''इन्सटैंट कॉफी'' कल्चर में पढ़ने की आदत डालने में मददगार हो सकते हैं अथवा नहीं। शायद, इतना ही पर्याप्त है कि जे.एल.एफ. का आयोजन राजस्थान में पर्यटन को इतना अधिक प्रोत्साहित करता है, जितना राज्य का पर्यटन विभाग पूरे साल में भी नहीं कर सकता।''

यह बयान, राज्य को गौरवान्वित कर सकता है, क्योंकि जे.एल.एफ. यदि पढ़ने की आदत को प्रोत्साहित नहीं करता है तो यह कम से कम उसे हतोत्साहित तो बिल्कुल नहीं करता।

नरेन्द्र मोदी सरकार के खिलाफ अपने आलोचनात्मक रूख के लिए जाने जाने वाले पत्रकार रवीश कुमार की कमी खल रही है और बॉलीवुड गीतकार जावेद अख्तर, अरून्धति रॉय व बरखा दत्त को स्टार वक्ताओं की सूची में स्थान नहीं दिया गया है। संभवतः इसलिए कि पहले भाग ले चुके वक्ताओं को प्रति वर्ष बुलाना ना तो जरूरी है ना ही वांछित।

## झारखंड के...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

परिभाषा है, क्या आप राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से इतना ज्यादा डरते हैं।''

## मासलपुर के ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

सलाह दी है। मासलपुर क्षेत्रीय वन अधिकारी रमेश चंद्र ने बताया कि मासलपुर के सकलूपुरा और रूंधपुरा के पास जंगलों में ग्रामीणों द्वारा टाइगर का मूवमेंट होने की सूचना दी गई। वन विभाग के वनपाल विकास कुमार, रामनिवास मीणा, वनपाल शिवांग कुमार शर्मा, वनरक्षक दर्शन, वनरक्षक नंदकिशोर, वनरक्षक जालम सिंह सहित टीम के सदस्यों ने मासलपुर के जंगलों में टाइगर के मूवमेंट की सूचना पर ट्रेकिंग के लिए अभियान शुरू किया। सकलूपुरा से मरदई की ओर जाते हुए पैंथर के पगमार्क मिले हैं। वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

## सोरेन की गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

नयी दिल्ली, 01 फरवरी। उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाय चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सोरेन की याचिका पर शीघ्र सुनवाई के लिए गुरुवार को उनकी गुहार स्वीकार करते कहा कि, वह शुक्रवार को सुनवाई करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में एक नाटकीय घटनाक्रम में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी के खिलाफ एक दिन बाद गुरुवार को शीर्ष अदालत में एक याचिका दायर की।

- **मुख्य न्यायाधीश ने सोरेन की शीघ्र सुनवाई की याचिका स्वीकार की।**

पीठ के समक्ष वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने सोरेन की याचिका पर यह कहते हुए तत्काल सुनवाई की गुहार लगाई कि, उनके गिरफ्तारी के तरीके से देश की राजनीति पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

याचिकाकर्ता सोरेन के वकील ने कहा कि, यह एक बहुत गंभीर मामला है, क्योंकि मुख्यमंत्री को आम चुनाव से कुछ महीने पहले ही गिरफ्तार किया गया।

सोरेन के वकील ने दावा किया कि, ईडी की ओर से याचिकाकर्ता को बुधवार शाम पांच बजे गिरफ्तार किया गया।

## राहुल ने मालदा से अपनी यात्रा शुरु की

मालदा, 01 फरवरी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती मालदा जिले से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की।

गांधी की कार में एक दिन पहले दोपहर में बिहार से इस राज्य की सीमा पार करते समय तोड़फोड़ की गई थी।

## रक्षा बजट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

तथा एक करोड़ घरों की छत पर सौर ऊर्जा लगाने का वादा किया है।

अर्थशास्त्रियों का कहना है कि, राजकोषीय आंकड़े अधिक यथार्थवादी दिखते हैं लेकिन, भारत को ऋण वहन क्षमता के संबंध में अभी भी महत्वपूर्ण सुधार करने की जरुरत है।

विशेषज्ञों ने अनेक ''सतत विकास केन्द्रित'' बजट की सराहना की है तथा आशा करते हैं कि, लोकसभा के जुलाई सत्र में पूर्ण बजट पेश कर दिया जाएगा।

## वित्त मंत्री सीतारमन ने देश की इकॉनमी की...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

जी.डी.पी. के 5.1 प्रतिशत तक रह सकता है।

ऋण जरूरतों की अनुमानित कमी को लेकर वित्त मंत्री ने कहा कि, अगले वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल व शुद्ध ऋण जरूरतें क्रमशः 14.13 लाख करोड़ और 11.75 लाख करोड़ रहेंगी। यदि वर्तमान वित्त वर्ष में भी ऋण जरूरतें कम रहती हैं तो यह अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि होगी।

चूंकि सरकार की ऋण जरूरतें भी कम रह सकती है और ब्याज दरें भी यथास्थिति रहेंगी, इसलिए वित्त मंत्री की घोषणाओं की प्रतिक्रिया में भारत के बॉण्ड मार्केट में नरमी आयी है।

यह तभी संभव हो सकता है, जबकि भारतीय अर्थव्यवस्था अधिक राजस्व प्राप्तियों के साथ अपना उच्च स्तर बरकरार रखे और सरकार को पूंजी व्यय में वृद्धि की अनुमति देने के साथ ही बजट घाटे को जी.डी.पी. के 5.1 प्रतिशत तक रोके रखे।

उच्च आर्थिक वृद्धि के अनुमान के साथ ही वित्त मंत्री ने सार्वजनिक पूंजी व्यय में 11,11,111 करोड़ यानी की 11 प्रतिशत से अधिक वृद्धि की घोषणा की है। यह तुरंत स्पष्ट हो गया कि 11 के आंकड़े के प्रति वित्त मंत्री के आकर्षण में पूर्णता के कोई रहस्यमय गुण छिपे हुए हैं।

बजट के गणित को देखते हुए मोटे तौर पर यह सत्य है कि वित्त मंत्री की इच्छाएं आसानी से पूरी हो सकती थीं अगर भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ रेट दहाई के अंक तक पहुंच जाती है खास कर 11 के जादुई आंकड़े तक या उसके करीब। यह दावा बहुत लम्बा चौडा है पर पड़ौसी चीन कभी यह ग्रोथ रेट हासिल कर चुका था।

हालिया रूझानों को देखते हुए यह उम्मीद करना अनुचित भी नहीं है क्योंकि भारत तेजी से बढ़ रहा है जब शेष विश्व, खासकर हमारे बड़े पड़ौसी चीन की अर्थव्यवस्था लड़खड़ा रही है।

- **वित्त मंत्री का कहना है, आमदनी में भारी वृद्धि तभी संभव है, जबकि देश की इकॉनमी की ग्रोथ 11 प्रतिशत हो, यह अंसभव नहीं है, क्योंकि पड़ोसी देश चीन ने यह ''डबल डिजिट'' ग्रोथ रेट कई सालों तक बरकरार रखी है।**

वर्तमान अंतरिम बजट की अन्य विशेषताओं की जहां तक बात है वित्त मंत्री ने इसे राजनीतिक रंग दिया जो प्रत्याशित भी था। वैसे बजट में निर्मला सीतारमन ने विभिन्न वोट बैंक्स को संतुष्ट करने की कोशिश की है। उन्होंने जनता के चार वर्गों को ध्यान में रखा गरीब, युवा महिला और किसान।

सभी सरकारें गरीबों के हित में काम करती हैं। वर्षों पहले इंदिरा गांधी ''गरीबी हटाओ'' कार्यक्रम चलाया था। और अभी भी गरीब सरकार की सूची में सर्वोपरि है। वर्तमान सरकार भी अपवाद भी नहीं है।

उन्होंने वर्ष 2014 के बाद से ढाई करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से स्तर से ऊपर लाने का श्रेय लिया है। उन्होंने कहा कि, सरकार गरीबों को संपूर्ण विकास प्रक्रिया का हिस्सा बनाने के लिए, अधिकार की राजनीति से दूर जाना चाहेगी। उन्होंने दावा किया है कि, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण नीतियों से अद्भुत काम किया है।

अब जबकि आम चुनाव कुछ महीने ही दूर हैं तो बजट की लोकलुभावन अपील का दूसरा मुद्दा ''महिला अधिकार'' है। क्योंकि आधी आबादी महिलाओं की है, इसलिए महिला अधिकारों के लिए नीतियों का अनुसरण करना, उचित रणनीति है।

वित्त मंत्री ने युवाओं के लिए बेहतर स्कूल और शिक्षा प्रदान करने की पहल का जिक्र किया है। उन्होंने नए आई.आई.टी., आई.आई.एम. बिजनेस स्कूल और अन्य निकायों की स्थापना के बारे में जिक्र किया है। इसके अतिरिक्त, युवाओं को बेहतर कौशल और विशेषज्ञता प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

यद्यपि, वित्त मंत्री ने युवा रोजगार रूझानों और योजनाओं के संदर्भ में विवरण नहीं दिया है, क्योंकि शिक्षित युवा बेरोजगारी एक बड़ा विषय है तथा बड़ी संख्या में शिक्षित युवाओं को मनचाही नौकरियाँ नहीं मिल रही हैं।

निसंदेह, यह केवल भारत में ही नहीं हो रहा है अपितु तेजी से विकसित हो रहे चीन को भी, युवा बेरोजगारी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक कि चीन में, युवा बेरोजगारी की बढ़ती संख्या के कारण, युवा बेरोजगारी पर आंकड़े देना बंद कर दिए हैं।

किसान हमेशा से सभी सरकारों के लिए, एक महत्वपूर्ण वर्ग रहा है। इलेक्ट्रॉनिक राष्ट्रीय कृषि उत्पाद व्यापार मंच संस्थान ने, किसानों को सीधे बाजार में जाने तथा बेहतर कीमत पाने में मदद की है। अनिश्चितताओं से निपटने के लिए फसल बीमा और अन्य सुविधाओं के लिए बेहतर योजानएं भी शुरु की गई हैं।

इसमें आश्चर्य की बात नहीं है कि वित्त मंत्री ने अपना बजट वर्तमान मोदी सरकार के सुदृढ़ आर्थिक प्रबंधन की उपलब्धियों के एक महत्वपूर्ण दस्तावेज के रुप में तैयार किया था।

वास्तव में, भारतीय अर्थव्यवस्था में अपने दम पर बढ़ने और विकसित होने का लचीलापन है, बशर्ते सरकार, अर्थव्यवस्था और इसकी लय को नुकसान पहुंचाने वाला कोई काम न करे। ग्रोथ रेट में कमी आना अधिकांशतः सरकार की कारगुजारी होती है और ऐसा वे अनजाने में कर देती हैं।

## सोरेन की रिमांड पर फैसला शुक्रवार को

रांची, 01 फरवरी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रांची के होटवार जेल के अपर डिवीजन सेल के ब्लॉक बी में कमरा नंबर एक में गुरूवार रात बितानी पड़ेगी ।

ईडी कोर्ट में पेशी के बाद सोरेन को आज सीधे बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार होटवार ले जाया गया। सोरेन को आज की रात यहीं बितानी पड़ेगी। जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

उल्लेखनीय है कि, 31 जनवरी को लंबी पूछताछ के बाद जमीन घोटाले में ईडी की टीम ने इन्हें रात में गिरफ्तार कर लिया था और इसके बाद इनकी पेशी ईडी कोर्ट में की गयी थी।रिमांड पर दोनों पक्षों की बहस के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया और शुक्रवार को अदालत फैसला सुनाएगी।

इसके अलावा झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन के विधायक गुरूवार को रांची से हैदराबाद के लिए रवाना हुए थे लेकिन खराब मौसम के कारण चार्टर्ड प्लेन को उड़ने की इजाजत नहीं मिल पाई।

## 'दो भारत, साथ-साथ रह रहे हैं अपने...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अच्छी नौकरी हो, ये हम कैसे कर सकते हैं।'' सरकार से यह सवाल ज़रुर पूछना चाहिए और एक समाज के रुप में हमें ये प्रश्न पूछने चाहिए और समाधान ढूंढने चाहिए।''

रघुराम राजन ने अपनी पुस्तक, ''ब्रेकिंग द मोल्डः रीइमैजिनिंग द इकोनॉमिक फ्यूचर'' में आर्थिक विकास के एक वैकल्पिक दृष्टिकोण की पेशकश करते हुए, रघुराम राजन ने एक ब्लू प्रिंट पेश किया है, जिसके बारे में दोनों लेखकों का मानना है कि, दोनों भारत करीब आ सकते हैं और समग्र विकास को बढ़ावा दे सकते हैं।

इसके लिए शासन तंत्र, प्रक्रियाओं तथा नीतियों व कार्यक्रमों के क्रियान्वन के विकेन्द्रीकरण (डीसैन्ट्रलाइज़ेशन) की आवश्यकता होगी। यह विकेन्द्रीकरण केन्द्र से राज्यों और राज्यों से जिलों तक होना चाहिए, ताकि ये सभी क्षेत्र उचित निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हों, जिससे वहाँ विकास में तेजी आए।

उन्होंने कहा, ''विशाल इमारतें बनाना पर्याप्त नहीं है, हालांकि इससे नौकरियाँ भी पैदा होती हैं। इसके बजाय, सैकड़ो -हजारों नौकरियाँ पैदा करने की ज़रुरत है वो भी अच्छी नौकरियाँ। इसके अलावा शिक्षा के निर्माण पर जोर देने, लोगों को बेहतर नौकरियों के लिए तैयार करने के लिए उनका कौशल बढ़ाने की आवश्यकता है तथा ऐसा वातावरण पैदा करना, जिसमें हर एक व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद और राष्ट्र निर्माण में अधिक योगदान दे रहा हो।''

- **राजन ने कहा, रेवड़ी बांटना सच्चा विकास नहीं है, सच्चा विकास है गरीब को अच्छा रोजगार देना।**

आर.बी.आई. के पूर्व गवर्नर ने आगे कहा कि, पिछले 30 सालों में, भारत औसत 6 प्रतिशत की दर से बढ़ा है, लेकिन 2004 से 2014 के दौरान 9 से 10 प्रतिशत के बीच, एक दशक उच्च वृद्धि हुई और अगर देश को एक विकसित राष्ट्र बनना है तो अगले तीन दशकों तक भारत को इसी प्रकार की वृद्धि की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन द्वारा लोकसभा में पेश किए गए केन्द्रीय बजट पर टिप्पणी करने के लिए माफी मांगते हुए रघुराम राजन ने कहा कि, वो अपनी किताब पर ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा, किताब अर्थशास्त्र पर है लेकिन केवल अर्थशास्त्रियों के लिए नहीं है। यह हर व्यक्ति के लिए है, आसान भाषा में हमने कई उदाहरण देने का प्रयास किया है जिन्हें समझना आसान है। हमें उम्मीद है कि, बहुत लोग इसे पढ़ेंगे और साथ में अर्थशास्त्र को भी समझेंगे। उन्हें समझ में आएगा कि ''बेसिक कॉन्सैप्ट्स'' समझने के लिए गहरे अध्ययन की आवश्यकता नहीं है। इस पुस्तक का हिन्दी व तमिल में अनुवाद भी उपलब्ध है।

त्रुटिहीन हिन्दी में बोलते हुए, पूर्व आर.बी.आई. गवर्नर ने कहा, ''हमारी आर्थिक समस्याएं हल करने के लिए हमने वैकल्पिक दृष्टिकोण पेश करने की कोशिश की है।

समाधानों में से एक यह है कि, लोगों के लिए अपेक्षित संख्या में गुणवत्तापूर्ण नौकरियाँ पैदा की जाएं, सर्विस प्रोवाइडर और निर्माता जो नौकरियाँ लाते हैं उनके लिए लोगों में कौशल पैदा किया जाए। हमने किताब में, यह ''कैसे करें'' इस पहलू पर प्रकाश डाला है।

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा, ''अगर हम ऐसा नहीं करते हैं, और पर्याप्त रोजगार पैदा नहीं होते हैं, तो हाथ पर हाथ धरे बैठे युवाओं के कारण अत्यधिक सामाजिक हानि होने की संभावना है।

देखिए मणिपुर में क्या हो रहा है, युवा बेरोजगार हैं, और हर कोई सरकारी नौकरी की लालसा कर रहा है, क्योंकि उन्हें ही अच्छी नौकरी माना जाता है।

इसलिए हमें निजी क्षेत्र में नौकरियों की और अधिक संभावनाएं पैदा करनी चाहिए। लेकिन वहाँ पहुँचने से पहले सर्वोच्च प्राथमिकता और अत्यधिक महत्व, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा तथा कौशल की गुणवत्ता में सुधार लाने का है। सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण है कि, छात्रों की रोजगार क्षमता में सुधार किया जाना चाहिए, और अगर ऐसा नहीं किया गया, तो हम अपने प्रयासों में असफल होते रहेंगे।'' उन्होंने कहा कि, यदि स्कूलों और प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार किया जाए तो बहुत कुछ होगा और इसे मिशन मोड में किया जाना चाहिए। तमिलनाडू और दिल्ली में भी शिक्षा के क्षेत्र में कुछ अच्छी चीज़ें हो रही है।

## विपक्ष ने बजट...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

वो व्यर्थ है, भाजपा सरकार ने जनविरोधी बजटों का एक दशक पूरा करके शर्मनाक रिकार्ड बनाया है। जो कभी भी नहीं टूटेगा क्योंकि अब सकारात्मक सरकार आने का समय है यह भाजपा का विदाई बजट है।''

नेशनल कॉन्फ्रेन्स के फारूख अब्दुल्लाह ने कहा कि वास्तविक बजट जुलाई में आएगा। हमें उम्मीद है कि लोगों को फायदा होगा, पर्यटन व उद्योग में वृद्धि होगी। देश का विकास होगा। सांसद दानिश अली ने कहा बजट में कुछ भी नया नहीं है। द्रमुक नेता दयानिधि मारन ने कहा कि कोई बदलाव नहीं हुआ है लोग पहले से ही निराश हैं। आज सांसद स्वाति मालीवाल ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि देश में महंगाई व बेरोजगारी अपने चरम पर है।


तीये की बैठक

हमारी पूजनीय



श्रीमती इन्दर कँवर

दिनांक 31 जनवरी 2024 को अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण कर प्रभु चरणों में विलीन हो गई हैं।

तीये की बैठक दिनांक 2 फरवरी 2024 को सांय 3:00 से 4:00 बजे तक निज निवास पर होगी।

शोकाकुल

डॉ. अमर सिंह राठौड़ (पति)

निदेशक (सेवानिवृत्त) सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय,

अनु- राजेन्द्र (पुत्री- दामाद), रचना- राजेश (पुत्री- दामाद),

उत्कर्षा, अभिषेक, शानवी (दौहित्र, दौहित्री)।

मो.- 9829036513

निवास:

एस- 134, गेट नं. 4, महावीर नगर, गोपालपुरा पुलिया के पास, टोंक रोड, जयपुर।


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908